जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

## Rashtradoot

जयपुर, सोमवार 23 दिसम्बर, 2024



## विचार बिन्दु

जो गरीबों पर दया करता है, वह अपने कार्य से ईश्वर को ऋणी बनाता है।
–बाइबल

# हमारे पढ़ने-लिखने की सुविधा पर यह वज्राघात!

हम भारतीयों के जीवन में डाक व्यवस्था का बहुत महत्व रहा है। बॉलीवुड के गानों में 'डाकिया डाक लाया' और राजस्थानी लोक गीतों में 'डाक्या रे तू कागद लिख दे' जैसे गीत हमारे जीवन में इसकी ख़ास जगह को रेखांकित करते हैं। हममें से ज़्यादातर लोग भले ही इसके इतिहास से परिचित न हों, अपने बीते जीवन के बहुत बड़े हिस्से में हम सुबह-शाम (तब डाक दो समय बंटा करती थी) डाकिये का इंतज़ार करते रहे हैं। मशहूर शायर निदा फ़ाज़ली ने क्या खूब लिखा है – "सीधा-सादा डाकिया जादू करे महान/ एक ही थैले में भरे आंसू और मुस्कान।" डाकिये की बात करेंगे तो चिट्ठी का ज़िक्र भला कैसे नहीं आएगा? 1986 में बनी फ़िल्म 'नाम' में पंकज उधास के गाए एक गीत–"चिट्ठी आई है आई है आई है चिट्ठी आई है, बड़े दिनों के बाद वतन से चिट्ठी आई है...." (आनंद बख़्शी) ने हर सुनने वाले की आंखों को नम किया है। हमें अपने जीवन की सारी अच्छी-बुरी ख़बरें चिट्ठी और डाक के माध्यम से ही मिली हैं। लेकिन आहिस्ता-आहिस्ता समय बदला और हमारे जीवन से डाक की अहमियत घटती चली गई। इसमें काफी बड़ा योगदान तकनीक का भी था। चिट्ठी की जगह ई मेल, और टेलीफ़ोन-मोबाइल ने ले ली। लम्बी और भावपूर्ण चिट्ठियों का ज़माना अतीत हुआ और उनकी जगह काम चलाऊ संदेशों और उनके बाद इमोजी ने ले ली। लेकिन डाक पूरी तरह हमारे जीवन से लुप्त नहीं हुई। क्या हुआ जो हमने किसी को चिट्ठी नहीं लिखी या किसी की चिट्ठी का इंतज़ार हमें नहीं रहा, किताबों पत्र-पत्रिकाओं के वाहक रूप में तो डाक व्यवस्था फिर भी हमारे लिए ज़रूरी बनी रही, और आगे भी बनी रहेगी।

भारतीय डाक विभाग की वेबसाइट पर उपलब्ध जानकारी के अनुसार हमारा डाक विभाग 1,56,600 डाकघरों के साथ विश्व का विशालतम डाक नेटवर्क है। इसकी शुरुआत 1727 में कलकत्ता में पहले डाकघर की स्थापना के साथ हुई थी। इसके बाद कुछ और डाकघर स्थापित हुए और फिर तत्कालीन डाकघरों में एकरूपता लाने के उद्देश्य से भारतीय डाकघर अधिनियम, 1837 बनाया गया। इसके बाद एक और अधिक व्यापक भारतीय डाकघर अधिनियम, 1854 बनाया गया। इस अधिनियम ने समूची डाक प्रणाली में सुधार किया। माना जाता है कि भारत में वर्तमान डाक प्रणाली इसी अधिनियम के साथ अस्तित्व में आई। डाक विभाग द्वारा प्रदत्त जानकारी के अनुसार (जो कुछ पुरानी है) भारत में एक डाकघर औसतन 8511 व्यक्तियों को सेवा प्रदान करता है और एक डाकघर द्वारा औसतन 20.99 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र की सेवा की जाती है।

डाक व्यवस्था का संचालन लाभ कमाने के उद्देश्य से नहीं किया जाता है। यह संचार और शिक्षा का एक सर्व सुलभ और कम खर्च वाला माध्यम है। चाहे बाद में टेलीफोन, मोबाइल, ईमेल और कूरियर जैसे अनेक वैकल्पिक माध्यम हमें सुलभ हो गए हों, आज भी सरकारी डाक माध्यम देश की बहुत बड़ी आबादी का एकमात्र संबल हैं। लेकिन जैसा देश के अन्य बहुत सारे कल्याणकारी कामों के साथ हो रहा है, हमारी सरकारें आहिस्ता-आहिस्ता इनसे अपने हाथ खींच रही हैं। इसके पीछे असल मकसद अपनी ज़िम्मेदारी से हटने का है या निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने का, इस पर तो बहुत सारी चर्चाएं होती हैं और की जा सकती हैं, इस बात को नकारना संभव नहीं होगा कि चाहे शिक्षा हो, दूर संचार हो, चिकित्सा हो, पेयजल हो या डाक व्यवस्था हो हमने सार्वजनिक क्षेत्र को निजी क्षेत्र के हाथों पराजित होते हुए देखा है। अगर केवल डाक व्यवस्था की बात करें तो पहले दो समय बंटने वाली डाक को एक समय में और वह भी कभी-कभार तक सिमटते हुए हमने देखा है। हमारे डाकघर बदहाली और विपन्नता के नमूने हैं। डाकियों की भर्ती नहीं होने के कारण कार्यरत डाकियों के क्षेत्र में इतना विस्तार होता जा रहा है कि उस की सेवा करना उनके लिए नामुमकिन होता है। और जैसे इतना ही पर्याप्त न हो, सरकार अलग-अलग तरह से विद्यमान डाक सेवाओं पर भी कोड़े चला रही है।

**डाक व्यवस्था का मज़बूत होना आवश्यक है, यह भी आवश्यक है उसकी दरें जनता की भुगतान क्षमता के अनुरूप हों। बल्कि दरें कम करके लोगों की पढ़ने-लिखने की रुचि को और बढ़ाया जा सकता है। अगर मुझे बहुत कम डाक व्यय में कोई किताब मिलेगी तो मैं उसे मंगवाने में तनिक भी नहीं झिझकूंगा, लेकिन अगर मुझे दो सौ रुपये मुद्रित मूल्य वाली किताब पर भी दो सौ सोलह रुपये डाक व्यय देना होगा तो क्या मैं उस किताब को मंगवाने की हिम्मत करूंगा?**

ताज़ा प्रसंग यह है कि हमारे डाकघरों ने अब रजिस्टर्ड प्रिंटेड बुक्स के पैकेट लेना बंद कर दिया है। जिन्हें जानकारी न हो उन्हें बता दूं कि भारतीय डाक विभाग पोस्ट कार्ड, अंतर्देशीय पत्र और लिफाफों के रूप में चिट्ठियां भेजने के अतिरिक्त रजिस्टर्ड और अन रजिस्टर्ड पैकेट्स के रूप में मुद्रित पुस्तकें और पत्रिकाएं भेजने की सुविधा भी देता रहा है। इस सुविधा के चलते लगभग पचास साठ रुपये में पांच किलो तक वज़न की पुस्तकें आदि मुद्रित सामग्री भेजी जा सकती थी। यह सुविधा पढ़ने-लिखने वालों के लिए अत्यधिक उपयोगी थी। हम लोग किताबें पत्र-पत्रिकाएं आदि इसी सुविधा के अंतर्गत मंगाते-भेजते रहे हैं। यह सुविधा किसी व्यावसायिक हित के लिए नहीं अपितु शिक्षा और ज्ञान के प्रसार के लिए दी जाने वाली सुविधा है जो किसी भी समझदार सरकार का दायित्व है। कुछ समय पहले हमारी सरकार की नज़र इस सुविधा पर गई और उसने इस पर जीएसटी लगा कर इसे पचास साठ से बढ़ाकर पैंसठ-सत्तर रुपये तक पहुंचा दिया। यहीं यह बताता चलूं कि मुद्रित (प्रिंटेड) बुक्स वाली इस सुविधा में यह ज़रूरी था कि पैकेट को एक तरफ से खुला रखा जाए ताकि विभाग यह देख सके कि उसमें छपी हुई पुस्तकें ही हैं। लेकिन अब एक सरकारी आदेश से 17 नवंबर 2024 से रजिस्टर्ड प्रिंटेड बुक्स सर्विस और रजिस्टर्ड पैटर्न एण्ड सेंपल सर्विस – इन दोनों सेवाओं को समाप्त कर दिया गया है। इसी क्रम में रजिस्टर्ड बुक पैकेट का नाम बदल कर बुक पोस्ट कर दिया गया है। इस बदलाव का परिणाम यह हुआ है कि अब एक तरफ से खुले पैकेट में मुद्रित सामग्री भेजने की सुविधा ख़त्म हो गई है। अब अगर किसी को कोई किताब भी भेजनी है तो उसे बंद पैकेट में ही भेजा जा सकेगा और उसके लिए पहले से बहुत अधिक डाक व्यय खर्च करना होगा। अधिक का अनुमान इस बात से लगा लें कि पहले जो किताब पैंसठ सत्तर रुपये में भेजी जा सकती थी अब उसके लिए मात्र दो सौ सोलह रुपये खर्च करने होंगे। पांच सौ ग्राम तक के रजिस्टर्ड पार्सल पैकेट का न्यूनतम डाक व्यय भी अब छियालीस रुपये होगा। इसका आशय यह है कि एक पैम्फलेट भेजने के लिए भी छियालीस रुपये तो खर्च करने ही होंगे।

इस बदलाव का प्रतिकूल असर सीधे पढ़ने-लिखने वाले लोगों पर पड़ेगा। हमारे यहां पत्रिकाओं व पुस्तकों की सुलभता वैसे ही कम है। जिन्हें पढ़ने लिखने में रुचि है वे उन्हें प्राप्त करने के लिए डाक व्यवस्था पर ही निर्भर रहते हैं। डाक व्यय बढ़ने का उन पर क्या प्रभाव पड़ेगा – यह बताने की ज़रूरत नहीं है। इस बदलाव का सीधा शिकार वे छोटे प्रकाशक भी होंगे जो जैसे-तैसे करके ज्ञान और विचार का प्रसार करने में अपना यत्किंचित योगदान करते रहे हैं। उनके लिए यह बढ़ा हुआ व्यय भार वहन करना बहुत कठिन होगा।

एक जन कल्याणकारी सरकार से यह उम्मीद करना अनुचित नहीं है कि वह हर संभव प्रयास करके अपने नागरिकों का जीवन सुगम और बेहतर बनाए। जीवन सुगम बनाने के लिए जहां बिजली पानी सड़क जैसी सुविधाएं प्रदान की जाती हैं वहीं उसे बेहतर बनाने के लिए शिक्षा और संचार की सुविधाएं प्रमुख होती हैं। डाक व्यवस्था उन सुविधाओं में अग्रणी है। किताब और अन्य पाठ्य सामग्री आसानी से और कम खर्च करके एक से दूसरी जगह भेजी जा सके इसके लिए न केवल डाक व्यवस्था का मज़बूत होना आवश्यक है, यह भी आवश्यक है उसकी दरें जनता की भुगतान क्षमता के अनुरूप हों। बल्कि दरें कम करके लोगों की पढ़ने-लिखने की रुचि को और बढ़ाया जा सकता है। अगर मुझे बहुत कम डाक व्यय में कोई किताब मिलेगी तो मैं उसे मंगवाने में तनिक भी नहीं झिझकूंगा, लेकिन अगर मुझे दो सौ रुपये मुद्रित मूल्य वाली किताब पर भी दो सौ सोलह रुपये डाक व्यय देना होगा तो क्या मैं उस किताब को मंगवाने की हिम्मत करूंगा?

कहना अनावश्यक है कि सरकार का यह निर्णय सीधे हमारे पढ़ने के अधिकार पर कुठाराघात है। अगर आपकी भी रुचि पढ़ने लिखने में है, अगर आप भी चाहते हैं कि हम अज्ञान के अंधकार से निकल कर ज्ञान से आलोकित दुनिया में आएं तो हमें सरकार से उसके इस प्रतिगामी निर्णय पर पुनर्विचार करने का पुरज़ोर आग्रह करना चाहिए। सरकारें हर काम लाभ के लिए नहीं करती हैं। उसे बहुत सारे काम जन कल्याण को ध्यान में रखकर भी करने होते हैं। हम सबको उससे आग्रह करना चाहिए कि वह पुस्तकों आदि के प्रेषण के लिए बढ़ाई गई डाक दरों को वापस ले। केवल इतना ही नहीं, हमारा आग्रह डाक व्यवस्था को और अधिक दक्ष व बेहतर बनाने का भी होना चाहिए।

**–अतिथि संपादक,**
**डॉ. दुर्गाप्रसाद अग्रवाल**
**( शिक्षाविद और साहित्यकार )**

# रूसी कैंसर वैक्सीन: एक नई उम्मीद?



अशोक कुमार

कैंसर एक ऐसी बीमारी है जिसमें शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित रूप से बढ़ने लगती हैं और फैलने लगती हैं। ये कोशिकाएं सामान्य कोशिकाओं की तुलना में बहुत तेजी से बढ़ती हैं और आसपास के स्वस्थ ऊतकों को नुकसान पहुंचा सकती हैं।

भारत में कैंसर एक गंभीर स्वास्थ्य चुनौती है। देश की बढ़ती आबादी और बदलते जीवनशैली के कारण कैंसर के मामलों में लगातार वृद्धि हो रही है। भारत में सबसे आम कैंसर के प्रकारों में फेफड़े का कैंसर, मुंह का कैंसर, पेट का कैंसर और स्तन कैंसर शामिल हैं। इन कैंसरों के प्रमुख कारणों में तंबाकू का सेवन, शराब का सेवन, अस्वस्थ आहार, शारीरिक गतिविधि की कमी और प्रदूषण शामिल हैं। तले हुए खाद्य पदार्थों, अधिक चीनी और वसा वाले खाद्य पदार्थों का सेवन कैंसर के खतरे को बढ़ा सकता है। नियमित व्यायाम न करने से मोटापा बढ़ता है जो कई प्रकार के कैंसर के खतरे को बढ़ाता है।वायु प्रदूषण, जल प्रदूषण और ध्वनि प्रदूषण कैंसर के विकास में भूमिका निभा सकते हैं। कुछ प्रकार के कैंसर परिवारों में चल सकते हैं। कैंसर के उपचार के तरीके कैंसर के प्रकार, उसके चरण और व्यक्ति के समठा स्वास्थ्य पर निर्भर करते हैं। कुछ सामान्य उपचार विकल्पों में शामिल हैं: ट्यूमर को हटाने के लिए सर्जरी की जाती है। कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए दवाओं का उपयोग किया जाता है। विकिरण का उपयोग कैंसर कोशिकाओं को नष्ट करने के लिए किया जाता है। कैंसर कोशिकाओं में विशिष्ट परिवर्तनों को लक्षित करने वाली दवाओं का उपयोग किया जाता है। लेकिन अभी तक कैंसर रोग के निदान के लिए कोई वैक्सीन नहीं बन पायी है।

रूस ने हाल ही में कैंसर के इलाज के लिए एक नई वैक्सीन विकसित करने का दावा किया है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने जानकारी दी है कि उसने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। रूसी न्यूज एजेंसी TASS के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा। कैंसर की ये वैक्सीन mRNA टेक्नोलॉजी पर आधारित है।

कैंसर जैसी घातक बीमारी के इलाज में रूस को बड़ी सफलता मिली है। रूस ने कैंसर के खिलाफ एक वैक्सीन बनाने में कामयाबी हासिल की है, और इसे सदी की सबसे बड़ी खोज के रूप में देखा जा रहा है। रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर ने इस उपलब्धि की जानकारी साझा की है। रूसी न्यूज एजेंसी TASS के मुताबिक, यह वैक्सीन अगले साल से रूस के नागरिकों को मुफ्त में उपलब्ध कराई जाएगी।

यह वैक्सीन mRNA तकनीक पर आधारित है, जो कैंसर के खिलाफ अपनी तरह की पहली वैक्सीन है। mRNA वही तकनीक है, जिसने कोरोना वैक्सीन को मुमकिन बनाया था। रूसी अधिकारियों का कहना है कि 2025 की शुरुआत तक इस वैक्सीन को लॉन्च कर दिया जाएगा। मगर आखिर mRNA तकनीक क्या है, इससे जुड़े खतरे और फायदे क्या है।

**mRNA तकनीक का मूल सिद्धांत**

**व्यक्तिगतकृत उपचार:** mRNA वैक्सीन को प्रत्येक रोगी के ट्यूमर के विशिष्ट आनुवंशिक प्रोफाइल के आधार पर बनाया जाता है। mRNA जो कि कोशिकाओं को प्रोटीन बनाने के लिए निर्देश देता है, को इस तरह से डिजाइन किया जाता है कि शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को कैंसर कोशिकाओं को पहचानने और उन पर हमला करने के लिए प्रेरित किया जा सके।

**वैक्सीन निर्माण की प्रक्रिया**

ट्यूमर बायोप्सी: सबसे पहले, रोगी के ट्यूमर का एक नमूना लिया जाता है।

**आनुवंशिक विश्लेषण:** इस नमूने का विस्तृत आनुवंशिक विश्लेषण किया जाता है ताकि ट्यूमर कोशिकाओं में मौजूद विशिष्ट उत्परिवर्तन (mutations) की पहचान की जा सके। इन उत्परिवर्तनों के आधार पर, एक विशेष प्रकार का mRNA डिजाइन किया जाता है। यह mRNA शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली को इन उत्परिवर्तनों को एक खतरे के रूप में पहचानने के लिए प्रेरित करता है। इस डिजाइन किए गए mRNA को एक वैक्सीन में शामिल किया जाता है। इस वैक्सीन को फिर रोगी को इंजेक्ट किया जाता है।

**शरीर में क्या होता है?**

जब वैक्सीन शरीर में प्रवेश करती है, तो शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली mRNA द्वारा कोडित प्रोटीन को एक विदेशी पदार्थ के रूप में पहचानती है। शरीर इस विदेशी पदार्थ के खिलाफ एंटीबॉडी उत्पन्न करता है। ये एंटीबॉडी कैंसर कोशिकाओं को ढूंढती हैं और उन पर हमला करती हैं, जिससे उनकी मृत्यु हो जाती है।

**इस तकनीक के फायदे– व्यक्तिगतकृत उपचार:** प्रत्येक रोगी के लिए एक अद्वितीय वैक्सीन, जिससे उपचार अधिक प्रभावी हो सकता है। पारंपरिक कीमोथेरेपी की तुलना में कम दुष्प्रभाव। वैक्सीन केवल कैंसर कोशिकाओं को लक्षित करती है, स्वस्थ कोशिकाओं को नुकसान पहुंचाने की संभावना कम होती है।

**चुनौतियाँ और भविष्य–** हालांकि यह तकनीक बहुत आशाजनक है, लेकिन अभी भी कुछ चुनौतियाँ हैं, जैसे कि: प्रत्येक वैक्सीन को व्यक्तिगत रूप से बनाया जाता है, जिससे इसकी लागत काफी अधिक हो सकती है। अभी तक इस तकनीक के दीर्घकालिक प्रभावों के बारे में पूरी तरह से जानकारी नहीं है।

जानकारी के मुताबिक इस वैक्सीन को कई रिसर्च सेंटर्स की मदद से विकसित किया गया है। ये वैक्सीन कैंसर के मरीजों के इलाज के लिए इस्तेमाल की जाएगी। रूस ने ये भी साफ किया है कि इस वैक्सीन को ट्यूमर बनने से रोकने के लिए आम जनता को मुहैया नहीं कराया जाएगा। मानें वैक्सीन का इस्तेमाल इलाज में किया जाएगा ना कि रोकथाम के लिए। रूस मे वैक्सीन के प्री-क्लिनिकल ट्रायल्स से पता चला है कि ये ट्यूमर को बढ़ने और संभावित मेटास्टेसिस को दबाता है। हालांकि अभी तक ये तय नहीं हुआ है कि इस वैक्सीन का नाम क्या होगा। इसके साथ ही ये भी क्लियर नहीं है कि वैक्सीन किस कैंसर के इलाज के लिए बनाया गई है। साथ ही ये कितनी प्रभावी है या रूस इसे किस तरह लागू करने की प्लानिंग कर रहा है, इसके बारे में भी जानकारी नहीं है।

**निष्कर्ष:–** mRNA तकनीक के द्वारा बनाई गई वैक्सीन कैंसर के उपचार में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। यह तकनीक कैंसर के रोगियों को अधिक प्रभावी और व्यक्तिगत उपचार प्रदान करने की क्षमता रखती है। हालांकि, इस तकनीक को व्यापक रूप से उपलब्ध कराने के लिए अभी भी कई चुनौतियों का सामना करना होगा। वैक्सीन के नाम पर अभी कोई मुहर नहीं।


**–अशोक कुमार,**
**पूर्व कुलपति कानपुर, गोरखपुर विश्वविद्यालय, विभागाध्यक्ष राजस्थान विश्वविद्यालय जयपुर**

# नवोन्मेष फाउंडेशन के वैचारिक महाकुंभ "टॉक फेस्ट" का आयोजन

**जयपुर।** नवोन्मेष फाउंडेशन, जयपुर का वैचारिक महाकुंभ "टॉक फेस्ट" रविवार को आमेर के होटल में संपन्न हुआ। राज्यपाल हरिभाउ बागड़े ने कार्यक्रम का उद्घाटन किया। चार सत्रों में सम्पन्न हुए कार्यक्रम का उद्घाटन राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागड़े ने किया और उद्घाटन सत्र सक्सेस को संबोधित भी किया। इस सत्र की अध्यक्षता पूर्व सांसद रामचरण बोहरा ने की और संचालन नवोन्मेष के समन्वयक युगल किशोर शर्मा ने किया। इस अवसर पर एक प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया।

सनातन 2047 की थीम पर आयोजित इस कार्यक्रम में "सक्सेस मंत्रसनातन, नारायणीसनातन, सनातन 2047 और भारत द ग्लोबल लीडर 2047" सत्र हुए। प्रथम सत्र का संचालन महेन्द्र शर्मा ने किया तथा प्रखर वक्ता कपिल मिश्रा और शिक्षक राजवीर सिंह चलकोई ने संबोधित किया। द्वितीय सत्र संचालन संगीता प्रणवेन्द्र शर्मा ने किया तथा न्यूज एंकर रूबिका लियाकत, लेखिका शैफाली वैद्य एवं सहायक प्रोफेसर डॉ. अनामिका पूनियां ने संबोधित किया।

तृतीय सत्र का संचालन शिवशंकर शर्मा ने किया तथा आध्यात्मिक गुरु स्वामी दीपांकर, अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय एवं दलित चिंतक गुरुप्रकाश पासवान ने संबोधित किया और अध्यक्षता एसएस अग्रवाल ने की। चतुर्थ सत्र का संचालन पत्रकार प्रताप राव ने किया। सामाजिक नेता एवं लेखक राम माधवन ने संबोधित किया और अध्यक्षता युगल किशोर शर्मा ने की।




**नवोन्मेष फाउंडेशन, जयपुर के वैचारिक महाकुंभ ''टॉक फेस्ट'' को वक्ताओं ने संबोधित किया।**

प्रथम सत्र को संबोधित करते हुए कपिल मिश्रा ने बताया कि सनातन की सफलता तभी कहलाएगी जब कोई सनातनी भूखा न सोए, हमारी बहिन बेटियां सुरक्षित रहें। अभी मस्जिद खोदकर मंदिर ढूंढने पर विवाद चल रहा है, लेकिन संभल में तो बिना खोदे ही मंदिर मिल रहा है। कांग्रेस सरकार के शासन में हमें मनगढ़ंत इतिहास पढ़ाया गया। अकबर को महान बताया, लेकिन वास्तविक नायकों को भूला दिया गया। हमें स्वावलंबी युवाओं को प्रेरित करने की आवश्यकता है।

वक्ता शिक्षक राजवीर सिंह ने कहा कि भारत के भूगोल और इतिहास का वास्तविक ज्ञान युवाओं को होना चाहिए। भगवान श्रीराम के शासन का उल्लेख करते हुए बताया कि उन्होंने अपने सीमा की रक्षा के लिए उत्तर पश्चिम सीमा पर विदेशी आक्रांताओं को रोकने के लिए चौकियों की स्थापना की, क्योंकि उन्हें पता था आक्रमण वहीं से हो सकता है। यही कार्य हमारे महान राजाओं ने किया, लेकिन इतिहास को गलत तरीके से लिखकर ऐसे राष्ट्र नायकों को भुलाया जा रहा है। द्वितीय सत्र को संबोधित करते हुए वक्ता शैफाली बैद्य ने बताया कि नारी पर अत्याचार सनातन की प्राचीन अवधारणा में कहीं नहीं था। हम अपनी ऐतिहासिक नायिकाओं को भूल चुके हैं। रुबिका लियाकत ने बताया कि सनातन सबकी परम्परा है। देश की सनातन संस्कृति में नारी का सम्मान दिखाई देता है। सनातन में धन, बुद्धि और ताकत के लिए मां लक्ष्मी, मां सरस्वती और मां दुर्गा की उपासना की जाती है। यह अर्धनारीश्वर का देश है। अहिल्या बाई होलकर की वजह से आज नारी टीका लगा पा रही है। तीर्थ दर्शन कर पा रही है।

अनामिका पूनियां ने कहा कि सनातन में तत्व की चर्चा होती है। सनातन संस्कृति में स्त्री और पुरुष में कोई भेद नहीं है। तृतीय सत्र को संबोधित करते हुए स्वामी दीपांकर ने कहा कि कुंभकर्ण के बाद सबसे अधिक सोया है तो वह हिंदू है, लेकिन अब जागने का समय है और 2047 में सनातन कैसा दिखे इसके लिए आज ही जागरूक होने की आवश्यकता है। अब भारत पर उसी का शासन होना चाहिए जो किसी जाति का नहीं बल्कि 100 करोड़ हिन्दुओं का प्रतिनिधित्व करे।

एडवोकेट अश्विनी उपाध्याय ने बताया कि हम अपनी पहचान एक हिन्दू नहीं बल्कि जाति, समुदाय, क्षेत्र और परंपरा से करते हैं। प्रोफेसर

**■ कार्यक्रम को सामाजिक नेता राममाधव, प्रखर वक्ता कपिल मिश्रा, रूबिका लियाकत एवं स्वामी दीपांकर आदि ने संबोधित किया**

गुरुप्रकाश पासवान ने बताया कि दलितों के अधिकारों के नाम पर कई राजनीतिक पार्टियां सिर्फ अपना और अपने परिजनों का भला कर रही है। ऐसे लोग वैचारिक आतंकवादी है। चतुर्थ और समापन सत्र भारत द ग्लोबल लीडर 2047 का संचालन वरिष्ठ पत्रकार प्रताप राव ने किया, अध्यक्षता युगल किशोर शर्मा ने की और सत्र को सामाजिक नेता राम माधव ने संबोधित करते हुए स्वामी विवेकानंद और महर्षि अरविंद को कोट करते हुए कहा कि प्रत्येक राष्ट्र को अपने अस्तित्व की रक्षा के लिए एक लक्ष्य निर्धारित करना होता है। भारत का भी एक लक्ष्य था, हमें उसे समझकर आगे बढ़ना था। इस लक्ष्य को जानने वाले जीवित नहीं रहे, इसलिए हम आजादी के बाद गलत राह पर चल पड़े। इसका परिणाम यह हुआ कि भारत अपने लक्ष्य की प्राप्ति में पिछड़ गया। भारत के साथ आजाद हुए या अस्तित्व में आए जापान, इजराइल, चीन आज विकसित राष्ट्र हैं। उन्होंने कहा कि 1947 में विकसित भारत लिए संगठित भारत, शक्तिशाली भारत, समृद्ध भारत बनाना जरूरी है। इस दौरान राम माधव ने शिव शंकर शर्मा द्वारा लिखित पुस्तक दिग्विजय हिंदुत्व का विमोचन भी किया।

# राज्य के उच्च माध्यमिक स्कूलों को नए साल में व्याख्याता मिलेंगे

**बीकानेर,** (निसं)। राज्य के उच्च माध्यमिक स्कूलों में पढ़ने वाले 11वीं व 12वीं के विद्यार्थियों को नए साल की शुरुआत के साथ ही व्याख्याता मिल जाएंगे। माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने वर्ष 2021-22 और 2022-23 की डीपीसी में पदोन्नत हुए 10515 लेक्चरर की पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित कर दिया है। काउंसलिंग की प्रक्रिया 24 दिसंबर से 15 जनवरी तक चलेगी। पदोन्नत व्याख्याता के पोस्टिंग आदेश 15 जनवरी को घोषित किए जाएंगे। इससे पूर्व 24 दिसंबर को काउंसलिंग के लिए अस्थाई वरीयता सूची जारी होगी।

अस्थाई वरीयता सूची पर संबंधित शिक्षक आपत्ति होने पर 31 दिसंबर तक अपनी आपत्ति ऑनलाइन दर्ज कर सकेंगे। आपत्तियों का निस्तारण कर 6 जनवरी को अंतिम वरीयता सूची और काउंसलिंग में शामिल होने वाले रिक्त पदों जारी किए जाएंगे। पदोन्नत व्याख्याता 7 जनवरी से 10 जनवरी तक ऑनलाइन स्कूलों का चयन एवं ऑप्शन लॉक कर सकेंगे।

**■ पदोन्नत व्याख्याता 7 से 10 जनवरी तक ऑनलाइन स्कूलों का चयन एवं ऑप्शन लॉक कर सकेंगे**

**■ वर्ष 2021-22 और 2022-23 की डीपीसी में पदोन्नत हुए 10515 लेक्चरर की पोस्टिंग के लिए ऑनलाइन काउंसलिंग का शेड्यूल घोषित किया**

पदोन्नत लेक्चरर की ओर से दिए गए विकल्पों के आधार पर 13 जनवरी को रिजल्ट तैयार किया जाएगा। 15 जनवरी को संबंधित लेक्चरर के पदस्थापन आदेश जारी होंगे।

ऑनलाइन काउंसलिंग का कैलेंडर घोषित करने के साथ ही माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने पदोन्नत व्याख्याता के यथास्थान कार्यग्रहण करने की अंतिम तिथि में भी आगामी आदेशों तक बढ़ोतरी कर दी है। पूर्व में पदोन्नत व्याख्याता को 23 दिसंबर तक वर्तमान स्थान पर कार्य ग्रहण करने के निर्देश दिए गए थे। बीकानेर माध्यमिक शिक्षा निदेशालय ने वर्ष 2023-24 की डीपीसी में चयनित डिप्टी डीईओ फिजिकल की ऑनलाइन काउंसलिंग का शिड्यूल भी घोषित कर दिया है। डीपीसी में 24 डिप्टी डीईओ फिजिकल का चयन हुआ है। पोस्टिंग के लिए यह शिक्षा अधिकारी 8-9 जनवरी को ऑनलाइन स्कूलों का चयन व ऑप्शन लॉक कर सकेंगे। इनके पदस्थापन आदेश 10 जनवरी को जारी किए जाएंगे।

## राशिफल



पंडित अनिल शर्मा

**सोमवार 23 दिसम्बर, 2024**

पौष मास, कृष्ण पक्ष, अष्टमी तिथि, सोमवार, विक्रम संवत 2081, उत्तरा फाल्गुनी नक्षत्र प्रातः 9:09 तक, सौभाग्य योग सायं 7:54 तक, कौलव करण सायं 4:08 तक, चन्द्रमा आज कन्या राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-धनु, चन्द्रमा-कन्या, मंगल-कर्क, बुध-वृश्चिक, गुरू-वृष, शुक्र-मकर, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** अमृत सूर्योदय से 8:34 तक, शुभ 9:51 से 11:08 तक, चर 1:43 से 3:00 तक। लाभ-अमृत 3:00 से सूर्यास्त तक।

**राहूकाल:** 7:30 से 9:00 तक। सूर्योदय 7:17, सूर्यास्त 5:35

**मेष**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य अच्छा रहेगा। परिवार में चल रहे आपसी वाद-विवाद समाप्त होंगे।

**वृष**
व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। आय में वृद्धि होगी।

**मिथुन**
घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्य के लिए यात्रा संभव है। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**कर्क**
मित्रों/रिश्तेदारों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। आज परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**सिंह**
आर्थिक मामलों में परेशानी हो सकती है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। नौकरीपेशा व्यक्तियों को महत्वपूर्ण अतिरिक्त जिम्मेदारी मिल सकती है।

**कन्या**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। अटका हुआ धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है।

**तुला**
घर-गृहस्थी के खर्चों में अनावश्यक वृद्धि हो सकती है। पारिवारिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। महत्वपूर्ण मामलों में दुविधा बनी रहेगी।

**वृश्चिक**
आर्थिक/वित्तीय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। व्यावसायिक कार्यों से संबंधित आर्थिक समस्या का समाधान हो सकता है।

**धनु**
व्यावसायिक कार्यों को प्राथमिकता से करने का प्रयास करें। व्यावसायिक कार्य शीघ्रता/सुगमता से बनने लगेंगे। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। स्वास्थ्य ठीक रहेगा।

**मकर**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। शुभ कार्य के लिए यात्रा संभव है। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता बनी रहेगी।

**कुंभ**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। नवीन कार्यों को टालना ठीक रहेगा। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। बनते कार्य बिगड़ सकते हैं। यात्रा टालना ठीक रहेगा।

**मीन**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। व्यावसायिक प्रयासों में ऊचित सफलता मिल

फोनः-4103333, 2362400 फैक्सः-0141-2373513 वर्षः 75 संख्याः 142 प्रभात जयपुर, सोमवार 23 दिसम्बर, 2024 डाक पं.सं. जयपुर सिटी/001/2021-23 पृष्ठ 8 मूल्य 2.75 रु.

जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

epaper.rashtradoot.com

# राष्ट्रदूत
Metro
Rashtradoot

ARBiT



**Veterans Run And Who Are They?** Who are these men who March so proud; Who quietly weep, eyes closed, head bowed; These are the men who once were boys, Who missed out on youth and all its joys...

**How To Wear a Beanie**

**Caregiver's well-being declines over time**

# सुप्रीम कोर्ट ने गहलोत के नज़दीकी कल्पतरू ग्रुप की कंपनियों के खिलाफ फैसला सुनाया और उनकी याचिका खारिज की

## इस फैसले के अनुसार अब वेयर हाऊसिंग कॉरपोरेशन को इन कंपनियों को अतिरिक्त पैसा देने की आवश्यकता नहीं है और आर्बिट्रेशन में इसी मामले पर चल रहे विवाद का निस्तारण अनुबंधन की शर्तों के अनुसार ही हो सकता है

-यादवेन्द्र शर्मा-

जयपुर, 22 दिसंबर। सुप्रीम कोर्ट ने श्री शुभम लॉजिस्टिक की अवमानना याचिका खारिज करते हुए राजस्थान राज्य भंडारण निगम के पक्ष में फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा है कि भंडारण निगम ने 8 करोड़ रु. का जो आंशिक भुगतान इस कंपनी को किया है, वह पर्याप्त है, अब इसके अतिरिक्त एक पैसा भी देने की आवश्यकता नहीं है। शीर्ष अदालत ने श्री शुभम लॉजिस्टिक को फटकार लगाते हुए कहा कि, उन्हें भंडारण निगम से भुगतान की राशि प्राप्त करने के लिए बकाया बैंक गारंटी भी देनी होगी और अनुबंध की अन्य शर्तों को भी पूरा करना पड़ेगा। आर्बिटेशन में लंबित विवाद का निस्तारण अनुबंध और उसकी शर्तों के आधार पर होगा।

ज्ञात रहे कि पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के करीबी कल्पतरू ग्रुप की कंपनी श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कोमोडिटीज़ को वर्ष 2020 में राज्य भंडारण निगम के 71 गोदामों के संचालन व रखरखाव का ठेका दिया गया था। इन दोनों कंपनियों द्वारा लगातार

- **वर्ष 2020 में वेयर हाऊसिंग कॉरपोरेशन ने, उनके 71 गोदामों के संचालन व रख रखाव का ठेका इन कंपनियों को दिया था। इन कंपनियों पर ठेके की शर्तों के उल्लंघन, जैसे गोदामों में रखी फसलों का बीमा कराना, सरकारी कर्मचारियों से गोदामों की व्यवस्था आदि के लिए काम लेना, आदि के कारण वेयर हाऊसिंग कॉरपोरशन ने इन कंपनियों पर आर्बिट्रेशन में चल रहे मामले में 202 करोड़ रूपए का क्लेम किया हुआ है।**
- **दूसरी ओर कंपनियों ने कॉरपोरेशन पर लगभग 70 करोड़ रूपए का काउंटर क्लेम किया है।**
- **जैसा कि विदित है कृषि मंत्री किरोड़ी लाल मीणा ने इसी वर्ष मई में एक पत्र में कहा था कि ''गहलोत के करीबी'', इन कंपनियों के संचालकों ने लगभग 150 करोड़ रूपयों का घोटाला किया है। कृषि मंत्री ने अपने आरोपों को सिद्ध करने के लिए नियंत्रक और महालेखा परीक्षक की रिपोर्ट को भी उद्धृत किया था।**
- **शुभम् लॉजिस्टिक ने सुपीम कोर्ट में कॉरपोरेशन से 15 करोड़ रूपये +2 करोड़ रूपये ''रनिंग बिल्स'' (सितम्बर 2024 से) के भुगतान करवाने की गुहार की थी जो लगभग 23 करोड़ रूपये होता, परन्तु सुप्रीम कोर्ट ने कॉरपोरेशन द्वारा किये गये 8 करोड़ रूपये के आंशिक भुगतान को ही उचित माना और कंपनी की याजिका को खारिज कर दिया।**

पिछले 5 सालों से निविदा की शर्तें, जैसे करोड़ों रु. की कृषि उपज का बीमा नहीं कराने, बैंक गारंटी नहीं चुकाने, सरकारी कर्मचारियों का इस्तेमाल करने, कृषि उपज के रखरखाव में लापरवाही, कीटनाशक नहीं छिड़कने और गोदामों को भराव क्षमता की 70 प्रतिशत से कम उपयोग में लेकर राजस्थान सरकार को करोड़ों रु. का नुकसान पहुंचाया गया और शुभम लॉजिस्टिक पर भारी गबन का आरोप भी लगाया।

इस मामले में कृषि मंत्री किरोड़ीलाल मीणा ने गत 16 मई 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# राहुल गाँधी को बरेली न्यायालय ने तलब किया

बरेली, 22 दिसंबर। कांग्रेस नेता सांसद राहुल गांधी के आर्थिक सर्वेक्षण संबंधी बयान को लेकर बरेली जिला एवं सत्र न्यायालय ने उन्हें नोटिस जारी किया। कोर्ट सुनवाई के लिए 7 जनवरी 2025 तारीख तय हुई है।

जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर कुमार ने कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के विरुद्ध फौजदारी निगरानी स्वीकार कर सुनवाई करते हुए नोटिस भेजकर तलब किया है।

बरेली सुभाषनगर निवासी, अखिल भारतीय हिंदू महासंघ मंडल अध्यक्ष पंकज पाठक ने अधिवक्ता

- **बरेली व जिला न्यायालय ने आर्थिक सर्वेक्षण पर राहुल गाँधी के बयान पर 7 जनवरी को उन्हें सुनवाई का नोटिस दिया।**

वीरेंद्र पाल गुप्ता और अनिल द्विवेदी के माध्यम से राहुल गांधी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए एमएलए - एमपी कोर्ट /सीजेएम कोर्ट में अर्जी दी थी। इसे कोर्ट ने 27 अगस्त को निरस्त कर दिया था। इस आदेश को चुनौती देते हुए सैशन कोर्ट में रिवीजन फाइल की गई।

अधिवक्ता वीरेंद्र पाल गुप्ता ने बताया कि राहुल गांधी राजनीतिक लाभ के लिए वर्ग विद्वेष की भावना पैदा कर रहे हैं। कांग्रेस को सत्ता में लाने की ललक में जानबूझकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के मन में शत्रुता, घृणा और वैमनस्य की भावना फैलाने का प्रयास किया है। राहुल के भाषण के हिस्से आपत्तिजनक हैं।

# ट्रम्प अमेरिकी सरकार को जाम करने के कगार पर लाये

## मुद्दा है, अमेरिकी सरकार के एक साधारण से फण्डिंग विधेयक को हाऊस में पास होने की इज़ाजत नहीं देना

-अंजन रॉय-
-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर। डॉनल्ड ट्रम्प अब अमेरिका के राष्ट्रपति बन गए हैं और अब अमेरिका में क्या होगा, उसका संकेत तब मिला, जब नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डॉनल्स ट्रम्प और उनके प्रथम सहायक एलन मस्क के विरोध के कारण, अमेरिका का एक बिल पास होने से रुक गया है।

ऐसा लगता है कि ट्रम्प और उनके प्रमुख सलाहकार एलन मस्क नई सरकार के कार्यभार ग्रहण से पूर्व, अमेरिका की रफ्तार ठप्प कर देने पर आमादा है।

अमेरिका सरकार का फंडिंग बिल मंजूर नहीं हुआ, क्योंकि ट्रम्प ने इसका विरोध किया। उनका कहना है कि कर्ज पर सीमा के प्रावधान को पूरी तरह हटा दिया जाए, ट्रम्प का आग्रह है कि कर्ज की सीमा, जो अमेरिका सरकार की सार्वजनिक ऋण उठाने की निर्धारित संवैधानिक ताकत को सीमित कर देती है, को पूरी तरह हटाया जाए।

इस प्रकारण से पता चलता है कि नए राष्ट्रपति ट्रम्प और सदन के स्पीकर माइक जॉनसन एक प्रक्रिया पर अड़ गए और ट्रम्प ने बिल पारित करने के लिए हाउस स्पीकर द्वारा तैयार डील को खारिज कर दिया।

- **अमेरिका की प्रशासनिक व्यवस्था के अनुसार, सरकार के खर्चे के लिये धन प्राप्त करने के लिये विधेयक हाऊस में लाये जाते हैं। पर एक बार में कितना धन मिलेगा सरकार (राष्ट्रपति) को, इस पर एक सीलिंग निर्धारित है। रिपब्लिक व डेमोक्रेटिक सदस्य, आपस में बातचीत कर, कुछ राजनीतिक व प्रशासनिक लेन-देन करके, सीलिंग आसानी से लांघते रहते हैं।**
- **ट्रम्प ने अचानक यह स्टैण्ड लिया कि यह ''सीलिंग व्यवस्था'' गैर-वाजिब है,कोई सीलिंग नहीं होनी चाहिये।**
- **इस स्टैण्ड से खींचतान हुई व ''फण्डिंग विधेयक'' पारित नहीं हुआ।**
- **इस प्रकरण में हाऊस के सदस्यों को सबसे ज्यादा आपत्तिजनक बात यह लगी कि एलॉन मस्क, ट्रम्प के निकटतम मित्र व सलाहकार, ने 95 ट्वीट करके सीलिंग हटाने की मुहीम की शुरुआत की।**
- **सदस्यों के अनुसार, एक गैर-सदस्य, जो सरकार में भी अधिकृत रूप से कोई पद नहीं रखता, हाऊस की प्रशासनिक परम्परागत व्यवस्था में कैसे बदलाव लाने का प्रयास कर सकता है।**

यह बहुत आश्चर्यजनक था, क्योंकि हाल ही में ट्रम्प ने माइक जॉनसन को खुब तवज्जो दी थी। उन्हें गोल्फ क्लब और अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर बड़ी दावतें दी, वे उन्हें बड़े -बड़े कार्यक्रमों में भी ले जाते थे।

नए राष्ट्रपति ने अपने एक्शन एजेंडा के लिए पूर्व शर्त के रुप में इस पर जोर दिया। वे चाहते थे कि विधायिका को कर्ज

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# कश्मीर के खुंखार आतंकी को प.बंगाल में पकड़ा

## आतंकी जावेद मुंशी आई.ई.डी. विशेषज्ञ है व मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित करना चाहता है

कोलकाता, 22 दिसम्बर। पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में एक खूंखार आतंकी को गिरफ्तार किया गया है। जम्मू-कश्मीर पुलिस और बंगाल पुलिस के एसटीएफ की टीम ने कश्मीर के आतंकी जावेद मुंशी को कैनिंग अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया है।

ज्ञातव्य है कि जावेद मुंशी पर कश्मीर में प्रतिबंधित तहरीक-ए-मुजाहिदीन संगठन का सदस्य होने का आरोप है। वह कई विध्वंसक गतिविधियों में शामिल रहा है। जम्मू-कश्मीर पुलिस को लंबे समय से जावेद मुंशी की तलाश थी।

जानकारी के मुताबिक, जावेद मुंशी एक खूंखार आईईडी विशेषज्ञ और हथियार संचालक है। वह 2011 में अहल-ए-हदीस के नेता शौकत शाह की हत्या में शामिल था।

- **आतंकी जावेद मुंशी कई विध्वंसक गतिविधियों में शामिल है और जम्मू-कश्मीर पुलिस को लम्बे समय से उसकी तलाश थी।**

आतंकवाद से संबंधित आरोपों के तहत कई बार जेल की सजा काट चुका है। पूछताछ में आतंकी जावेद मुंशी ने, फर्जी पाकिस्तानी पासपोर्ट पर अपने आकाओं के निर्देश पर बांग्लादेश, नेपाल और पाकिस्तान की यात्रा करने की बात स्वीकार की है। पुलिस के मुताबिक, तहरीक-ए-मुजाहिदीन को पाकिस्तान से नियंत्रित किया जाता है और घाटी, पाकिस्तान और बांग्लादेश में अन्य आतंकवादी संगठनों के साथ उसके संपर्क हैं।

आतंकी के पकड़े जाने पर सरकारी वकील विकास ने कहा है कि जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर से पुलिस ट्रांज़िट रिमांड लेने के लिए यहां आई थी। सरकारी वकील ने बताया: ''जावेद अहमद मुंशी नाम का 58 साल का एक शख्स मुस्लिम लीग को पुनर्जीवित करने के उद्देश्य से काम कर रहा था। कोर्ट ने 31 दिसंबर तक ट्रांज़िट रिमांड का आदेश दिया है। पुलिस ने आंतकी के पास से एक किताब, एक सीडी, एक प्लास्टिक बैग और कई दस्तावेज जब्त किए हैं।

आतंकी जावेद मुंशी को अलीपुर कोर्ट में पेश किया गया जहां से उसे ट्रांज़िट रिमांड पर भेज दिया गया है। आगे की जांच करने के लिए आंतकी को जम्मू-कश्मीर पुलिस को सौंप दिया गया है।

# छत्तीसगढ़ में 151 किलो गांजा बरामद

सारंगढ़ , 22 दिसंबर। छत्तीसगढ़ के सारंगढ़ बिलाईगढ जिले की पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए एक कार से 30 लाख रुपये कीमत का 151 किलो गांजा बरामद किया।

जिले की डोंगरी पाली पुलिस ने जिस इनोवा कार से गांजा जब्त किया,वह सरायपाली के किसी नेता की बताई जा रही है। पुलिस की घेराबंदी देख आरोपी वाहन छोड़ भाग गए। पुलिस इनोवा कार तथा गांजा जब्त कर आगे की कारवाई में जुट गई है।

- **पुलिस ने जिस इनोवा कार से गांजा बरामद किया, वह किसी नेता की बताई जा रही है।**

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ की डोंगरीपाली सीमा से गांजे की तस्करी की जा रही थी। डोंगरीपाली पुलिस की मुस्तैदी और घेराबंदी देखकर गांजा तस्कर गांजा और वाहन छोड़कर मौके से फरार होने में कामयाब हो गए, कार के रजिस्टर्ड नंबर के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'सरकार चुनाव आयोग की अखंडता को नष्ट कर रही है'

## कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे ने कहा कि यह संविधान व लोकतंत्र पर सीधा हमला है

नई दिल्ली, 22 दिसंबर। कांग्रेस ने चुनाव नियमों में बदलाव के केंद्र सरकार के फैसले की आलोचना की है, जिससे सीसीटीवी, वैबकास्टिंग फुटेज और उम्मीदवारों की वीडियो रिकॉर्डिंग जैसे इलेक्ट्रॉनिक दस्तावेज प्राप्त करना कठिन हो गया है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे ''चुनाव आयोग की अखंडता को नष्ट करने की व्यवस्थित साजिश'' बताया है और साथ ही कहा कि चुनाव आयोग की अखंडता को नष्ट करना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है।

ज्ञातव्य है कि चुनाव आयोग की सिफारिश पर केंद्रीय कानून मंत्रालय ने सार्वजनिक निरीक्षण के लिए दस्तावेजों को प्रतिबंधित करने के लिए शुक्रवार को चुनाव संचालन नियम, 1961 के नियम 93(2)(ए) में संशोधन किया था। चुनाव आयोग के अधिकारियों ने कहा

- **चुनाव आयोग की सिफारिश पर कानून मंत्रालय ने मतदान केन्द्रों के सी.सी. टी.वी. को प्रतिबंधित किया।**

था कि मतदान केंद्रों के अंदर सीसीटीवी कैमरे के फुटेज के दुरुपयोग से मतदाता की गोपनीयता से समझौता हो सकता है और इसका उपयोग एआई के उपयोग से फर्जी कहानियां तैयार करने के लिए भी किया जा सकता है।

सरकार के इस फैसले के बाद विवाद खड़ा हो गया है और विपक्ष ने सरकार पर ''चुनावी प्रक्रिया की अखंडता को नष्ट करने'' का आरोप लगाया है। कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खड़गे ने इसे ''भारत के चुनाव आयोग की अखंडता को नष्ट करने की व्यवस्थित साजिश'' के तहत सरकार द्वारा किया हमला बताया।

खड़गे ने इस कदम की तुलना चुनाव आयोग की नियुक्ति करने वाले चयन पैनल से भारत के मुख्य न्यायाधीश को हटाए जाने से की और कहा, ''सरकार द्वारा भारत के चुनाव आयोग की अखंडता को नष्ट करना संविधान और लोकतंत्र पर सीधा हमला है और हम उसकी रक्षा के लिए हर कदम उठाएंगे।''

खड़गे ने कहा कि जब भी कांग्रेस ने चुनाव में अनियमितताओं के बारे में चुनाव आयोग को लिखा उसने तिरस्कारपूर्ण लहजे में जवाब दिया और कुछ गंभीर शिकायतों का जवाब भी नहीं दिया। उन्होंने कहा, ''इससे यह फिर साबित होता है कि निर्वाचन आयोग अर्ध-न्यायिक निकाय होने के बावजूद स्वतंत्र रूप से व्यवहार नहीं कर रहा है।

# मोदी को कुवैत का सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान मिला

नयी दिल्ली/ कुवैत सिटी, 22 दिसम्बर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने रविवार को यहां कुवैत के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान, द ऑर्डर ऑफ मुबारक अल-कबीर से सम्मानित किया।

इस अवसर पर कुवैत के शाहज़ादा एवं प्रधानमंत्री शेख अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा भी उपस्थित थे। मोदी ने यह सम्मान भारत और कुवैत के बीच लंबे समय से चली आ रही दोस्ती, कुवैत में भारतीय समुदाय और भारत के 1.4 अरब लोगों को समर्पित किया।

करीब 43 वर्षों के बाद भारत के किसी प्रधानमंत्री की कुवैत की इस ऐतिहासिक यात्रा पर यह सम्मान प्रदान किए जाने से इस अवसर का विशेष अर्थ जुड़ गया है। यह सम्मान 1974 में शुरू किया गया था और तब से यह सम्मान बिल क्लिंटन, प्रिंस चार्ल्स और जॉर्ज बुश जैसे चुनिंदा वैश्विक नेताओं को प्रदान किया गया है।

- **प्रधानमंत्री मोदी ने सम्मान को, दोनों देशों के बीच लंबे समय की दोस्ती व कुवैत में भारतीय समुदाय को समर्पित किया।**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और कुवैत के अमीर शेख मिशाल अल-अहमद अल-जबर अल-सबा ने दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी के स्तर पर ले जाने पर सहमति जताई है।

बायन पैलेस पहुंचने पर कुवैत के प्रधानमंत्री अहमद अल-अब्दुल्ला अल-अहमद अल-सबा ने मोदी की अगवानी की और फिर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। मोदी ने अमीर के साथ मुलाकात की। दोनों नेताओं के बीच यह पहली मुलाकात थी।

विदेश मंत्रालय के अनुसार दोनों नेताओं ने भारत एवं कुवैत के बीच मजबूत ऐतिहासिक और मैत्रीपूर्ण संबंधों को याद किया तथा द्विपक्षीय सहयोग को और अधिक विस्तारित एवं गहन बनाने के लिए अपनी पूर्ण प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेता इस संदर्भ में, द्विपक्षीय संबंधों को रणनीतिक साझीदारी तक बढ़ाने पर सहमत हुए।

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# लुधियाना, अमृतसर, जालंधर नगर निगम में आप पार्टी जीती

चंडीगढ़ , 22 दिसम्बर। पंजाब के 5 नगर निगमों में कौन बनेगा मेयर इसके लिए शनिवार को वोटिंग हुई। मतदान के बाद कल ही नतीजे भी घोषित किए गए। आम आदमी पार्टी, कांग्रेस और भाजपा में कड़ी टक्कर देखने को मिली। पटियाला में जहां आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की तो वहीं अमृतसर में कांग्रेस ने जीत दर्ज की है। पटियाला में आप का और अमृतसर में कांग्रेस का मेयर बनेगा। इस चुनाव में फगवाड़ा में कांग्रेस बड़ी जीत दर्ज करके सबसे बड़ी पार्टी बन गई है।

- **कांग्रेस प्रत्याशियों ने अमृतसर और फगवाड़ा नगर निगमों में बहुमत हासिल किया है।**

लुधियाना में बहुमत का आंकड़ा 48 है और यहां 41 सीटों के साथ आम आदमी पार्टी सबसे बड़ी पार्टी है। लुधियाना में कांग्रेस की बात करें तो यहां के पूर्व मंत्री भारत भूषण आशु की पत्नी ममता आशु हार गईं, उन्हें आम आदमी पार्टी के गुरप्रीत बब्बर ने हरा दिया। वहीं, वार्ड नंबर-77 में भाजपा उम्मीदवार पूनम रतड़ा ने विधायक अशोक पराशर पप्पी की पत्नी मीनू पराशर को हरा दिया। वेस्ट हल्के से आम आदमी पार्टी के विधायक

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

# 'वाम दलों ने त्रिपुरा को पिछड़ा राज्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी'

## अमित शाह ने कहा, 2018 में भाजपा के सत्ता संभालने के बाद ही त्रिपुरा में विकास हुआ

धलाई, 22 दिसंबर। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने रविवार को त्रिपुरा में विस्थापित ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास वाले गांव का दौरा किया। उन्होंने एक सार्वजनिक बैठक को संबोधित करते हुए वाम दलों (लेफ्ट पार्टियों) पर जमकर निशाना साधा। वाम दलों को घेरते हुए उन्होंने कहा कि 35 वर्षों के शासन के दौरान वाम दलों ने त्रिपुरा को पिछड़ा राज्य बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। उन्होंने बताया कि 2018 में भाजपा के सत्ता संभालने के बाद ही राज्य में प्रगति हुई।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वाम दलों के शासन के दौरान त्रिपुरा सभी मानकों पर पीछे रहा है, लेकिन अब प्रगति के रास्ते पर है। उन्होंने कहा, ''वाम दलों ने 35 वर्षों तक त्रिपुरा में शासन किया। उनका दावा था कि वे गरीबों के कल्याण के लिए काम करते हैं। कांग्रेस ने भी त्रिपुरा में काफी समय तक शासन किया, लेकिन राज्य की जनता हमेशा गरीब ही रही। भाजपा के सत्ता में आने के बाद यहां विकास हुआ।''

अमित शाह ने बताया कि उन्होंने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर 2017 में त्रिपुरा का दौरा किया था। वे पांच दिनों तक राज्य में रुके थे, इस दौरान केवल 11 लोगों ने पार्टी की सदस्यता ली थी। उन्होंने आगे कहा, ''हमने अपना काम शुरू किया।

- **केन्द्रीय गृह मंत्री ने कहा, ब्रू आदिवासियों के 11 गाँव स्थापित हो चुके है। वामपंथियों ने 35 साल के शासन में इनकी हालत सुधारने के लिये कोई कोशिश नहीं की।**

हमने कड़ी मेहनत की और कम्युनिस्टों को सत्ता से बाहर किया।'' केंद्रीय मंत्री ने बताया कि वाम दलों के शासन के दौरान केवल 2.5 फीसदी लोगों को पाइप से पीने का पानी मिलता था। अब 85 फीसदी लोगों को पीने का पानी मिलता है।

अमित शाह ने कहा, ''कम्युनिस्ट शासन में गरीबों के लिए मुफ्त अनाज नहीं था, लेकिन अब प्रत्येक व्यक्ति को पांच किलो चावल मिलता है और पांच लाख रुपये तक का मुफ्त इलाज मिल रहा है।'' उन्होंने बताया कि त्रिपुरा में निवेश आया है और लोगों को मुफ्त बिजली और एलपीजी कनेक्शन मिलने लगा। गृह मंत्री ने आगे कहा कि उग्रवादियों के साथ शांति समझौते पर हस्ताक्षर के बाद त्रिपुरा अब शांतिपूर्ण है। मां त्रिपुरासुंदरी के आशीर्वाद से त्रिपुरा देश के सबसे विकसित राज्यों में से एक होगा।

ब्रू आदिवासियों के पुनर्वास का जिक्र करते हुए अमित शाह ने बताया कि केंद्र और त्रिपुरा की सरकार ने 40,000 विस्थापित लोगों के पुनर्वास का फैसला किया। उन्होंने कहा, ब्रू लोग अमानवीय परिस्थितियों में रह रहे थे। वामपंथी सरकारों ने उनकी हालत सुधारने के लिए कोई कोशिश नहीं की। हम 11 गांव स्थापित कर चुके हैं।

अमित शाह ने रविवार को बताया कि वे 2028 के विधानसभा चुनाव में त्रिपुरा में भाजपा और सीपीआई(एम) दोनों

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## संक्षिप्त

### जिला स्तरीय कार्यशाला 23 को

**कोटपूतली-बहरोड़ ।** जिले में 19 से 24 दिसम्बर 2024 के मध्य सुशासन सप्ताह मनाया जा रहा हैं। प्रशासन गांव की ओर के अन्तर्गत गुड गवर्नेंस प्रैक्टिस इनेसिएटिव इन दी डिस्ट्रिक विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा हैं। कार्यशाला 23 दिसम्बर को 11 बजे पंचायत समिति कोटपुतली सभागार में आयोजित होगी। जिसकी अध्यक्षता पूर्व सेवानिवृत्त आईएएस अधिकारी दिनेश यादव द्वारा की जाएगी। उनके द्वारा अपने प्रशासनिक अनुभवों को जिले के अधिकारियों के साथ साझा की जाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024' सेवाओं की डोर स्टेप डिलीवरी और सार्वजनिक शिकायतों के निवारण के लिए भारत का सबसे बड़ा अभियान साबित हो रहा हैं।

### खेमचंद सैनी अध्यक्ष बने

**राजगढ़।** सैनी समाज सामूहिक विवाह एवं समाज उत्थान समिति की बैठक श्रीजी मैरिज गार्डन में गोवर्धन लाल सैनी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इसमें 16 वे सामूहिक विवाह सम्मेलन की आय व्यय का लेखा जोखा प्रस्तुत किया गया। बैठक में खेमचंद सैनी को अध्यक्ष चुना गया। खेमचंद सैनी के अलावा रामफूल सैनी उपाध्यक्ष, उमेश किरोड़ीवाल महासचिव, भगवान सहाय सैनी संयोजक, लक्ष्मी नारायण सैनी नेता पर मांगीलाल सैनी कोषाध्यक्ष, महेंद्र सैनी सीताराम बाबा संगठन मंत्री, मांगीलाल सैनी पार्षद एवं रघुवीर सैनी गलीचा वालेव्यवस्थापक, भूरया सैनी एवं रमेश चंद सैनी प्रचार मंत्री एवं मुन्नालाल सैनी डॉ सर्वेश सैनी सहित सैनी समाज संरक्षक चुना गया।

### रैली निकाली

**श्रीमाधोपुर।** श्री लाल बहादुर शास्त्री कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तृतीय दिवस को स्वच्छता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ महाविद्यालय निदेशक जितेन्द्र शर्मा, कार्यकारी निदेशक अवधेश शर्मा व प्राचार्य डॉ विनोद सैनी तथा श्री आदर्श महिला बी एड कालेज प्राचार्य डॉ बाबूलाल सैनी ने हरी झंडी दिखाकर महाविद्यालय परिसर से रवाना किया गया।

### ज्ञापन सौंपा

**मालपुरा।** मालपुरा उपखण्ड क्षैत्र की मोरला ग्राम पंचायत के देवपुरा गांव के ग्रामीणो ने केबिनेट मंत्री व क्षैत्रिय विधायक कन्हैयालाल चौधरी को ज्ञापन सौंपते हुये देवपुरा को लाम्बाहरिसिंह नगरपालिका क्षैत्र मे शामिल करने की कि मांग। ग्रामीणो द्वारा सौंपे गये ज्ञापन मे बताया कि वर्तमान मे देवपुरा गांव मोरला पंचायत मे शामिल है। ग्रामीणो को स्कुल,अस्पताल, बैंक व पशु चिकित्सालय जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिये लाम्बाहरिसिंह जाना पडता है। पंचायत क्षैत्र मे यह सुविधा नही है। मंत्री ने उनकी मांग पर सकारात्मक कार्य करने का विश्वास दिलाया।

### समारोह आज

**निवाई।** जमात में स्थित सामुदायिक भवन में विकास कार्यो का लोकार्पण समारोह पूर्वक किया जाएगा। भाजपा शहर महामंत्री करणसिंह राजावत ने बताया कि वार्ड न 2 में नगर पालिका द्वारा संचालित लाइब्रेरी, सामुदायिक भवन में नवीन पांच कमरों, सामुदायिक भवन के भव्य मुख्य द्वार का लोकार्पण समारोह सोमवार को सुबह 10:30 बजे किया जाएगा।

### पुष्पेन्द्र बसेन्द्र जिला अध्यक्ष मनोनीत

**अलवर ।** महाराजा सूरजमल सेना राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कुँ. जोगेन्द्र सिंह राना के पुष्पेन्द्र कुमार बसेन्द्र पुत्र रमेश चन्द निवासी ९९ए, लाजपत नगर, अलवर की लग्न व सामाजिक कार्यों में रूचि व सहभागिता को देख कर महाराजा सूरजमल सेना के अलवर जिला अध्यक्ष के पद पर मनोनीत किया सूरजमल सेना का विस्तार करते हुए पद की गरिमानुसार कार्य कर अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।

### नसीम एनएसयूआई के सचिव मनोनित

**टोंक।** एनएसयूआई के प्रभारी कन्हैया कुमार एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष वरूण चौधरी के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश की कार्यकारीणी में टोक जिले के कांग्रेस युवा कर्मठ नसीम अंसारी को सचिव मनोनित किया गया है।

### बैठक संपन्न

**सिरस ।** नाकेश्वर महादेव मंदिर नाका चौकी सिरस प्रांगण में बैठक सरपंच शिवजीराम जाट की अध्यक्षता में आयोजित हुई। श्यामलाल योगी ने बताया कि बैठक में विभिन्न विषयों पर चर्चा कर निर्णय लिए गए।

# सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अहम घटक : गृह राज्यमंत्री बेढ़म

**अलवर।** गृह राज्यमंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि सडक सुरक्षा के लिए प्रत्येक व्यक्ति की जागरूकता व सक्रिय भागीदारी महत्वपूर्ण घटक है। गृह राज्यमंत्री बेढम रविवार को अलवर जिले की गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत न्याणा के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में परिवहन एवं सडक़ सुरक्षा विभाग, राजस्थान सडक़ सुरक्षा सोसायटी, आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड, मेवात उत्थान समिति एवं जिला पुलिस अलवर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित आवास यूथ सडक़ सुरक्षा शिक्षा एवम् जागरूकता अभियान के तहत सडक़ सुरक्षा अग्रदूत प्रशिक्षण एवं हेलमेट वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर कहा कि राज्य सरकार सडक सुरक्षा के प्रति गंभीर है। सडक सुरक्षा सरकार के साथ-साथ प्रत्येक नागरिक से सीधे



बेढम ने सडक हादसों रहित राष्ट्र का निर्माण करने की शपथ दिलाई।

जुडा हुआ विषय है। अत: प्रत्येक व्यक्ति को सडक सुरक्षा के नियमों की जानकारी होने के साथ-साथ उसकी पालना भी करनी चाहिए। उन्होंने युवाओं से आव्हान किया कि युवा राष्ट्र की निधि है और सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता में अपनी महती भूमिका निभाए। उन्होंने प्रशिक्षण के उपरान्त 300 स्वयं सेवक युवाओं को सडक सुरक्षा अग्रदूत के रूप में देश को स्वच्छ, स्वस्थ एवं सुरक्षित सडक संस्कृति विकसित करने के लिए वर्ष 2047 तक सडक हादसों रहित राष्ट्र का निर्माण करने की शपथ दिलाई। उन्होंने कहा कि

- **राज्यमंत्री बेढम गोविन्दगढ तहसील की ग्राम पंचायत न्याणा में सडक़ सुरक्षा अग्रदूत प्रशिक्षण कार्यक्रम में शामिल हुए**

राजस्थान सडक सुरक्षा सोसायटी व आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के द्वारा पुलिस व प्रशासन के साथ सडक सुरक्षा अभियान की सराहना की।

रामगढ विधायक सुखवंत सिंह ने कहा कि इस प्रकार के अनूठे अभियान से आमजन में सडक सुरक्षा के प्रति जागरूकता एवं अपनी जिम्मेदारी की भावना पैदा होती है। उन्होंने सडक दुर्घटनाओं पर चिंता जाहिर करते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यातायात के नियमों की पालना करने के साथ-साथ अन्य लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करना चाहिए।

एआरटीओ डॉ. वीरेंद्र सिंह राठौड ने सडक सुरक्षा के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की। उन्होंने स्वयं के द्वारा लिखित सडक सुरक्षा चक्र व सडक सुरक्षा पॉकेट बुक भी वितरित की। मेवात उत्थान समिति के बाबा बालक दास महाराज, आवास फाइनेंसियर्स लिमिटेड के सीएसआर हेड सत्यजीत तिवाडी, राजस्थान सडक सुरक्षा सोसायटी के परियोजना समन्वयक भरतराज गुर्जर ने सडक सुरक्षा के संबंध में विस्तार से अवगत कराया तथा बताया कि इस अभियान के अंतर्गत अब तक 23 हजार अग्रदूत बनाकर विशेष सडक सुरक्षा संदेश लिखे। हेलमेल वितरित किए जा चुके है, लगभग 90 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया।

## 13 छात्राओं को मिली साइकिलें

**निवाई।** राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय करीरिया में मुख्य अतिथि भाजनानन्दगिरी आश्रम के संत कर्मानंदगिरी महाराज के सानिध्य में छात्राओं को नि:शुल्क साइकिले वितरित की गई। साईकिले मिलने पर छात्राओं के चेहरों पर खुशी की लहर दौड गई। मुख्य अतिथि संत कर्मानंदगिरी महाराज ने छात्राओं को मन लगाकर पढऩे व अपना व परिवार और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आपको भी अपना लक्ष्य तय करके आगे बढऩा है। उन्होंने कहा कि साईकिल मिलने से छात्राओं की राह भी आसान होगी। प्रधानाचार्य वेदप्रकाश मिश्र ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों व सरकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए आभार व्यक्त किया। साईकिल वितरण प्रभारी श्रीराम बैरवा ने बताया कि विद्यालय की 13 छात्राओं को नि:शुल्क साइकिले वितरित की गई।

# समारोह में संस्कारों की रक्षा एवं प्रतिभा को आगे बढ़ाने का लिया संकल्प

**राजगढ़।** राजपूत समाज के नवम प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्वजों के संस्कारों की रक्षा एवं टैलेंट को आगे बढ़ाने के संकल्प के साथ लव कुश गार्डन में रविवार कोसंपन्न हुआ। इस दौरान समाज के जन् प्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाओं के आगे बढ़ाने में धन की कमी आड़े नहीं आने का संकल्प व्यक्त किया। पूर्व केंद्रीय मंत्री, विधायकों सहित अधिकारियों की मौजूदगी में प्रतिभाओं से प्रथम वरीयता राज्य सरकार की नौकरी को देने एवं इसके बाद राजनीति, व उद्योग को जीवन का लक्ष्य बनाने का आव्हान किया। पूर्व केंद्रीय मंत्रीजितेंद्र सिंह, सादुलपुर राजगढ़ विधायक मनोज न्यॉंगली, बानसूर विधायक देवी सिंह शेखावत, देवेंद्र राघव, गोपाल सिंह, अभिमन्यु सिंह राजवी, एवं तहसीलदार वी पी सिंह एवं अन्य अतिथियों ने मां भगवती के



समारोह में 250 प्रतिभाओं का सम्मान किया।

समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। प्रतिभा सम्मान समारोह में पूर्व केंद्रीय मंत्री महाराज जितेंद्र सिंह ने कहा कि राजपूत समाज के लोगों का मान सम्मान जो विरासत में मिला है उसे संभाल कर रखें। इस सम्मान की रक्षा के लिए युवा पीढ़ी बढ़ चढ़कर हिस्सेदारी निभाए।इस अवसर पर प्रताप सिंह राजावत जयपुर, गोपाल सिंह, बबीताकवर, प्रियंका,गुमान सिंह, महावीर सिंह, उदय सिंह, नरेंद्र सिंह, राजेश सिंह, महावीर सिंह, सोनू सिंह, उदय सिंह, राजेंद्र सिंह,एवं अनेक राजपूत सरदार एवं क्षत्रानिया मौजूद रही अध्यक्षता समाजसेवी राजेंद्र सिंह जिरावली ने की।

## कार्यशाला का आयोजन

**टोंक।** प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग भारत सरकार के निर्देशानुसार जिले में चल रहे सुशासन सप्ताह के तहत सोमवार, 23 दिसंबर को प्रात: 11.00 कलेक्ट्रेट सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा।

सहायक निदेशक लोक सेवाएं जावेद अली ने बताया कि कार्यशाला के दौरान जिले में सुशासन से संबंधित किए गए नवाचारों का प्रस्तुतीकरण किया जाएगा। इसमें मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी सुशीला करनानी द्वारा लक्ष्य 2025, प्रशिक्षु आरएएस काजल मीणा द्वारा कोर्ट केस इन्फॉर्मेशन वाया मोबाइल मैसेज एवं अंतर विभागीय समन्वय के माध्यम से प्रशासन में सुधार विषय पर सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के संयुक्त निदेशक पवन कुमार महावर द्वारा प्रेजेंटेशन दिया जाएगा। साथ ही मुख्य आयोजना अधिकारी टोंक द्वारा जिले के विजन डॉक्यूमेंट पर चर्चा की जाएगी। इस दौरान जिले के सभी जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहेंगे।

# डॉ. सतीश पूनियां ने श्रद्धांजलि अर्पित की



पूनियां ने दिवंगत के परिवारजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाया।

**जयपुर ।** जयपुर के भांकरोटा में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुये भयावह हादसे में भाजपा नेता व भाजपा पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष माधोराम चौधरी के भांजे महेंद्र चौधरी के दु:खद निधन पर परबतसर के भादवा पहुंचकर भाजपा हरियाणा प्रभारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष भाजपा राजस्थान डॉ. सतीश पूनियां ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की एवं परिवारजनों से मिलकर उन्हें सांत्वना दी और ढांढस बंधाया।

वहीं जयपुर के इसी दर्दनाक हादसे में भाजपा के बूथ अध्यक्ष

- **सतीश पूनियां ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की, परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी**

राधेश्याम चौधरी के दुखद निधन पर जयपुर के बालमुकुंदपुरा नाडा पहुंचकर सतीश पूनियां ने दिवंगत को श्रद्धांजलि अर्पित की। प्रभु श्रीराम से शोक संतृप्त परिवारजनों को सम्बल प्रदान करने करने की प्रार्थना की।

## 'राजपूत समाज धर्म की रक्षा के लिए सदैव तैयार'

**टोंक।** भाजपा के पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेन्द्र सिंह राठोड ने टोंक स्थित श्री राजपूत जगदंबा छात्रावास में राजपूत सभा टोंक के तत्वाधान में जिला स्तरीय युवा खिलाड़ी भामाशाह एवं प्रतिभा व विधवा क्षत्राणियो को सिलाई मशीन वितरण एवं छात्रावास में नव उद्घाटन समारोह में प्रतिष्ठान के उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि पद से सम्बोधन करते हुए राजपूत समाज 36 कोम को साथ लेकर धर्म की रक्षा एकता और अखंडता के लिए सदैव त्याग और बलिदान करता आया है।

सरकार युवा महिला अनुसूचित जनजाति जनजाति के विकास के लिए रात दिन काम कर रही है 111 विधवा क्षतारणीयों को सिलाई मशीन वितरण करने लगभग 100 से अधिक प्रतिभाओं को सम्मानित करने के लिए टोंक राजपूत सभा को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर राजपूत सभा के संरक्षक ठाकुर सुरेंद्र सिंह, भंवरथला राजपूत सभा के जिला अध्यक्ष मदन सिंह, गोविंदपुरा महामंत्री हनुमान सिंह सोलंकी, उमराव सिंह सोलंकी, गणेश सिंह, धन सिंह राजावत, भागीरथ सिंह मुंडिया, राजेंद्र सिंह सांडला, भंवर सिंह देवरी, जगदीश सिंह झिराना ने भी सभा को संबोधित किया।

# लोक अदालत में 13142 मामलों का राजीनामे से हुआ निस्तारण

**शाहपुरा ।** अपर जिला एवं सैशन न्यायालय परिसर शाहपुरा में रविवार को राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष एवं जिला सैशन न्यायाधीश शाहपुरा अजीत कुमार हींगर तथा सचिव पवन कुमार जिनवाल, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के निर्देशानुसार ललिता शर्मा अध्यक्ष तालुका विधिक सेवा समिति एवं ए.डी.जे-1 शाहपुरा की अध्यक्षता में एवं कृष्णकांत एडीजे - 2 तथा प्रतिभा मोटियार ए.सी.जे.एम, आदित्य शर्मा जे.एम. शाहपुरा के सहयोग से राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन किया गया।

लीगल एड कर्मचारी ममता पलसानिया ने बताया कि इस बार की लोक अदालत में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर के आदेशानुसार शाहपुरा न्यायक्षेत्र में इस बार कुल 2 बैंच गठित की गई है। राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व न्यायालय के प्रकरणों को भी सम्मिलित करते हुए लोक अदालत की बेंच का गठन किया गया है। बेंच संख्या 8 न्यायलय अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश शाहपुरा क्रम संख्या 1 व 2 की पत्रवाली एवं प्रि- लिटिगेशन की पत्रावलियों के लिए बनाई गई। बेंच 9 न्यायालय एसीजेएम, एमजेएम शाहपुरा की पत्रावली एवं राजस्व न्यायालय की पत्रावलियों के

- **राष्ट्रीय लोक अदालत का सफल आयोजन**

लिए बनाई गई है। बैंच में अध्यक्ष ललिता शर्मा, एडीजे क्रम संख्या 1 एवं सदस्य विशाल सोनी अधिवक्ता ने न्यायालय एडीजे 1 की 60 पत्रावलियों एवं न्यायालय एडीजे 2 की 20 पत्रावलियों में एवं प्रीलिटिगेशन की कुल 186 पत्रावलियों में राजीनामा करवाया। बेंच 9 में अध्यक्ष श्रीमती प्रतिभा मोटियार एसीजेएम शाहपुरा एवं सदस्य अधिवक्ता रमेश यादव ने न्यायालय एसीजेएम शाहपुरा की 243 पत्रावलियों एवं न्यायालय जेएम शाहपुरा के 152 पत्रावलियों में एवं संजय खेदड़ उपखण्ड अधिकारी ने राजस्व न्यायालय शाहपुरा से संबंधित कुल 1248 पत्रावलियों में राजीनामा करवाया। न्यायालय के सहायक नाजिर, मुकेश शर्मा, न्याय मित्र दिनेश शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में न्यायालय शाहपुरा से कुल मिलाकर 13142 प्रकरणों का राजीनामे के माध्यम से निस्तारण किया गया। इस मौके पर एडवोकेट महेंद्र कुमार शर्मा, एडवोकेट रवि शंकर अग्रवाल, अशोक कुमार शर्मा सहित कई अधिवक्ता मौजूद रहे।

# विशाल कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन

**श्रीमाधोपुर।** अजीतगढ़ ब्लॉक के ग्राम गढ़टकनेत के ठाकुर जी महाराज के मंदिर के पीछे गुरावा परिवार द्वारा आयोजित 9 दिवसीय संगीतमय श्री राम कथा का आयोजन रविवार को विशाल कलश यात्रा निकालकर किया गया जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह 9:30 बजे से ग्राम के मुख्य बस स्टैंड पर स्थित भोमिया जी महाराज के मंदिर परिसर से विद्वान पंडित नंदलाल शर्मा व पवन शर्मा ने कलशो की पूजा अर्चना शुरू करा करें कलश यात्रा शुरू कराई उसके बाद डीजे पर भजनों की धुन के साथ कलश यात्रा रवाना हुई जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिलाएं अपने सिर पर मंगल कलश के साथ नाचती गाती जा रही थी मंगल कलश यात्रा पर जगह-जगह पुष्प बरसात की गई कलश यात्रा ग्राम के विभिन्न स्थानों से घूमती हुई श्री राम कथा स्थल पर पहुंची उसके बाद विद्वान पंडितो द्वारा श्री गणेश जी की पूजा अर्चना कर श्री राम कथा का आयोजन शुरू कराया।

इस अवसर पर श्री राम कथा



कलश यात्रा में उपस्थित महिलाएं एवं यजमान, श्री राम कथा का श्रवण करते कथा वाचक एवं उपस्थित कथा सुनने वाले।

वाचक पंडित श्यामसुंदर व्यास ने भगवान शंकर पार्वती के विवाह का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि पहले पार्वती का नाम सती था एवं सती के पिता का नाम राजा दस था भगवान शंकर के राजा दश से नाराजगी थी राजा दश ने अपने महल में एक यज्ञ का आयोजन कराया

उस यज्ञ में सभी राजा एवं साधु संन्यासियों को बुलाया गया लेकिन शंकर भगवान को इस यज्ञ में आने का कोई भी न्योता नहीं दिया गया जिस कारण सती ने शंकर भगवान से कहा कि वह इस यज्ञ में भाग ले सकती है क्या जिस कारण भगवान शंकर ने कहा कि हमें इस यज्ञ का न्योता ही नहीं दिया गया तो हमें बिना बुलाए नहीं जाना चाहिए लेकिन सती फिर भी बिना बुलाए ही यज्ञ में शामिल होने के लिए चली गई लेकिन यज्ञ में अन्य राजाओं के आसन सिंगासन देखें एवं भगवान शंकर

- **भगवान शंकर पार्वती के विवाह की कथा का सुनाया प्रसंग**

का आसान सिगासन नहीं देखकर वह दुखी हुई एवं तुरंत योग अग्नि में भस्म कर लिया मरते-मरते सती ने प्रार्थना की की अगर उनको दूसरे जन्म में विवाह करने का मौका मिले तो उनको शंकर भगवान ही पति के रूप में मिले शास्त्री जी ने श्री राम कथा में कहा कि उसके बाद सती का दूसरा जन्म हुआ एवं दूसरे जन्म में उसका नाम पार्वती रखा गया एवं पार्वती ने शंकर भगवान को पति के रूप में पानी के लिए हिमालय पर्वत पर कठोर तपस्या की तपस्या में भगवान पसंद होकर उसको शंकर भगवान से ही शादी करने का मौका मिला इस राम कथा में पूर्व विधानसभा स्पीकर दीपेंद्र सिंह शेखावत ने हिस्सा लेते हुए कहा कि प्रत्येक व्यक्ति धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन में भाग ले।

## उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन

**अलवर ।** राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस के उपलक्ष्य में इस वर्ष उपभोक्ता सप्ताह मनाया जा रहा है ।उपभोक्ता जागरूकता सम्मेलन का आयोजन हीरानंद आई टी आई कॉलेज अलवर में समाजसेवी दीवान चंद सेतिया की अध्यक्षता में किया गया।कार्यक्रम में अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत के सदस्य सुनील जैन ने ऑनलाइन गेमिंग पर प्रतिबंध लगाने की मांग की क्यूंकि इससे युवा वर्ग की कार्यक्षमता पर विपरीत प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि उपभोक्ता की सजगता में ही उसकी सफलता है। उपभोक्ता उपभोग में संयम रखें तथा समाज , वितरण में समानता रखें तो ही समाज को सही दिशा प्राप्त होगी।

उपभोक्ता संरक्षण के प्रदेशाध्यक्ष राजेश कृष्ण सिद्ध ने उपभोक्ता संरक्षण कानून, 1986 के लागू होने की भूमिका पर प्रकाश डाला तथा उपभोक्ताओं को भ्रामक विज्ञापनों से बचने की सलाह दी। कंपनियों द्वारा वस्तुओं की अधिकतम खुदरा मूल्य बढ़ा चढ़ा कर रखी जाती है अत्त: कोई भी वस्तु ख़रीदते समय ग्राहक को दुकानदार से अंकित पर मोल भाव अवश्य करना चाहिए ।

## सार-समाचार

### विमल को मिला ग्लोरी अवार्ड



**फुलेरा ।** क्षेत्र के निकटवर्ती ग्राम कोटजेवर निवासी विमल कुमार प्रजापति को हस्त शिल्प कला के क्षेत्र में ब्लू पोटरी में उत्कृष्ट कार्य करने पर ब्लू पॉटरी एक्सीलेंस ग्लोरी अवार्ड 2024 से सम्मानित किया गया। विमल के पिता समाजसेवी सोहन लाल प्रजापति ने बताया कि राजधानी जयपुर में जिनार्ली ट्रूप फ़ेड्रेसेन की ओर से अयोजित समारोह पधारो म्हारे देश में देश के विभिन्न स्थानों से आये हुए हस्त शिल्प कलाकारों को सम्मानित किया गया। वहीं आगे बताया कि उक्त कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि के रूप सांस्कृतिक एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हवामहल विधायक बालमुकुन्दाचार्य रहे। जबकि कार्यक्रम की समिट ब्राण्ड एम्बेसेडर गोपिका शेखावत रही। इस संस्था ने पिछले 45 वर्षों से लगभग 200 से अधिक कारीगरों को हस्त शिल्प कला में विशेषज्ञ बनाया है। इसके अलावा आज भी करीब 50 कारीगरों के साथ में काम करता आ रहा है। वहीं ब्लू पॉटरी को विभिन्न देशों में पहचान दिलाई। इसके साथ ही आगे बताया कि हाल ही में इस संस्था ने कमला क्राफ्ट फाउंडेशन नामक एनजीओ का संचालन किया है। जिसमें महिला कारीगरों को रोजगार दिया जाएगा व उनकी कलाकार के रूप से मदद की जाएगी। इस एनजीओ की अध्यक्ष मनीषा व उपाध्यक्ष रीना प्रजापति एवं सचिव विमल प्रजापति है।

### आरोपियों के गिरफ्तारी की मांग

**नारायणपुर ।** उपखंड क्षेत्र के गांव कानपुरा में एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र संचालक नंदूराम सैनी के साथ एक माह पूर्व हुई लूट का अब तक खुलासा नहीं हो सका है। दरअसल 19 नवंबर की रात बाइक पर आए नकाबपोश बदमाशों ने चाकू से हमला कर 3.17 लाख रुपये की नकदी लूट ली थी। घटना के बाद पुलिस थाना नारायणपुर में मामला दर्ज कराया गया बैठक में आगे की रणनीति पर चर्चा करते हुए निर्णय लिया गया कि यदि 24 दिसंबर तक लूट का खुलासा नहीं हुआ, तो तहसील के सभी एसबीआई ग्राहक सेवा केंद्र और ई-मित्र कियोस्क संचालक कार्य बहिष्कार करेंगे। इसके साथ ही उपखंड कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना दिया जाएगा। बैठक के दौरान नारायणपुर थाने के थानाधिकारी शिम्भुदयाल मीणा मौके पर पहुंचकर ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया। उन्होंने भरोसा दिलाया कि पुलिस इस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। बैठक में छाजू राम सैनी, पूर्व सरपंच राजेन्द्र प्रसाद रैगर, रामकिशन बाज्या, देशराज गिराटी, शिवराम सैनी, उपसरपंच राजवीर सिंह, सज्जन सिंह, मंगेज सिंह, पूरण भुमला, मोतीलाल जांगिड, कैलाश स्वामी, लक्ष्मीनारायण सैनी, मिट्ठू सिंह, ओमप्रकाश सैनी, बजरंग सैनी, मनोज शर्मा, रमेश गिराटी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण, व्यापारी और स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

### विधायक कुलदीप का किया स्वागत

**पावटा।** विराटनगर विधानसभा क्षेत्रीय विधायक कुलदीप धनकड जीत के बाद पहली बार रविवार को ननिहाल थालोड व सारणो की ढाणी पहुंचे। अपने पिता श्योराम व माता गोठी देवी, पत्नी मंजू धनकड व अपने पुत्र आशीष धनकड, पुत्रवधु डॉ. रीटा धनकड एवं परिवार संग नानी के गाँव पहुँचे विधायक कुलदीप धनकड बेहद भावुक नजर आए। उन्होंने गांव के बुजुर्गों से मुलाकात की। इस दौरान स्थानीय लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। वही उनको जुलूस निकालकर गाजे बाजे के साथ कार्यक्रम स्थल तक लेकर गए। विधायक कुलदीप धनकड ने अपने ननिहाल में लंबा वक्त बिताया है। जहाँ बीते लम्हों को यादकर वे भाव-विभोर हो गए। वही ग्रामीणों ने विधायक कुलदीप धनकड से सरकारी विद्यालय मे पानी की किल्लत को देखते हुए सिंगल फेस बोरिंग, पानी की टंकी, गौशाला के लिए दो बीघा भूमि, अवधपुरी को अलग ग्राम पंचायत बनाने व विभिन्न मार्गों मे सड़क निर्माण की मांग की। जिस पर विधायक कुलदीप धनकड ने ग्रामीणों को मांगे पूरी करने का आश्वासन दिया। इस दौरान भैरूराम, बागाराम, कालुराम, साधुराम, जगमाल, यादराम थालोड, कैलाश थालोड, रामकरण, जयसिंह, हनुमान सारण, मूलचंद सारण, सुरेश नेहरा, नन्चु थालोड, रिंकू थालोड, राजू थालोड, पप्पू थालोड, रोहिताश थालोड सहित बड़ी संख्या मे ग्रामीण मौजूद रहे।

### 524 प्रकरणों का निस्तारण

**सांभरझील।** राष्ट्रीय लोक अदालत में रविवार को यहां विभिन्न प्रकार के 524 प्रकरणों का राजीनामा के जरिए निस्तारण किया गया। लगभग 30 वित्तीय संस्थाओं के 1445 प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्रों पर वादी व प्रतिवादी के बीच सुलह करवाई। वित्तीय संस्थाओं बैंकों, विधुत विभाग व अन्य वित्तीय संस्थाओं के काफी पुराने प्रकरणों के प्री लिटिगेशन प्रार्थना पत्र निस्तारित हुए। राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए सांभर न्याय क्षेत्र में अवस्थित न्यायालयों के लिए अलग अलग बैंचों का गठन किया गया। तालुका विधिक सेवा समिति, सांभर लेक के तत्वावधान में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 524 प्रकरणों का आपसी राजीनामा के जरिए निस्तारण करवाया गया। राष्ट्रीय लोक अदालत में मोटर वाहन दुर्घटना अधिकरण के 23 प्रकरणों में राजीनामा से फैसला दिया गया।

### मानदेय में वृद्धि की मांग

**भानपुर कलां ।** जमवारामगढ़ ब्लॉक के 190 सरकारी स्कूलों में मिड डे मील योजना के तहत बच्चों के लिए भोजन पकाने वाली महिला कुक कम हेल्परों की स्थिति अत्यधिक दयनीय है। इन महिलाओं को प्रतिदिन केवल 71 रुपए का मानदेय मिलता है, जो मनरेगा श्रमिकों से भी कम है। बावजूद इसके, इनकी जिम्मेदारी बच्चों के लिए समय पर भोजन उपलब्ध कराना और स्कूल की रसोई की सफाई करना होती है। इनका काम केवल खाना पकाने तक सीमित नहीं है, बल्कि बर्तन धोने और रसोई की सफाई की भी जिम्मेदारी निभानी पड़ती है। इतने कम वेतन पर काम करना इन महिलाओं के लिए कठिन हो गया है, और वे लंबे समय से मानदेय में वृद्धि की मांग कर रही हैं। महिला कुक हेल्परों को पिछले 8 महीनों से उनका मानदेय नहीं मिल रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर गहरा असर पड़ा है।

### धरना समाप्त

**बौंली-बामनवास।** क्षेत्रीय विधायक इंदिरा मीणा अपने समर्थकों के साथ शनिवार रात्रि से बौंली थाने के बाहर नारेबाजी करते हुए धरने पर बैठ गई धरना प्रदर्शन रविवार को 11 सूत्री मांगों पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीलकमल मीना व थाना प्रभारी राधा रमण गुप्ता के साथ वार्ता हो जाने पर धरना प्रदर्शन समाप्त कर दिया गया। क्षेत्रीय विधायक ने बौंली क्षेत्र में हो रहे अवैध बजरी खनन व परिवहन की गंभीर समस्या को लेकर यह कदम उठाया है एवं माइनिस विभाग द्वारा दर्ज प्रकरणों में अब तक भी कार्रवाई नहीं होने पर पुलिस प्रशासन के खिलाफ नाराजगी थी, गाड़ियों से ब्लैक शीशे हटाने, दर्ज प्रकरणों के अपराधियों को पकड़ने व वर्तमान में जो मुकदमे दर्ज हुए उन पर तुरंत कार्रवाई करने की मांग पर सहमति बन जाने के बाद विधायक ने धरना समाप्त करने की घोषणा कर दी।

### भागवत कथा शुरू

**मनोहरपुर।** कस्बे के रामद्वारा मंदिर में रविवार को भागवत कथा का शुभारंभ किया गया।जिसको लेकर 11.15 बजे पंचों के मोहल्ले स्थित नर्सिंग मंदिर से गाजे बाजे से 51 महिलाओं की कलश यात्रा निकाली गई।इस दौरान आयोजक महेश कुमार जोशी ने बताया कि कलश यात्रा सुराका दरवाजा से रवाना हो कर गांधी चौक होते हुए रामद्वारा मंदिर पहुंची। इस दौरान कलश यात्रा का पुष्प वर्षा कर जगह जगह स्वागत सम्मान किया गया।वही कलश यात्रा के राम द्वारा मंदिर पहुंचने पर कथा वाचक नर्सिंग पीठाधीश्वर अवधेशदास महाराज द्वारा कथा प्रारंभ की गई।

### राजेंद्र सिंह राठौड़ का किया स्वागत

**चाकसू।** श्री राजपूत सभा चाकसू पर पूर्व प्रतिपक्ष नेता विधानसभा और पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेंद्र सिंह राठौड़ और श्री राजपूत सभा केंद्रीय अध्यक्ष राम सिंह चंदलाई पहुंचे। इस दौरान श्री राजपूत सभा चाकसू अध्यक्ष वीरेंद्र सिंह गरूडवासी और संगठन मंत्री अर्जुन सिंह राजावत हिंगोनिया एडवोकेट संयोजक भाजपा विधि प्रकोष्ठ जयपुर जिला देहात दक्षिण के द्वारा साफा, माला, दुपट्टा , पहनाकर स्वागत किया।

### कमलेश कुमावत को सम्मानित किया

**फुलेरा ।** कस्बे के निकटवर्ती ग्राम रोजड़ी के निवासी कमलेश कुमार कुमावत पुत्र राजेन्द्र प्रसाद कुमावत को रेल मंत्रालय से अतिविशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया है।

# बिंदायका इलाके में सी.एन.जी. गैस से भरे ट्रक में आग लगी

## अग्निशमन उपकरणों से आग पर तुरंत काबू पाया, हादसा टला

**जयपुर** (कासं)। बिंदायका थाना इलाके में रविवार दोपहर सीएनजी गैस से भरे ट्रक में आग लग गई। ट्रक सीएनजी गैस पम्प के बाहर खड़ा था। ट्रक में सीएनजी गैस के 75 सिलेंडर भरे हुए रखे थे। पम्प पर मौजूद फायर इक्विपमेंट से कर्मचारियों ने तुरंत आग पर काबू पा लिया। पुलिस और फायर बिग्रेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची। समय रहते आग पर काबू पाने के बड़ा हादसा टल गया।

थानाधिकारी भजन लाल ने बताया कि बिंदायका में सिरसी रोड पर सीएनजी गैस का पंप है। रविवार सुबह सीएनजी गैस के 75 सिलेंडरों को लेकर ट्रक पंप पर आया था। सिलेंडरों में गैस भरवा कर बाहर निकलते ही ट्रक में ड्राइवर को ट्रक में खराबी महसूस हुई।

ड्राइवर के पम्प के बाहर ही ट्रक को खड़ा कर दिया और दोपहर बाद ऑयल डालकर ट्रक स्टार्ट किया। स्टार्ट करके रवाना होते ही साइलैंसर के पास स्पार्किंग होने से आग लग गई।

- **बताया जा रहा है कि सिरसी रोड पर बिंदायका इलाके में सी.एन.जी. पंप के खड़े इस ट्रक में 75 सिलेंडर भरे हुए थे**

आग लगने का पता चलने पर ड्राइवर ने तुरंत ट्रक को बंद कर खड़ा कर दिया। पम्प पर मौजूद वर्कर्स की मदद से फायर इक्विपमेंट से तुरंत आग पर काबू पाया। पुलिस फायर बिग्रेड की गाड़ी के साथ मौके पर पहुंची। गनीमत रही कि आग पर तुरंत काबू पा लिया गया। आग के सिलेंडर तक पहुंचने पर ब्लास्ट के साथ ही गैस पंप चपेट में आ सकता था।

### बिजली के तारों के थड़ी में लगी आग

रामनगरिया थाना इलाके में बिजली के तारों में स्पार्किंग होने से एक थड़ी में आग लग गई। आग से थड़ी पूरी तरह जल कर राख हो गई। थड़ी में रखी सब्जी और अन्य सामान जलकर राख हो गया। सूचना पर मौके पर पहुंच कर दमकल ने 15 मिनट में आग पर काबू पाया। दमकल में तैनात मुकेश चौधरी ने बताया कि रात 2 बजे रामनगरिया मोड पर थड़ी में आग लगने की जानकारी मिली। इस पर दमकल की गाड़ी मौके के लिए रवाना की गई।

मौके पर पहुंची दमकल ने करीब 15 मिनट में आग को कंट्रोल किया। इस दौरान दुकान में रखी सब्जी और अन्य सामान जल राख हो गया। स्थानीय लोगों ने बताया कि थड़ी के ऊपर बिजली के तार जा रहे हैं। तार एक दूसरे से टकराए जिस से संपर्क हुआ और चिंगारी निकलने लगी। चिंगारी नीचे रखी सब्जी की थड़ी पर निरंतर करने लगी जिस से थड़ी ने आग पकड़ ली और आगजनी की घटना हुई। लोगों ने थड़ी को जलता देख और आग के विकराल होते देख कर दमकल और पुलिस को जानकारी दी, जिस पर मौके पर पहुंची पुलिस ने आग को कंट्रोल किया।

### मानसरोवर में किराना स्टोर में आग लगी

इसी प्रकार मानसरोवर में गोखले मार्ग पर स्थित एक किराना स्टोर में रविवार सुबह अचानक आग लग गई। धुंआ उठता देखकर स्थानीय लोगों ने दमकल को सूचना दी। सूचना पर मौके पर मानसरोवर दमकल स्टेशन से तीन दमकल मौके पर पहुंची और करीब पौन घंटे में आग पर काबू पाया। आग से करीब 5 लाख रुपए से अधिक का नुकसान हो गया।

पुलिस के अनुसार गोखले मार्ग स्थित सिंघल किराना स्टोर में सुबह करीब 9.30 बजे अचानक आग लग गई। धुआं उठता देखकर स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। आग का प्राथमिक कारण शॉर्ट सर्किट बताया जा रहा है।

# संजय सैनी जार के प्रदेश अध्यक्ष व सुरेश पारीक महासचिव बने

**जयपुर** । जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान (जार) के द्विर्षिक चुनाव में संजय कुमार सैनी प्रदेश अध्यक्ष, सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव व कौशल मूंदड़ा प्रदेश कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। देर शाम पदाधिकारियों ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से मुलाकात की और पत्रकारों की समस्याओं से रूबरू कराया। जिस पर सीएम ने कहा कि मैं पत्रकारों की समस्याओं से वाकिफ हूं, जल्द ही इन्हें दूर करेंगे।

मुख्य चुनाव अधिकारी राकेश कुमार शर्मा व सहायक चुनाव अधिकारी योगेश सैन ने बताया कि जार के चुनाव रविवार को निर्विरोध सम्पन्न हुए, जिसमें वरिष्ठ पत्रकार संजय कुमार सैनी अध्यक्ष, सुरेश पारीक प्रदेश महासचिव, कौशल मूंदड़ा कोषाध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं।

वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद पर वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत, ओम चतुर्वेदी, भूपेन्द्र ओझा, कुश मिश्रा, अनुराग हर्ष, विकास शर्मा, दीपक लवानिया तथा प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर मणिमाला शर्मा, शहजाद खान, विवेक वैष्णव, जगदीश शर्मा, नानालाल आचार्य, यतीश व्यास, अरुण बाहेती निर्वाचित हुए हैं। इसी तरह से प्रदेश सचिव पद पर दीपशिखा शर्मा, प्रकाश चपलोत, अशोक श्रीमाल, दिलीप भाटी, राजेश वर्मा, पुरुषोत्तम जोशी और उमाकांत जोशी निर्वाचित हुए।

# जेल में मिले 3 बदमाशों ने जयपुर में लूटी टैक्सी कार

## सिंधी कैंप थाना पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार किया



सिंधी कैंप थाना पुलिस ने रविवार को कार लूटने वाली गैंग के तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया।

**जयपुर** । सिंधी कैंप थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए किराए पर ली गई टैक्सी कार लूटने वाले दो बदमाशों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि पुलिस जेल में मिले तीन बदमाशों ने योजना के तहत किराए पर कार लेकर चालक को बंधक बनाया और फिर रुपए-मोबाइल छीनकर चलती कार से चालक को सीकर में रोड किनारे फेंक कार लूट ले गए थे।

इनमें शामिल एक बदमाश सीकर के एक व्यवसायी से दो करोड़ रुपए की रंगदारी के मामले में फरार चल रहा है। पुलिस ने गिरफ्तार दोनों आरोपियों की निशानदेही पर लूटी गई कार बरामद कर ली है। वहीं इस मामले में फरार साथी बदमाश की पुलिस तलाश कर रही है।

- **बदमाशों ने किराये पर टैक्सी बुक करके ड्राइवर को बंधक बनाकर लूटपाट की थी और का लेकर फरार हो गए थे**
- **इनमें से एक बदमाश सीकर के व्यवसायी से 2 करोड़ रुपए की रंगदारी मांगने के मामले में फरार था**

पुलिस उपायुक्त जयपुर ( पश्चिम) अमित कुमार ने बताया कि सिंधीकैम्प थाना पुलिस ने लूट मामले में आरोपी दीपक सिंह चौहान उर्फ बॉक्सर (22) निवासी रामगढ़ सेठान सीकर और सचिन सिंह (20) निवासी फतेहपुर कोतवाली सीकर को गिरफ्तार किया गया है।

वहीं इस मामले में साथी बदमाश रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बढानिया फरार चल रहा है, जिसकी पुलिस तलाश कर रही है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर फतेहपुर सीकर से लूटी गई टैक्सी कार बरामद कर ली है।

पुलिस जानकारी में सामने आया है कि फरार बदमाश रविन्द्र सिंह उर्फ बिट्टू बढानिया जुलाई-2024 में जेल से बाहर आया था। अक्टूबर-2024 में फतेहपुर के बड़े व्यवसायी को जान से मारने की धमकी देकर बदमाश रविन्द्र सिंह ने दो करोड़ रुपए की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी मांगने के मामले में फरारी के दौरान रविन्द्र सिंह ने अपने पूर्व केसवार सचिन और जेल में मिले दोस्त दीपक सिंह के साथ कार लूट की योजना की थी। लूट में शामिल तीनों बदमाशों के खिलाफ पूर्व में कई आपराधिक मामले दर्ज है।

थानाधिकारी किरण सिंह ने बताया कि मनोहरपुरा जगतपुरा निवासी अशोक कुमार वर्मा ने एक दिसम्बर को मामला दर्ज करवाया था कि वह अपनी स्विफ्ट डिजायर कार को किराए पर चलाता है और सिंधीकैम्प स्थित संतोष भोजनालय के पास अशोक अपनी कार लेकर खड़ा था। उसके पास आकर तीन युवकों ने सीकर के रानोली जिला सीकर चलने के लिए किराया पूछा।

ढाई हजार रुपए में तय होने पर तीनों युवक कार में बैठ गए। रास्ते में एक हजार रुपए का डीजल भरवाने के बाद कार रुकवाई। कार से उतरकर बदमाशों ने सीट के पीछे चालक अशोक को पटक लिया। सीकर के रानोली के पास उसकी जेब से छह हजार रुपए और मोबाइल निकालकर लिया। चलती कार से रोड किनारे फेंक कर बदमाश फरार हो गए। दो घंटे बाद होश आने पर जैसे-तैसे राहगीर की मदद लेकर पुलिस को लूट की सूचना दी।

# जयगढ़ हैरिटेज फेस्टिवल में कलाकारों और वक्ताओं के कार्यक्रमों की घोषणा



**जयपुर** (कासं)। राजधानी जयपुर का ऐतिहासिक जयगढ़ किला जल्द ही "जयगढ़ हैरिटेज फेस्टिवल" के प्रथम संस्करण की मेजबानी करने के लिए तैयार है। आगामी 27 से 29 दिसंबर तक चलने वाला तीन दिवसीय यह फेस्टिवल भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का उत्सव होगा।

यह फेस्टिवल टीमवर्क आर्ट्स की पहल है, जो जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह के साथ साझेदारी में आयोजित किया जा रहा है। इसमें संगीत, नृत्य व सांस्कृतिक अनुभवों के माध्यम से देश की बेहतरीन प्रतिभाओं को मंच प्रदान किया गया है, जिनके द्वारा जयगढ़ किले की शाही पृष्ठभूमि में प्रस्तुतियां होंगी।

इस फेस्टिवल में भारतीय संगीत जगत की असाधारण प्रतिभाएं व प्रसिद्ध हस्तियां शामिल होंगी। फेस्टिवल की सुबह और शाम के दौरान विविध विधाओं के दिग्गजों की प्रस्तुतियां होगी। इस वर्ष के कार्यक्रम में प्रतिष्ठित गायक कैलाश खेर व कैलासा लाइव, सूफी संगीत के दिग्गज मुख्तियार अली, मशक (बैगपाइप) वादक श्योपत जूलिया, 13वीं पीढ़ी के नगाड़ा वादक नाथू लाल सोलंकी, मयूरी वीणा वादक संदीप सिंह, प्रख्यात गायिका पद्मश्री मालिनी अवस्थी के साथ-साथ कुटले खान प्रोजेक्ट, ताल फ्राई और द निमाड़ प्रोजेक्ट सहित अन्य प्रसिद्ध कलाकारों के समूह शामिल होंगे।

इन आकर्षक प्रस्तुतियों के अलावा, इस फेस्टिवल में भारत के समृद्ध इतिहास, कला, वास्तुकला और संस्कृति की खोज करने वाली ज्ञानवर्धक चर्चाओं की श्रृंखला आयोजित की जाएगी।

लेखक व लोकप्रिय इतिहासकार राणा सफवी भारत की रहस्यमय परंपराओं के बारे में बात करेंगे, जबकि कला इतिहासकार पारुल पंड्या धर लेखिका अश्विता जयकुमार के साथ भारत के टेम्पल आर्किटेक्चर पर चर्चा करेंगी। फेस्टिवल में प्रख्यात यात्रा लेखिका व पत्रकार तृप्ति पांडे, राजस्थान के इतिहास की विशेषज्ञ रीमा हूजा और भारत के लोकप्रिय रेडियो कथाकार व लेखक नीलेश मिश्रा के सत्र भी शामिल किए गए हैं।

जयपुर के हिज हाइनेस महाराजा सवाई पद्मनाभ सिंह ने शहर की विरासत को सेलिब्रेट करने में इस फेस्टिवल की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जयगढ़ किले ने सदियों का इतिहास देखा है और यह फेस्टिवल उस विरासत का सम्मान करना लगातार जारी रखता है। हमारी संस्कृति की जीवंतता और इसके भविष्य की झलक दिखाने वाले आयोजनों के साथ, जयगढ़ हेरिटेज फेस्टिवल जयपुर की मूल आत्मा का अनुभव करने के लिए दुनिया भर के दर्शकों को एक मंच पर लाएगा।

टीमवर्क आर्ट्स के प्रबंध निदेशक संजॉय के. रॉय का कहना है कि जयगढ़ किले में भारत की संस्कृति का जश्न मनाया जा रहा है, जिसमें भारत के बेहतरीन कलाकार, विचारक व कारीगर जुटेंगे। इनकी प्रस्तुतियों के माध्यम से, हम संगीत की विविध शैलियों, नृत्य रूपों और पारंपरिक शिल्पों की बेहतरीन श्रृंखला प्रदर्शित करने की उम्मीद करते हैं, जिन्हें भारत द्वारा सदियों से संरक्षित और संवर्धित किया जा रहा है।"

# नि:शुल्क पट्टा वितरण का दूसरा चरण जनवरी में

**जयपुर** । विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु, आवास विहीन व्यक्तियों को भूखंड आवासीय पट्टा देने की पहल करने वाले देश के एकमात्र राज्य राजस्थान के पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने घोषणा की है कि गत 2 अक्टूबर 2024 को पट्टा प्राप्त करने से वंचित रहे विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतू जाति के आवासहीन लोगों को बसंत पंचमी के आसपास नि:शुल्क आवासीय पट्टा दिया जाएगा।

पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने बताया कि राज्य भर में विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध घुमंतु वर्ग के 1 लाख 23 हजार 757 परिवार चिन्हित किए गए थे, जिनमें से 49546 परिवारों के पास पूर्व में पट्टे हैं। शेष 51078 आवासहीन परिवारों को चिन्हित कर पट्टा वितरण किया गया था।

गत 2 अक्टूबर 2024 को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के द्वारा 17156 परिवारों को राज्य भर में एक साथ पट्टे वितरित किए गए थे। अभियान के दौरान वंचित रहे शेष पात्र लोगों को सरकार द्वारा जनवरी-फरवरी में पट्टे वितरित किए जाएंगे। दिलावर ने कहा कि सरकार की भावना है कि कोई भी पात्र व्यक्ति पट्टा प्राप्त करने से वंचित ना रहे।

शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री ने बताया कि 7 अगस्त 2024 को आयोजित "हरियालो राजस्थान" अभियान में पंचायती राज एवं शिक्षा विभाग द्वारा किए गए वृक्षारोपण का सफलता प्रतिशत 82.49 प्रतिशत रहा जो की एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। दिलावर ने बताया कि अब तक सबसे ज्यादा जीवित पौधों वाले जिलों मे गंगानगर 99 प्रतिशत, राजसमंद 98 प्रतिशत, झुंझुनूं में 96 प्रतिशत, डीडवाना 95 प्रतिशत, नागौर 95 प्रतिशत तथा कोटपूतली बहरोड 94 प्रतिशत सफलता के साथ प्रदेश में अव्वल रहे जिले है।

कम जीवित पौधे प्रतिशत वाले जिलों में करौली 44 प्रतिशत, सलूंबर 54 प्रतिशत, बीकानेर 62 प्रतिशत, गंगापुर सिटी 64 फीसदी तथा डीग 67 प्रतिशत जीवित पौधे वाले जिले हैं।

# तनाव है सेहत का दुश्मन, भरपूर नींद लें : महिमा चौधरी

**जयपुर** । ब्रेस्ट कैंसर को हराकर जिंदगी की जंग जीतने वाली अभिनेत्री महिमा चौधरी ने रविवार को जयपुर में जीवन को सरल, स्वस्थ और सफल बनाने के गुर बताएं। उन्होंने कहा कि तनाव, सेहत का दुश्मन है, इसलिए आनंदित रहे और भरपूर नींद लें। महिमा चौधरी रविवार को चौथे वर्ल्ड हैल्थ एंड वेलनेस फेस्ट के समापन समारोह में बोल रही थी। महिमा ने बताया, मैं यह मानती हूं कि जब मुझे कैंसर हुआ उन कुछ सालों में मुझे काफी तनाव था, हो सकता है कि यही वजह रही हो जिसने मेरे शरीर पर विपरीत असर डाला। इसलिए आप सभी तनाव से दूर रहें, समय पर खाना खाएं, भरपूर नींद लें और जितना हो सके अपनों के साथ समय बिताएं, उनसे अपने दिल की बातें जरूर साझा करें। आज सिर्फ खाने का नहीं बल्कि पानी का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है। ऑर्गेनिक सब्जियों का उपयोग करें, स्वच्छ जल का सेवन करें, शुगर न लें, दिन में दो बार खाना खाएं और शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

कार्यक्रमक में "दिल की बात दिल से" सत्र में डॉ. देवेंद्र कुमार श्रीमाल, निदेशक, कार्डियोलॉजी, डॉ. अंकित माथुर, अतिरिक्त निदेशक और वरिष्ठ सलाहकार, कार्डियक सर्जरी, डॉ. सुनील शर्मा, वरिष्ठ सलाहकार, कार्डियक सर्जरी, बलविंदर सिंह, फैसिलिटी निदेशक, नारायणा ने डॉ. माणिकांत जैन के साथ बातचीत में हृदय रोगों और उनके इलाज पर जरूरी जानकारियां साझा कीं। हाईपरटेंशन और धूम्रपान जैसे कारक हृदय रोगों के प्रमुख कारण हैं। समय पर जांच और इलाज

# 'महिला बैंककर्मियों को सुरक्षित कार्य वातावरण मिले'

**जयपुर** । राजस्थान प्रदेश बैंककर्मी महिला परिषद की ओर से रविवार को तारक भवन जयपुर में परिषद की महिला पदाधिकारी और जयपुर ज़िले की विभिन्न बैंकों की महिला सदस्यों का परिषद अध्यक्ष शिखा बंसल की अध्यक्षता में सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन की मुख्य अतिथि सुनीता चतुर्वेदी राजस्थान की संरक्षक (एनएफआईडब्ल्यू) और डॉ. दीपमाला, वरिष्ठ अधिवक्ता (राजस्थान उच्च न्यायालय) रहीं राजस्थान प्रदेश बैंक एम्पलाईज यूनियन के चेयरमैन आर जी. शर्मा रहे।

दिव्या तंवर संयोजिका, बैंककर्मी महिला परिषद ने बताया कि महिला सम्मेलन में व्यावसायिक , ग्रामीण व सहकारी बैंकों से बड़ी संख्या में 170 महिला बैंक कर्मियों ने भाग लिया। सम्मेलन में महिला सेवा सुरक्षा व महिला अधिकारों के लिए एकजुटता का आव्हान किया गया । हाल ही में विभिन्न बैंक शाखाओं में ग्राहकों द्वारा महिलाकर्मियों के साथ हुए दुर्व्यवहार व हमलों की निंदा की गई । महिला परिषद के सम्मेलन का संचालन मेघा मलिक जीसी सदस्य,



राजस्थान बैंककर्मी महिला परिषद् का सम्मेलन रविवार को आयोजित हुआ।

एआईबीईए और उपसंयोजिका, आरपीबीईयू महिला परिषद ने किया।

सुनीता चतुर्वेदी ने महिला सशक्तिकरण पर अपने विचार साझा करते हुए महिला नेताओं द्वारा विभिन्न आंदोलनों में किए गए संघर्षों और उपलब्धियों के बारे में बताया।

उच्च न्यायालय की अधिवक्ता डॉ. दीपमाला ने भारतीय संविधान में मानव अधिकारों और महिलाओं के अधिकारों पर विस्तार से उनके क़ानूनी पहलुओं पर चर्चा की और महिलाओं को उनके मूल अधिकारों और कर्तव्यों से अवगत कराया। उन्होंने बैंककर्मी या घरेलू सभी महिलाओं को जागरूक होने की जरुरत बताई । इस अवसर पर महिला बैंक कर्मी परिषद की बाईसा-राज" नामक ई-पत्रिका का प्रथम संस्करण का अतिथियों द्वारा विमोचन किया गया । राजस्थान प्रदेश बैंककर्मी महिला परिषद के सम्मेलन को महेश शर्मा सचिव व सूरज भान सिंह आमेरा उप महासचिव आरपीबीईयू , रविदीप चतुर्वेदी क्षेत्रीय सचिव केनरा बैंक यूनियन सूरज प्रकाश सचिव, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया ने भी संबोधित करते हुए महिला बैंककर्मियों को यूनियन की गतिविधियों में अधिक भाग लेने, एकजुट व जागरूक होने के लिए आव्हान किया। सम्मेलन में सभी महिला प्रतिभागियों ने हाल ही में बैंक कर्मियों पर हुए हमलों की निंदा करते हुए ग्राहक द्वारा दुर्व्यवहार पर क़ानूनी कार्यवाही, ग्राहक से सुरक्षा व सम्मान की माँग की गई। इसके साथ ही बैंकों में पर्याप्त स्टाफ़ की भर्ती, बैंकों का निजीकरण रोकने, पाँच दिन का कार्य सप्ताह लागू करने, सभी बैंकों में महिला हक़ के लिए सर्वोच्च न्यायालय की गाइड लाइन लागू करने, महिला कर्मियों के लिए चाइल्ड केयर लिव विशेष अवकाश सुविधा लागू करने, महिला कर्मियों को स्थानांतरण में मानवीय-सामाजिक पक्ष रखने के मुद्दों पर प्रस्ताव पारित किए।

# जे.जे.एस. में रविवार को पहुंचे करीब 20 हजार विजिटर्स

- **जयपुर के शीर्ष ज्वैलर्स द्वारा "द जयपुर एडवांटेजः वॉट सेट्स दिस ज्वैलरी हब अपार्ट" पर ज्ञानवर्धक सत्र आयोजित**
- **नेटवर्किंग डिनर में दिए गए पुरस्कार, बेस्ट बूथ व महिला उद्यिमयों को सम्मानित किया, जैम्स व ज्वैलरी के महाकुंभ का समापन आज**

**जयपुर** । जयपुर एग्जीबिशन एंड कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में आयोजित जयपुर ज्वैलरी शो (जेजेएस) के तीसरे दिन रविवार को शानदार माहौल देखने को मिला। छुट्टी का दिन और फेस्टिवल सीजन के चलते शो ने नए रिकॉर्ड कायम किए। तीसरे दिन जेजेएस में लगभग 20 हजार से ज्यादा विजिटर्स ने शिरकत की, जो अब तक का एक दिन का सबसे बड़ा आंकड़ा था। इससे यहां उपस्थित सभी एग्जीबिटर्स काफी उत्साहित नजर आए।

उनका कहना था कि इस वर्ष का शो पिछले सभी संस्करणों से अधिक सफल और व्यापारिक दृष्टिकोण से लाभकारी साबित हुआ है। गोल्ड की कीमतें लगातार बढ़ने से विजिटर्स में इस बार लाइटवेट ज्वैलरी के प्रति विशेष रुझान देखने को मिला। ब्राइडल ज्वैलरी के प्रति भी काफी क्वेरीज इर्ज की गई। ओपन सेटिंग में नए इनोवेशंस के साथ कुंदन मीना ज्वैलरी और ट्रेडिशनल परब पोल्की काफी पसंद की जा रही है।

रविवार को 'द जयपुर एडवांटेज: वॉट सेट्स दिस ज्वैलरी हब अपार्ट' विषय पर सैशन का आयोजन हुआ। इसमें जयपुर के प्रसिद्ध ज्वैलर्स ने इस पर चर्चा की कि भारत के सबसे अनोखे और सबसे लोकप्रिय आभूषण केंद्र के रूप में जयपुर शहर पूरे विश्व में आकर्षण का



केंद्र क्यों है। इसका आयोजन जेजेएस में जयपुर ज्वैलरी डिजाइन फेस्टिवल (जेजेडीएफ) के अंतर्गत 'अनकट: अनफिल्टर्ड डायलॉग्स' में किया गया। सत्र के पैनलिस्टों में भूरामल राजमल सुराणा से चंद्र सुराणा, सुनीता शेखावत, बिरधीचंद घनश्यामदास से यश अग्रवाल, आम्रपाली से तरंग अरोड़ा और एक्सक्विजिट फाइन ज्वैलरी से अंजू जैन शामिल थे। सत्र का संचालन जेजेएस के संयुक्त सचिव अजय काला ने किया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ज्वैलरी में कलर स्टोन की खास विशेषता है और उद्योग में ग्राहकों के बीच रीयल जेम्स की मांग हमेशा रहेगी।

चंद्र सुराणा ने इस बात पर जोर दिया कि शहर की धरोहर और ब्रांड की विरासत को बनाए रखने के लिए ग्राहकों की संतुष्टि के लिए गुणवत्ता और उच्च मानकों का विशेष ध्यान रखने की आवश्यकता है। इसके साथ ही, उन्होंने कारीगरों व शिल्पकारों की अगली पीढ़ी को सशक्त बनाने, शिल्प को अपनाने के लिए प्रेरित करने और उन्हें उचित मुआवज़ा सुनिश्चित करने के महत्व पर विशेष रूप से जोर दिया।

जयपुर ज्वैलरी में स्टोरी टेलिंग के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, सुनीता शेखावत ने मीनाकारी की उत्कृष्ट कला और मीनाकारी की शुरुआत के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने बताया कि कैसे जयपुर ने गुलाबी मीनाकारी के लिए विश्व में अपनी पहचान बनाई, यह एक ऐसा शिल्प है जो स्टोरी टेलिंग की शक्ति और इन कहानियों की निरंतर व्याख्या और पुनर्रचना के माध्यम से उन्नत हुआ है। हालांकि गुलाबी मीनाकारी की शुरुआत जयपुर में नहीं हुई, लेकिन उन्होंने बताया कि यह शहर की पहचान से से अभिन्न रूप से जुड़ गया है। गुलाबी शहर की कहानी को पिंक इनेमलिंग' की कला के साथ जोड़कर, यह एक अनूठा और स्थायी जुड़ाव स्थापित हो चुका है। उन्होंने सोशल मीडिया के प्रति अपनी चिंता भी व्यक्त की और बताया कि रचनात्मकता के मामले में यह नकारात्मक भूमिका भी निभा सकता है।

जयपुर के आभूषणों को वैश्विक मंच पर बढ़ावा देने की बात करते हुए, यश अग्रवाल ने अंतर्राष्ट्रीय बाजारों में आभूषणों और डिजाइनों को प्रस्तुत करते समय एक प्रभावी और दिलचस्प कहानी को प्रस्तुत करने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पारंपरिकता और नवाचार के बीच संतुलन बनाए रखने की आवश्यकता है, ताकि वैश्विक बाजार की बदलती मांगों को पूरा करते हुए जयपुर की समृद्ध धरोहर को संरक्षित रखा जा सके।

जयपुर के ज्वैलरी हब की दिशा में आगे बढ़ने की बात करते हुए तरंग अरोड़ा ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में जयपुर की ज्वैलरी की बिक्री का मुख्य कारण यह है कि यहां विशेष आभूषणों के अलग-अलग पहलुओं के कई कारीगर हैं, जो इन्हें साधारण यूरोपीय डिजाइनों से अलग बनाते हैं। उन्होंने आगे कहा कि शहर की स्थापना की कहानी व ज्वैलरी मैन्यूफैक्चरिंग द्वारा इसे अपने आभूषणों में शामिल करने की मानसिकता ही जयपुर को अन्य शहरों और यहां तक कि देशों के बीच भी अलग बनाती है। ज्वैलरी डिजाइन में हाल के ट्रेंड्स की बात करते हुए अंजू जैन ने मध्यम वर्ग के लिए आभूषण बनाने का अपना दृष्टिकोण साझा किया।

## सार-समाचार

### "फेबल फेस्ट" समारोह का आयोजन



**जयपुर** । रेनबो स्कूल परिसर में लोकप्रिय व काल्पनिक कहानियों पर आधारित फेबल फेस्ट समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर चेयरमैन सेवानिवृत्त लेफ्टिनेंट कर्नल गोविंद सिंह, निदेशक कैप्टन नरेन्द्र सिंह और प्रधानाचार्या सीमा दीवान के साथ-साथ अभिभावकों व अतिथियों ने समारोह की शोभा बढ़ाई। कक्षा नर्सरी से आठवीं तक के छात्र-छात्राओं ने मिलकर कई रोचक एवं प्रेरणादायक कहानियों जैसे कि -एलिस इन वंडरलैंड, स्नो व्हाइट एंड सेवन ड्वाफर्स, सिंड्रेला और ब्यूटी एंड द बीस्ट को अपने आकर्षक अभिनय व वेशभूषा से मंच पर जीवंत किया। प्रत्येक प्रदर्शन के माध्यम से नैतिक मूल्यों पर प्रकाश डाला गया, जिससे छात्र-छात्राओं को चरित्र-निर्माण की प्रेरणा प्राप्त हुई। विद्यालय की प्रधानाचार्या ने सभी छात्रों पर गर्व करते हुए फेबल्स को जीवन में लाने के लिए और उनकी कड़ी मेहनत एवं रचनात्मक प्रदर्शन के लिए उनकी प्रशंसा की।

### पेंशनर्स ने 300 बच्चों को बांटे स्वेटर



**जयपुर** । पेंशनर समाज उप शाखा मालवीय नगर की ओर से सखी बाल निकेतन एवं अमर सेवा समिति, कुंदा कच्ची बस्ती, झालाना, मालवीय नगर में 30 जरूरतमंद और गरीब बच्चों को स्कूल के संरक्षक सी. पी. गर्ग के देखरेख में सर्दी से बचाव के लिए गर्म स्वेटर और जर्सी का वितरण किया गया। पेंशनर समाज के उप सचिव बाबू लाल गुप्ता ने बताया कि इसे मिलाकर अब तक चार चरणों में करीब 300 जरूरतमंद बच्चों को स्वेटर और जर्सी वितरित की जा चुकी है। इस अवसर पर पेंशनर समाज के डॉ सतीश गुप्ता संरक्षक, ओम प्रकाश शर्मा उपाध्यक्ष, विजय चंद गुप्ता कोषाध्यक्ष, युधिष्ठिर शर्मा संगठन सचिव उपस्थित थे।

### एलुमिनाई मीट में पूर्व छात्रों का सम्मान



**जयपुर** । जयपुरिया इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट ने रविवार को 14वीं एलुमिनाई मीट "आगमन" का आयोजन किया। कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. प्रभात पंकज ने पूर्व छात्रों का उनकी कॉर्पोरेट जगत में अपनी पहचान बनाने के लिए स्वागत किया। उन्होंने यह भी कहा कि पूर्व छात्र संस्थान के एंबेसडर हैं। एलुमिनाई मीट में अहमदाबाद, मुंबई, कोलकाता, इंदौर, रांची, पटना, पुणे, लखनऊ, चंडीगढ़, आगरा, भोपाल, कानपुर, दिल्ली एनसीआर से लेकर राजस्थान के कई शहरों तक पूरे भारत से 300 से अधिक पूर्व छात्रों ने भाग लिया। कार्यक्रम में पूर्व छात्र पत्रिका "इनटच" के पार्ट-10 का विमोचन भी हुआ। बैठक के दौरान बैच 2023-25 के दो छात्रों- अक्षिता जैन और हरलीन कौर को मेधावी छात्रवृत्ति के रूप में प्रत्येक को 25 हजार रुपये से सम्मानित किया गया। छह छात्रों-शुभांगी दुबे, चाहत विजय, मीमांसा दाधीच, अक्षत चौहान, दिव्यांश गर्ग और आर्यन कात्याल को भी एसआईपी प्रतियोगिता में अव्वल रहने पर नकद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

### खेमराज कमेटी की अनुशंषा पर असंतोष

**जयपुर** । खेमराज समिति की अनुशंषा पर वित्त विभाग द्वारा जारी आदेशों में सहकारिता अधीनस्थ सेवा के निरीक्षकों की मांगो की पूर्ण रूप से अनदेखी करने पर सहकारिता निरीक्षकों के संगठन राजस्थान सहकारी अधीनस्थ सेवा एसोसिएशन द्वारा इन आदेशों और खेमराज समिति की रिपोर्ट पर भारी असंतोष जताया है। एसो. की अध्यक्ष सुमित्रा चौधरी द्वारा समिति के समक्ष प्रस्तुत मांगों पर सरकार द्वारा पुनर्विचार करते हुए सकारात्मक निर्णय लिया जाए।



## Tie Month

Pause and think a moment, imagine for yourself a powerful man in command of himself and the world. Respectable, dependable, and the very symbol of trustworthiness in a world that's forgotten what being trustworthy means. Spicing up outfits with those sleek, fabric accessories that effortlessly add a dash of personality and professionalism. If you've just imagined a man in a suit and tie (and you know that the tie is mandatory), then you'll understand why the noble necktie has been granted a holiday of its very own, Tie Month.

#WELFARE

# Caregiver's well-being declines over time

Researchers explore how time spent in caregiving affects well-being. They found that the more time people spent on caregiving tasks, the more their well-being suffered, regardless of gender. The study further examines factors like caregiving intensity, the relationship between caregivers and recipients, and full-time employment. Surprisingly, these factors had little influence on the overall decline in well-being, suggesting that caregivers face similar challenges across different contexts.





New research shows that the longer individuals spend caring for loved ones, the more their well-being suffers, regardless of the caregiving context. These findings underscore the need for policy discussions to alleviate the burden of informal care. The prevalence of informal caregiving continues to rise globally, bringing abrupt changes to caregivers' lives. But how does caregiving affect their well-being? Past research offers conflicting views. Some suggest that it enhances well-being by providing a sense of purpose, while others report decline due to emotional strain.

To address this, the new study from the University of Zurich (UZH) analyzed data from 28,663 caregivers, who contributed 281,884 observations across panel studies in the Netherlands, Germany, and Australia. The results show a consistent drop in life satisfaction and emotional health, with an increase in loneliness and anxiety, particularly for women. "The results of our analyses showed a decline in well-being in the years following the start of caregiving," explains co-author, Michael Krämer from the Psychology department at UZH. "These declines were consistent across different aspects of well-being, life satisfaction, emotional experiences, depression/anxiety, and loneliness, and were more pronounced and longer lasting for women than for men." The researchers also explored how time spent in caregiving affected well-being. They found that the more time people spent on caregiving tasks, the more their well-being suffered, regardless of gender. The study further examined factors like caregiving intensity, the relationship between caregivers and recipients, and full-time employment. Surprisingly, these factors had little influence on the overall decline in well-being, suggesting that caregivers face similar challenges across different contexts.

"While these findings highlight the stress caregiving can bring, individual experiences may differ," says Krämer. "There are other aspects of psychological well-being, such as finding a sense of purpose, that we couldn't assess with these data." Some caregivers may even find meaning in their role.

Overall, the findings are consistent with stress theory and show the potential decline in well-being that often accompanies informal caregiving. Women appear to be particularly vulnerable, likely because they tend to take on more intensive responsibilities for close family members. These findings highlight the need for policies that reduce the reliance on informal care, such as improved access to formal long-term care or blended care solutions that could mitigate the negative effects on caregivers.











# Veterans Run

## And Who Are They?



Every few years, I go to the United States of America and while walking on the streets, and in their fancy shopping malls with my Veteran Cap, I am frequently greeted by the citizens of America with the words, **"Thank you for your service."** They don't know me and nor do they know all the Veterans of their own country. But they realise, as we should, that **while we do not know every Veteran, we owe them a great deal.** In fact, one is elated when one is respected and honoured as a *veteran in a foreign country*. When one queues up for boarding an aircraft in the USA, invariably, **the first announcement is "Personnel of the Armed Forces and Veterans may please board first."**



**Admiral Madhvendra Singh**
*Rtd. Chief of Navel Staff*

A unique event took place in Jaipur at the behest of the General Officer Commanding-in-Chief, South-Western Army Command, Lt General Manjinder Singh. It was the **HONOUR RUN** on Sunday, the 8th December, which has been started primarily to honour our Veterans. It was flagged off from the iconic Albert Hall, and there were different distances to be run for various age groups. (Regrettably, none for the over 80s!) While the run was in progress, the Army had a demonstration of Martial Arts and other military activities for those awaiting the return of the 'Honour Runners.' The finishing too was at the Albert Hall and the General, thereafter, hosted a Felicitation Dinner to honour those who had won prizes in the Honour Run. Hundreds came to run, as also many on wheelchairs, to honour our veterans.

I am from the Navy, and I am aware that my fellow sailors, as also our Airmen and personnel of the Paramilitary forces, undergo many stresses and strains, and have a very difficult life compared to our civilian brethren. But I have no hesitation in saying that amongst all the uniformed services, it is the Army that bears the greatest hardship and makes the maximum sacrifices. Therefore, all of us citizens have a great deal to thank our Army for. It is because of this great institution, and our Navy and Air Force that our country remains free and democratic and that we, citizens, live peacefully and go about our business and make India prosperous. It is thanks to the Army that Kashmir is still with us because in the early 90s, terrorists were roaming in the streets of Kashmir with Kalashnikovs in hand, and threatening all and sundry. Such an onerous task cannot be accomplished by weak, pot-bellied, unfit, and even older persons. The nation needs a young, physically fit Army, Navy and Air Force to defend our country, and, therefore, personnel of the armed forces, unlike the police and paramilitary forces, do not serve upto the age of 60. They are retired at a much younger age, and therefore, need the support and understanding of citizens and the Government, when they leave the Armed Forces and become a VETERAN.

**Who is this Veteran?** He is, perhaps, a person who left home in his late teens or early 20s, went through a stringent selection process, followed by very rigorous training, which transformed him from a boy to a man capable of defending our country. On joining his Service, he comes under the Army / Navy / Air Force Act, which take away from him a whole lot of rights granted by the Constitution to the average citizen. On completion of this training, he/she takes an Oath at a solemn ceremony, which ends with the words,

**"that I will observe and obey all the commands of the President of the Union of India and the commands of any officer set above me, *even to the peril of my life.*"**

**In other words, he gives to the President, and through him to you, the people of India, a blank cheque for his life.** No other service takes such an oath. Forget offering their lives, all other services can go on strike, if and when they wish. They can be absent from their offices and give a lame excuse of being sick, they can be absent without leave. At times, they even refuse to move on posting (hoping for 'divine' intervention to change it!), et cetera. Not so a soldier who is on duty 24 x 7 x 365 days of the year. After completing his Colour service, he becomes a veteran at the age of between 35 and 50, which is an age where everyone is getting more and more commitments of looking after growing up children and aging parents. We, as citizens of India, should recognise the sacrifices made by our veterans and, if nothing else, give them the respect that their uniform and the Service, they have rendered, deserves. Every few years, I go to the United States of America and while walking on the streets, and in their fancy shopping malls with my Veteran Cap, I am frequently greeted by the citizens of America with the words, **"Thank you for your service."** They don't know me and nor do they know all the Veterans of their own country. But they realise, as we should, that **while we do not know every Veteran, we owe them a great deal.** In fact, one is elated when one is respected and honoured as a *veteran in a foreign country*. When one queues up for boarding an aircraft in the USA, invariably, **the first announcement is "Personnel of the Armed Forces and Veterans may please board first."** And at times, those standing by to board, will even honour the servicemen boarding by clapping if they are in uniform. Even in the concessions granted to Veterans at various museums and other venues, they don't make a distinction between the US veterans and a veteran of the Indian Navy. For them, a Veteran is a Veteran.

A soldier fights, and at times, dies, for **"Naam, Namak Aur Nishan"** (i.e. **'Naam'** for the name *(Izzat)* of his unit and service, the place to which he belongs and his country, **'Namak'** for the citizens of India, who have faith in him and give him his wherewithal, **'Nishaan,'** the Flag that he is sworn to protect). That is why throughout history, the soldier has been given a special status and the profession of arms has been valued even in our scriptures. Even today, any one aspiring to be the King of England has to serve in the Armed Forces. Today, there are 212446 veterans and 60143 veterans' widows in Rajasthan, with the maximum numbers hailing from the districts of Jhunjhunu, Kotputli-Behror and Jaipur, our area. Last year, 23 of our soldiers made the supreme sacrifice in the line of Duty. Every year, another 3500 join the ranks of *Veterans* in Rajasthan.

Being a soldier is not just something about courage. It is not just about making a living. It is something more. It is about sacrificing yourself for something greater than yourself, which is our beloved Country. As the epitaph in the Kohima cemetery reads,

**"When you go home, tell them of us and say,**
**That for your tomorrow, we gave our today."**

Many of us are unaware that the Constitution of India authorises the prefix of Rank prior to the name only for Commissioned Officers of the Armed Forces. An Officer of the Armed forces carries his rank forever more, and with great pride. Even when he dies, he is referred to as Late General. Help educate their children. In our culture, we are giving 'Daan' on various occasions. My mother always said that the best 'Daan' is 'Vidya Daan,' to educate someone. Another way we can help is to give them a job. I can assure you that a veteran will be an asset to any team. If you are in Government, at least ensure that the vacancies reserved for Veterans are allotted to them and not to someone else.

**About veterans, 11 year-old Jodie Johnson wrote,**

"Who are these men who March so proud;
Who quietly weep, eyes closed, head bowed;
**These are the men who once were boys,**
**Who missed out on youth and all its joys,**
Who are these men with aged faces,
Who silently count the empty spaces?
**These are the men who gave their all**
**Who fought for their country for freedom for all,**
Who are these men with sorrowful look,
Who can still remember the lives that were took,
**These are the men who saw young men die,**
**The price of peace is always high**
Who are these men who promised to keep,
Alive in their hearts, the ones God holds asleep?
**These are the men to whom I promise again:**
**'VETERANS,' my friends, I will remember them!"**

At the Felicitation Dinner, I thanked **General Manjinder Singh** for honouring us Veterans and **suggested that this Honour Run should be made an annual event to be conducted on the second Sunday of every December so that it is a regular event in the Jaipur calendar.** Hopefully, it will be conducted again.

*rajeshsharma1049@gmail.com*

#HONOUR














#J'ADORE

# How To Wear a Beanie

Beanie hats are a lifesaver when you want to heat up your street style game.

Of all the cold-weather accessories you could possibly buy this season, the beanies are non-negotiables. They come in a million colours, knits, and fits and can effortlessly pull together an outfit while also keeping your ears and head warm when it's bone-chillingly cold outside. Beanie hats are a lifesaver when the weather isn't exactly warm, but also when you want to heat up your street style game. All the cool girls are sporting this stylish accessory. Want to nail this effortlessly cool look? We've got a few ways you can wear a beanie and look good in it. Try them all and see which one suits you best.



### The Standard Beanie

**This** is a basic way of wearing a beanie, a happy medium between close fitting and slouchy.



### The Slouchy Beanie

**If** your beanie is of a looser, more slouchy style, wear it pushed back on your head with the top of the beanie left to slouch.



### The PomPom Beanie

**If** you want to add a little something to your beanie, let it be a pompom! A cute beanie with a pompom will add a fun, playful touch to your look.



### The Stylish Beanie

**For** a casual, but stylish look, wear the beanie at the scalp line and let your hair out. Both side swept hair and the centre part look great with a beanie.



### The Fitted Beanie


**Another** way of rocking a beanie is wearing a close fitting beanie or rolling up a slouchy beanie. This basic style of wearing a beanie is simple and fuss free and will definitely keep you warm.



### The Bangs Out Beanie

**For** a cute and stylish look, let your bangs out and wear the beanie further up on your head so that the beanie doesn't flatten your bangs to come down over your eyes.

## THE WALL




## BABY BLUES

By Rick Kirkman & Jerry Scott




## ZITS

By Jerry Scott & Jim Borgman



# निजी आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र की मौत, प्रदर्शन किया

## छात्र की मौत पर परिजन और ग्रामीणों ने करौली अस्पताल में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा

**करौली, (निसं)।** करौली के निकटवर्ती कुड़गांव थाना क्षेत्र के सलेमपुर गांव स्थित एक निजी आवासीय विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र की मौत पर परिजन और ग्रामीणों ने करौली अस्पताल में प्रदर्शन कर ज्ञापन सौंपा। परिजनों ने हॉस्टल के शिक्षकों पर ही मारपीट के आरोप लगाए हैं।

मामले में करौली विधायक दर्शन सिंह गुर्जर, सपोटरा पुलिस उपाधीक्षक कन्हैयालाल और करौली के कार्यवाहक उपजिला कलेक्टर कौशल गर्ग ने समझाइश कर मामला शांत कराया। इसके बाद परिजन पोस्टमार्टम पर सहमत हुए। मृतक का मेडिकल बोर्ड से पोस्टमार्टम कराया गया। मामले को लेकर पुलिस ने दो आरोपी शिक्षकों को भी हिरासत में लिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। परिजनों ने आरोपी शिक्षकों के खिलाफ हत्या की धाराओं में मामला दर्ज करने, पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने और आवासीय विद्यालय को सीज करने की मांग की है। पुलिस प्रशासन ने नियम अनुसार उचित कार्रवाई का भरोसा दिया है। युवा नेता राजेंद्र मनेमा ने बतयया कि मृतक बालक दिलराज मीणा पुत्र राम अवतार मीणा (14) निवासी गांवड़ा मीणा है।


करौली अस्पताल में विधायक दर्शनसिंह गुर्जर ने परिवारजनों से समझाइश की।

- पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, आरोपियों की गिरफ्तारी और विद्यालय सीज करने की मांग की
- परिजनों ने आवासीय विद्यालय के शिक्षकों पर मारपीट के आरोप लगाए, तीन शिक्षक हिरासत में

मृतक चार भाई और दो बहन थे। मृतक बालक का पिता मजदूरी का कार्य करता है। सलेमपुर गांव स्थित आवासीय विद्यालय में सातवीं कक्षा का छात्र था। परिजनों का आरोप है कि विद्यालय के ही दो शिक्षकों ने बालक से मारपीट की जिससे बालक गंभीर रूप से घायल हो गया। आरोप है कि विद्यालय से परिजनों को किसी ने सूचना नहीं दी। विद्यालय के ही किसी अन्य व्यक्ति द्वारा सूचना मिलने पर परिजन विद्यालय पहुंचे, जहां से बालक को लेकर गंगापुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां से दो दिन बाद बालक को करौली के सरकारी अस्पताल लेकर आए। यहां से बालक को गंभीर अवस्था में जयपुर रैफर कर दिया। 21 दिसंबर शाम को जयपुर ले जाते समय बालक कि रास्ते में मौत हो गई।

इसके बाद परिजन मृतक को लेकर करौली अस्पताल पहुंचे और शव को मोर्चरी में रखवाया। घटना की जानकारी मिलते ही बड़ी संख्या में लोग अस्पताल में जमा हुए और प्रदर्शन किया। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता, आरोपियों की गिरफ्तारी और आवासीय विद्यालय को सीज करने की मांग की। सपोटरा पुलिस उपाधीक्षक कन्हैयालाल ने बताया कि मामले में दो लोगों को हिरासत में लिया है और जांच की जा रही है। साथ ही परिजन और ग्रामीणों की मांग पर आरोपियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया जाएगा।

# केंद्रीय मंत्री शेखावत ने किए श्री सांवलिया सेठ के दर्शन


केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने विधायक एवं अधिकारियों से चर्चा की।

**मंडफिया, (निसं)।** केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भगवान श्री सांवलिया सेठ मंडफिया के दर्शन किए। जानकारी के अनुसार केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार सुबह भगवान श्री सांवलियाजी सेठ के दर्शन करने मंडफिया पहुंचे।

दर्शन के दौरान केंद्रीय मंत्री शेखावत का मंदिर परंपरा के अनुसार उपरना ओढ़ाकर भगवान का महाप्रसाद एवं तस्वीर भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया गया। इस मौके पर केंद्रीय मंत्री शेखावत के स्वागत में आए चित्तौड़गढ़ विधायक चंद्रभान सिंह आक्या, कपासन विधायक अर्जुनलाल जीनगर ने भी सांवलिया सेठ के दर्शन किए।

मंदिर मंडल की ओर से केंद्रीय मंत्री शेखावत का अतिरिक्त जिला कलेक्टर प्रभा गौतम, भदेसर उपखंड अधिकारी ऋषि सुधांशु पांडे, मंदिर के प्रशासनिक अधिकारी नंदकिशोर टेलर, मंदिर प्रभारी राजेंद्र कुमार शर्मा, सुरक्षा प्रभारी भैरुगिरी गोस्वामी, संस्थापन प्रभारी लेहरीलाल गाडरी आदि ने गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया। इस मौके पर श्री सांवलियाजी मंदिर बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष सत्यनारायण शर्मा, मंडफिया पूर्व सरपंच हजारीदास वैष्णव, सांवलियाजी मंदिर बोर्ड के पूर्व सदस्य भैरूलाल गाडरी भूतखेड़ा, भैरूलाल सोनी मंडफिया, मंडफिया जीएसएस सदस्य भगवान लाल तिवारी, घनश्याम सिंह गुड्डा, रमेशचंद्र वैष्णव, सचिन वैष्णव सहित सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ताओं ने केंद्रीय मंत्री शेखावत का स्वागत किया।

## 813वां सालाना उर्स : तैयारियां शुरू

**अजमेर, (कासं)।** ख्वाजा मोइनुद्दीन हसन चिश्ती (ख्वाजा साहब) के 813वें सालाना उर्स की अनौपचारिक शुरुआत 28 दिसंबर को झंडे की रस्म के साथ होगी। 31 दिसंबर को छड़ियां लेकर मलंग अजमेर पहुंचेंगे। जिला प्रशासन ने भी उर्स की तैयारियां शुरू कर दी है। कायड़ विश्राम स्थली पर उर्स में आने वाले जायरीन की सुविधा के लिए 17 डोम बनाए जाएंगे, जिसमें 16 छोटे और एक बड़ा होम शामिल है। ख्वाजा गरीब नवाज के उर्स की छड़ियां लेकर कलंदर व मलंग गत दिनों दिल्ली से रवाना हो गए, जो 31 दिसंबर को अजमेर पहुंचेंगे। जिला प्रशासन द्वारा उर्स की तैयारियों के मद्देनजर देश प्रदेश भर आने वाले जायरीन के लिए कायड़ विश्राम स्थली पर टेंट और डोम लगाने का कार्य रविवार से शुरू होगा। एडीए प्रशासन द्वारा 2 करोड़ 40 लाख रुपए के वर्क ऑर्डर जारी किए। एडीए द्वारा जयपुर की फर्म टेंट लगाने की जिम्मेदारी दी है, यह फर्म विश्राम स्थली पर 17 डोम लगाएगी।

# राशन की दुकान से गेहूं के 223 कट्टे चोरी

**पावटा, (निसं)।** समीपस्थ ग्राम कारोली स्थित राशन दुकान की दुकान से अज्ञात बदमाश गेहूं के 223 कट्टे चुराकर ले गए। प्रागपुरा थाना पुलिस दल ने घटनास्थल पहुंचकर जांच की। चोरों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस उनकी तलाश कर रही है।

उचित मूल्य (राशन दुकान) राशन डीलर राकेश सिंह शेखावत पुत्र महेश सिंह शेखावत ने पुलिस को बताया कि उसने अपनी पत्नी लक्ष्मी कंवर के नाम से ग्राम पंचायत कैरोडी में उचित मूल्य (राशन दुकान) का लाइसेंस ले रखा है। वहीं ग्राम पंचायत कारोली में भी उचित मूल्य (राशन दुकान) अटैचमेंट में ले रखी है। ग्राम पंचायत कारोली में उचित मूल्य (राशन दुकान) दो दुकानों मे 231 गेहूं के कट्टे थे व ग्राम पंचायत कैरोडी में उचित मूल्य (राशन दुकान) में 186 गेहूं के कट्टे थे। 21 दिसम्बर को दोपहर में दुकान मालिक सुभाष यादव उर्फ मलुक ने फोन पर बताया कि दुकान के आगे गेहूँ बिखरे पड़े हैं। सूचना पर आकर दुकान संभाली तो दुकान का ताला टूटा हुआ था व 231 गेहूं के कट्टों में से केवल 8 कट्टे मिले। अज्ञात चोर दुकान के ताले तोड़कर घुसे व गेहूं के कट्टे चुराकर ले गए।

## हादसे में एक घायल

**पावटा, (निसं)।** राष्ट्रीय राजमार्ग-48 पर पावटा कस्बे से गुजर रहे फ्लाईओवर पर तेज रफ्तार से आ रही कार हाईवे पर खड़े ट्रैक्टर ट्राली में जा टकराई। इस हादसे के बाद कार बुरी तरीके से क्षतिग्रस्त हो गई तो वहीं कार में सवार पांच लोगों मं से एक व्यक्ति घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पावटा में भर्ती कराया गया है। मामला प्रागपुरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाईवे-48 का है। यहां कार में सवार होकर पांच लोग जा रहे थे।

## दुष्कर्म मामले में एक गिरफ्तार

**मानपुरा माचेड़ी, (निसं)।** चंदवाजी थाना पुलिस ने एक नाबालिग बालिका का अपहरण करने व दुष्कर्म करने के आरोप में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। जयपुर ग्रामीण पुलिस अधीक्षक आनन्द शर्मा ने बताया है कि नाबालिग पीड़िता के परिजनों ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि गत 8 नवम्बर की रात्रि में नरेन्द्र चौधरी उर्फ बाबू परिवादी की नाबालिग लड़की को बहला फुसलाकर व डरा धमकाकर उसके साथ गलत काम करने के उद्देश्य से उठाकर ले गया। इस पर प्रकरण दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। चंदवाजी थाना प्रभारी सुगन सिंह के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। गठित टीम द्वारा जानकारी एकत्र कर व तकनीकी सहायता से नाबालिग बालिका को दस्तयाब किया गया तथा नाबालिग बालिका का अपहरण कर उसके साथ दुष्कर्म करने वाले आरोपी नरेन्द्र चौधरी उर्फ बाबू पुत्र बालूराम जाट को गिरफ्तार किया गया है।

## दर्शनार्थी पर तलवार से हमला

**टोंक, (निसं)।** नासिरदा थाना क्षैत्र स्थित रानक्या बालाजी मन्दिर परिसर में दर्शन करने आये एक युवक पर दूसरे युवक ने तलवार से हमला कर दिया, जिसे गम्भीर घायल अवस्था में नासिरदा अस्ताल ले जाया गया, जहां से उसे देवली चिकित्सालय रैफर कर दिया। शनिवार को रानक्या बालाजी मन्दिर में दर्शन करने आये हेमराज पुत्र रामलाल गुर्जर निवासी नयावास कॉलोनी को दूसरे युवक ब्रम्हराज पुत्र लालाराम गुर्जर ने तलवार से हेमराज पर अचानक तीन-चार बार वार कर दिया, इससे हेमराज घायल हो गया और वहीं बेहोश हो गया। अचानक हुए हमले से अन्य श्रद्धालुओं में अफरा-तफरी मच गई एवं मौका पाकर आरोपी वहां से भाग गया। सूचना पर पहुंची नासिरदा थाना पुलिस ने घायल को स्थानीय नासिरदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसे गम्भीर हालत होने के कारण देवली चिकित्सालय रैफर कर दिया। घायल होने से हेमराज को गम्भीर चोटें आई है।

# छारसा में 50 साल पुराने अतिक्रमण को हटाया

**मनोहरपुर, (निसं)।** छारसा ग्राम पंचायत में राजस्व विभाग की टीम ने जेसीबी की मदद से 50 साल पुराने अतिक्रमण को हटाकर आमजन को राहत पहुंचाई है। यह अतिक्रमण पंचायत भवन के सामने से मोक्षधाम तथा किशन दास जी महाराज के जोहड़े में जाने वाले रास्ते में करीब 50 साल पुराना था।

जानकारी के अनुसार छारसा ग्राम के आम रास्ते में करीब 50 साल पुराना अतिक्रमण था। जिससे लोगों को आवागमन में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। जिला कलेक्टर जितेंद्र सोनी के आदेशों की पालना के तहत उक्त मामले में ग्राम पंचायत की मांग पर उप तहसीलदार दीलीप चौधरी मनोहरपुर के द्वारा गठित राजस्व टीम ने सीमाज्ञान कर, चिन्हित कर रास्ते को अतिक्रमण मुक्त किया गया। पिछले 50 वर्षों से इस समस्या से सरपंच छारसा राधेश्याम वशिष्ठ के प्रयासों से निजात मिली है।

पटवारी छारसा रामकिशन गुर्जर ने बताया कि राजस्व टीम में गिरदावर रामगोपाल यादव, गिरदावर रामगोपाल जाट, पटवारी मक्खन लाल, पटवारी वीरेंद्र कुमार का विशेष सहयोग रहा। ग्राम विकास अधिकारी दिनेश शर्मा ने बताया कि इस रास्ते के खुल जाने से आमजन को आने-जाने में बहुत सुलभता होगी। करीब 700 लोगों को आवागमन में सुविधा मिलेगी। इस दौरान गांव के गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## सड़क सुरक्षा अभियान चलाया

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर पूरे राज्य में सड़क दुर्घटना को रोकने के लिए सड़क सुरक्षा जन चेतना अभियान चलाया रहा है। युवा मामले एवं खेल विभाग के शासन सचिव डॉ. नीरज के. पवन ने बताया कि राज्य में 23 से 30 दिसंबर 2024 तक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। राजस्थान युवा बोर्ड के सदस्य सचिव कैलाश चंद पहाड़िया ने बताया कि इस अभियान में विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं जैसे यातायात नियमों की जानकारी, लघु फिल्म एवं पोस्टर प्रतियोगिता के माध्यम से जन चेतना की जाएगी। इस संबंध में सभी जिला युवा बोर्ड के अध्यक्षों को आवश्यक निर्देश प्रदान किए गए हैं कि नेशनल एंड स्टेट हाईवे चयनित कर 20-20 युवाओं का समूह बनाकर सड़क सुरक्षा संबंधी जानकारी दी जाये।

# छात्रावास में अनियमितताओं को लेकर छात्रों में रोष

## आरोप है कि छात्रों को भोजन निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है

**बीदासर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम सांडवा में स्थित राजकीय अम्बेडकर छात्रावास में व्यापत अनियमितताओं को लेकर छात्रों ने नारेबाजी कर रोष प्रकट किया। मामले को लेकर मानवाधिकार एवं भ्रष्टाचार उन्मूलन संगठन के तहसील अध्यक्ष एडवोकेट गोविंद मेघवाल ने छात्रावास के संचालन में बरती जा रही अनियमितताओं को लेकर समाज कल्याण अधिकारी राजेंद्र स्वामी को पत्र भेजकर अवगत करवाया।

पत्र में लिखा है कि छात्रावास में रह रहे छात्रों के साथ छात्रावास अधीक्षक द्वारा दुर्व्यवहार किया जा रहा है एवं छात्रावास के संचालन में भयंकर अनियमिततायें बरती जा रही है। छात्रावास में छात्रों के नहाने हेतु गर्म पानी की व्यवस्था नहीं है जिस कारण छात्र इस भयंकर सर्दी के मौसम में ठण्डे पानी से नहाने को मजबूर है जिससे कई छात्र बीमार हो गये। छात्रों को भोजन भी निर्धारित मेन्यू के अनुसार नहीं दिया जा रहा है और छात्रों से ही रसोई में रोटियां सेकने का कार्य करवाया जाता है। छात्रों को रात्रि 10 बजे के बाद लाईट नहीं जलाने देते हैं। छात्रावास में एक अज्ञात व्यक्ति अवैध तरीके से छात्रावास में निवास कर रहा है और छात्रावास की सुविधाओं का दोहन कर रहा है, इतना ही नहीं उक्त व्यक्ति दादागिरी दिखाकर और छात्रों को डराकर उनसे जबरदस्ती छात्रावास के शौचालयों की सफाई भी करवा रहा है और छात्रावास में छात्रों के साथ दुर्व्यवहार किया जा रहा है।

- छात्रों से ही रसोई में रोटियां सेकने का कार्य करवाने सहित कई आरोप

ज्ञापन में यह भी लिखा है कि छात्रावास अधीक्षक द्वारा छात्रों को डराया-धमकाया जा रहा है और छात्रावास से निकाल देने की धमकियां दी जा रही है। हॉस्टल में रहने वाले छात्रों की कोई सुनवाई नहीं कर रहा है जो छात्रों के अधिकारों का हनन है। सरकार द्वारा गरीब, पिछड़े छात्रों के उत्थान के लिए यह छात्रावास की सुविधा दी जाती है। छात्रावास में छात्रों के साथ इस प्रकार दुर्व्यवहार और शोषण, शारीरिक एवं मानसिक प्रताड़ना किसी भी प्रकार से उचित नहीं है। वही पत्र की प्रति सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री और जिला कलेक्टर को भी भेजकर यथाशीघ्र जांच कर नियमानुसार कार्यवाही कर छात्रावास में हो रही अव्यवस्थाओं का निराकरण करने की मांग की गई। मामले को लेकर बीदासर समाज कल्याण अधिकारी राजेंद्र स्वामी ने कहां कि छात्रावास में अव्यवस्थाओं की शिकायत मिली है, जिसकी जांच की जा रही है। जांच में दोषी पाएं जाने पर विभागीय कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

# नकली नोट छापने वालों के खिलाफ कार्रवाई, दो गिरफ्तार

**ब्यावर, (निसं)।** पुलिस थाना जैतारण द्वारा 7600 रूपये की जाली भारतीय मुद्रा जब्त की गई है। दो आरोपी तौहीद शेख व मनीष माली निवासी निमाज को गिरफ्तार किया गया है। मुख्य सरगना निरंजन वैष्णव के किराये के कमरे से नोट छापने के कार्य में प्रयुक्त कम्प्यूटर, लैपटॉप व अन्य मशीनरी भी जब्त कर ली गई है।

गौरतलब है कि मुख्य सरगना निरंजन वैष्णव पूर्व में भीलवाड़ा पुलिस द्वारा भी किया जा चुका है। मुख्य सरगना निरंजन की जैतारण थाना पुलिस द्वारा तलाश की जा रही है। आरोपी निरन्जन वैष्णव पुलिस थाना ब्यावर सदर एवं जिला भीलवाड़ा में भी वांछित है। जिला पुलिस अधीक्षक श्याम सिंह के निर्देशानुसार अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व वृत्ताधिकारी जैतारण के निकटतम सुपरविजन में थानाधिकारी पुलिस थाना जैतारण मय टीम द्वारा जाली मुद्रा चलाने व फर्जी तरीके से भारतीय मुद्रा छापने वालों के खिलाफ बड़ी कार्यवाही कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया।

गौरतलब है कि शनिवार को ही मुखबिर से प्राप्त सूचना पर पुलिस टीम द्वारा तोहीद व मनीष माली को निमाज से आकेली की तरफ जाली नोट बाजार में चलाने हेतु जाते समय नोटों के साथ गिरफ्तार किया और उनके कब्जे से वाहन को जब्त किया गया। पूछताछ पर उन्होंने बताया कि हमनें नकली नोट निरंजन वैष्णव निवासी आकोदिया पुलिस थाना आनन्दपुर कालू हाल निवासी निमाज जो की अपने किराये के कमरे में लैपटॉप, प्रिन्टर व अन्य मशीनरी से जाली नोट छापने का काम कर रहा है। निरंजन वैष्णव के कमरे पर दबिश दी, आरोपी निरंजन वैष्णव को भनक लगने पर फरार हो गया, लेकिन कमरे में रखे जाली नोट, लैपटॉप प्रिन्टर व मशीनरी इत्यादी को जब्त कर आरोपी तोहीद शेख पुत्र फकीर मोहम्मद निवासी प्रजापतों का मौहल्ला निमाज, मनीष पुत्र रामनिवास उर्फ राजु माली निवासी बेरा महादेव की बाडी निमाज को गिरफ्तार किया।

# राहगीरों से मोबाइल छीनने का आरोपी गिरफ्तार

**निवाई, (निसं)।** ईवनिंग वाक कर रहे राहगीरों से मोबाइल छीनकर ले जाने का एक आरोपी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी मोबाइल लुटेरे से पुलिस ने आठ मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। आरोपी कंगला गैंग का सदस्य बताया गया है।

- आरोपी कंगला गैंग का सदस्य है, आठ मोबाइल जब्त
- तीन दिन तक पुलिस जवानों ने आरोपी की तलाश की



पुलिस थाने में गिरफ्तार मोबाइल लुटेरा।

थानाधिकारी हरिराम वर्मा उन्होंने ने बताया कि शहर में लूट, नकबजनी, चोरी की वारदातों का खुलासा करने के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत पुलिस उपाधीक्षक मृत्युंजय मिश्रा के सुपरविजन में टीम का गठन किया गया। उन्होंने बताया कि परिवादी राजेंद्र कुमार शर्मा पुत्र रामकृष्ण शर्मा निवासी कीर कॉलोनी निवाई ने थाने में मामला दर्ज करवाया था कि 4 दिसंबर को रात्रि 8:30 बजे बावड़ी वाले बालाजी के मंदिर में दर्शन कर लौटकर आ रहा था। इसी दौरान किसी को फोन करने के लिए नंबर डायल कर रहा था। तभी पीछे से मोटरसाइकिल पर सवार दो लोग आए और मोबाइल छीनकर फरार हो गए। जिला स्पेशल टीम निवाई पीपलू द्वारा दर्ज प्रकरण में आसपास के सीसीटीवी कैमरे के फुटेज प्राप्त कर जांच की गई। उक्त प्रकरण में पूर्व में चालानशुदा आरोपियों से भी पूछताछ की गई। पुलिस टीम ने महावीर ढाबा बाइपास के समीप से आरोपी नवल किशोर मीणा पुत्र श्योजीराम मीणा निवासी बाढ़ मुरलीपुरा थाना कोटखावदा जिला जयपुर को डिटेन के बाद पूछताछ कर जुर्म प्रमाणित होने पर गिरफ्तार कर लिया। थानाधिकारी वर्मा ने बताया कि पुलिस ने आरोपी से प्रकरण में छीने गए मोबाइल के अलावा अन्य सात मोबाइल भी बरामद किए हैं। पुलिस ने लालसोट, रामगढ़ व पचवारा क्षेत्र में वेश बदलकर तीन दिन तक आरोपी की तलाश की। पुलिस आरोपी से लगातार पूछताछ कर रही है।

# झुंझुनूं में निजी अस्पताल और डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप

## अस्पताल के बाहर हंगामा, महिला की मौत के लिए डॉक्टरों पर आरोप लगाया

**सुलताना, (निसं)।** झुंझुनूं में एक बार फिर एक निजी अस्पताल और उसके डॉक्टरों पर इलाज में लापरवाही का आरोप लगा है। जानकारी के अनुसार सुलताना गांव की 55 वर्षीय छोटी बानो को इलाज के लिए करीब दो महीने पहले चिड़ावा कस्बे के जयपुर अस्पताल में भर्ती करवाया गया था। परिजनों का आरोप है कि उस वक्त जब छोटी बानो का इलाज किया।

तब डॉक्टरों ने लापरवाही से छोटी बानो के लीवर में कट लगा दिया और पित्त की थैली को भी खुला छोड़ दिया, जिससे मवाद हो गई और लगातार छोटी बानो की तबियत बिगड़ती रही। परिजनों का यह भी आरोप है कि जब तबियत बिगड़ी तो अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे जयपुर रैफर कर दिया। अब छोटी बानो की इलाज के दौरान ही मौत हो गई। तब परिजन शव को लेकर जयपुर अस्पताल पहुंचे और कार्रवाई की मांग करने लगे। मौके पर पहुंचे सीआई विनोद सामरिया तथा बस स्टैंड चौकी प्रभारी बलबीर चावला ने समझाइश की तो परिजन पोस्टमार्टम पर राजी हुए। इधर, परिजनों ने मीडिया को अस्पताल के संचालक डॉ. नरेंद्र गिल का एक वीडियो भी उपलब्ध करवाया है, जिसमें दोनों पक्षों की इलाज को लेकर बहस हो रही है। डॉ. गिल इस वीडियो के शुरूआत में यह कह रहे कि उन्होंने अपना इलाज किया है। जब उनके संभल में नहीं आया तो उन्होंने जयपुर भेज दिया। डॉ. गिल बातों ही बातों में यह तक कह रहे हैं कि बिगड़ गया तभी तो जयपुर भेजा था। हम मीडिया को उपलब्ध करवाए गए वीडियो की पुष्टि नहीं करते। लेकिन पुलिस ने परिजनों की रिपोर्ट लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है।



महिला की मौत होने पर परिजनों ने हंगामा किया।

जानकारी के अनुसार झुंझुनूं में चिकित्सक की लापरवाही का यह कोई नया मामला नहीं है। इससे पहले डॉ. संजय धनखड़ का किडनी कांड और बीडीके अस्पताल के चिकित्सकों द्वारा जिंदा व्यक्ति का फर्जी पोस्टमार्टम कांड काफी चर्चा में रह चुका है। इस मामले को जयपुर अस्पताल के संचालक डॉ. नरेंद्र गिल ने सभी आरोपों को नकारा है। साथ ही कहा है कि दो महीने जब अस्पताल में आपरेशन किया गया था। तब स्वस्थ होकर महिला घर गई थी। इसके बाद तबियत बिगड़ी है।

# भारतीय संस्कृति विश्वभर में पहचान स्थापित कर रही है : गजेंद्र सिंह

## केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने शिल्पग्राम का दौरा किया

**उदयपुर,** (निसं)। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पिछले दस वर्ष में हमारी सांस्कृतिक शक्ति समूचे विश्व में तेजी से स्थापित हो रही है, लोकप्रिय हो रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय संस्कृति पूरी तरह से उभर कर सामने आई है। यही नहीं, भारत आज आर्थिक और सामरिक ताकत के रूप में विश्व में स्थापित हुआ है। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कल्चरल इकोनॉमी भी मान्यता प्राप्त कर रही है और उम्मीद है कि जल्द ही हमारी कल्चरल इकोनॉमी फॉर्मल इकोनॉमी में बड़ा योगदान देगी। केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत रविवार को केंद्रीय संस्कृति मंत्रालय के तत्वावधान में हवाला रानी रोड स्थित शिल्पग्राम में पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर द्वारा आयोजित विश्व प्रसिद्ध शिल्पग्राम महोत्सव में मुक्ताकाशी मंच से संबोधन दे रहे थे।



उदयपुर में केन्द्रीय संस्कृति मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत का शिल्पग्राम में स्वागत किया।

केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के साथ सांसद मन्नालाल रावत, भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद और पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र, उदयपुर के निदेशक फुरकान खान भी मौजूद रहे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि राजस्थान बहुआयामी संस्कृति से समृद्ध प्रदेश है। उन्होंने पन्नाधाय के बलिदान, हाड़ी रानी के शीशदान और रानी पद्मिनी के जौहर के साथ ही मेवाड़ के शौर्य और यहां की संस्कृति का जिक्र करते हुए कहा कि यहां आसपास आदिवासी संस्कृति का अनूठा सम्मिश्रण है। उन्होंने रेगिस्तानी इलाके की समृद्ध संस्कृति की बात करते हुए कहा कि वहां सूखे और अभावों के बावजूद लोगों ने अपनी सांस्कृतिक विरासत को पूरे जतन से सहेज रखा है। इससे पूर्व भारत सरकार की संयुक्त सचिव अमिता प्रसाद ने केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत, केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने अमिता प्रसाद और सांसद मन्नालाल रावत का स्वागत किया। वहीं, केंद्र के निदेशक फुरकान खान ने अतिथियों और आगंतुकों का धन्यवाद ज्ञापित किया और शिल्पग्राम महोत्सव के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने मेलार्थियों का आर्टिजन के उत्पाद खरीदने का आव्हान किया।

केंद्रीय संस्कृति मंत्री शेखावत ने शिल्पग्राम महोत्सव पर बात करते हुए कहा कि यहां प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले इस दस दिवसीय महोत्सव में तमाम राज्यों से अपनी संस्कृति और उत्पादों के साथ आए आर्टिजन तो लाभान्वित होते ही हैं, साथ ही मेले में आने वाले आमजनों को भी देशभर की संस्कृति, खान-पान, व्यवहार को जानने का फायदा होता है। वहीं, हस्तशिल्पियों के उत्पादों को देखने और खरीदने का अवसर भी मिलता है। उन्होंने महोत्सव की सफल आयोजन के लिए पश्चिम क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के निदेशक फुरकान खान सहित पूरी टीम की सराहना करते हुए उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

- **मुक्ताकाशी मंच पर लोक नृत्यों और गायन ने दर्शकों का मन मोहा लिया**

मुक्ताकाशी मंच पर रविवार शाम लोक नृत्यों और गायन ने दर्शकों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में राजस्थानी चरी डांस ने खूब वाहवाही लूटी, वहीं गुजरात के आजादी के दीवानों के युद्ध कौशल को दर्शाते लोक नृत्य तलवार रास ने दर्शकों को रोमांचित किया। वहीं गवरी नृत्य नाटिका पर भी तालियों की गड़गड़ाहट से मुक्ताकाशी मंच गूंज उठा। महादेव और भस्मासुर वाले पौराणिक प्रसंग पर आधारित इस लोक नृत्य नाटिका ने सभी का दिल जीत लिया। वहीं, कच्छी लोक गायन ने माहौल भक्ति रस से सराबोर कर दिया, तो गुजरात के आदिवासी नृत्य राठवा की कोरियोग्राफी ने दर्शकों को रोमांचित तो किया ही, खूब वाहवाही भी लूटी। इसके साथ ही महाराष्ट्र के लोक नृत्य सोंगी मुखौटे में डांसर्स की भाव भंगिमाओं ने दर्शकों का दिल जीत लिया। 'हिवड़ा री हूक' कार्यक्रम का रविवार से आगाज हो गया। बंजारा मंच पर इस कार्यक्रम में हर संगीत प्रेमी को अपनी प्रतिभा दिखाने का पूरा मौका मिल रहा है।

# चिकित्सा मंत्री ने श्रीजवाहिर चिकित्सालय का निरीक्षण किया

## मंत्री ने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के दिए निर्देश



चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने मरीजों की कुशलक्षेम पूछी।

**जयपुर/जैसलमेर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्रसिंह खींवसर ने अपनी जैसलमेर यात्रा के दौरान रविवार को जिला अस्पताल श्रीजवाहिर चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा व्यवस्थाएं देखी एवं वार्डों का भ्रमण कर मरीजों की कुशलक्षेम पूछी एवं जिला अस्पताल में मिल रही निःशुल्क चिकित्सा सुविधा की जानकारी ली।

खींवसर ने मरीजों से निःशुल्क जांच एवं दवा योजना, मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना सहित अन्य स्वास्थ्य कार्यक्रमों के बारे में मरीजों से फीडबेक लिया। साथ ही, ट्रॉमा सेन्टर की चिकित्सा व्यवस्था को भी देखा एवं निर्देश दिये कि यहां पर मरीज को तत्काल चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। चिकित्सा मंत्री ने अस्पताल के सर्जिकल वार्ड, मेडिकल वार्ड के

- **मरीजों की कुशलक्षेम पूछी, निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का फीडबेक लिया**
- **'आने वाले समय में जैसलमेर-बाडमेर को विशेष रूप से चिकित्सक उपलब्ध करवाये जाएंगे'**

साथ ही मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य यूनिट का भी भ्रमण कर चिकित्सा व्यवस्था देखी एवं वहां भर्ती मरीजों से भी फीडबैक लिया। मरीजों ने बताया कि उन्हें निःशुल्क चिकित्सा सुविधा का पूरा लाभ मिल रहा है। मां योजना से उनकी इलाज के खर्च की चिंता दूर हो गई है। चिकित्सा मंत्री ने जिला अस्पताल की चिकित्सा सुविधाओं के बारे में प्रमुख चिकित्सा अधिकारी से जानकारी ली एवं निर्देश दिये कि चिकित्सक सेवा भावना से मरीज का उपचार करें।

उन्होंने कहा कि राज्य सरकार शीघ्र ही चिकित्सकों के रिक्त पदों पर और भर्ती करने जा रही है। आने वाले समय में जैसलमेर-बाडमेर को विशेष रूप से चिकित्सक उपलब्ध करवाये जाएंगे। पोकरण व जैसलमेर के बीच में लाइफ सपोर्ट एम्बुलेंस जल्द ही उपलब्ध करवा दी जाएगी, ताकि सड़क दुर्घटना के दौरान तत्काल स्वास्थ्य सेवाएं मिल सके। इस दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, पूर्व विधायक डॉ. जितेन्द्र सिंह, प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ. चन्दनसिंह तंवर, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेन्द्र कुमार पालीवाल भी मौजूद रहे।

# वसुंधरा राजे के काफिले की पुलिस जीप पलटी, कई पुलिसकर्मी घायल

**पाली,** (निसं)। पाली जिले में पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के काफिले की एस्कोर्ट कर रही पुलिस की जीप पलट गई। हादसे में कुछ पुलिसकर्मी घायल हो गए, जिन्हें बाली के राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार वसुंधरा राजे रविवार दोपहर को राज्यमंत्री ओटाराम देवासी की मां के निधन पर शोक संवेदनाएं व्यक्त करके वापस लौट रही थी। इस दौरान राजे के वापस जोधपुर जाते समय कोट बालियान व बाली के बीच उनके काफिले में चल रही गाड़ियों में टक्कर हो गई। हादसे में एक एस्कॉर्ट गाड़ी पलट गई। हादसे में पुलिसकर्मी रूपाराम,



जानकारी मिलते ही वसुंधरा राजे घायल पुलिसकर्मियों के पास पहुंची।

भागचंद, सूरज, नवीन व जितेंद्र घायल हो गए। घायल पुलिसकर्मियों को एम्बुलेंस से बाली राजकीय अस्पताल में ले जाया गया है जहां उनका इलाज किया। काफिले


- **पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया**

में सांसद पीपी चौधरी व बाली विधायक पुष्पेन्द्र सिंह राणावत साथ में थे। हादसे के जानकारी मिलते ही वसुंधरा राजे घायल पुलिसकर्मियों के पास पहुंची। राजे ने घायलों को एम्बुलेंस में बिठाकर राजकीय चिकित्सालय बाली रवाना किया। उनके साथ बाली विधायक पुष्पेंद्र सिंह को भेजा, जहां उनका प्राथमिक उपचार कर उनको छुट्टी दे दी।

## तीन मोर मरे

**बीकानेर,** (निसं)। जिले के खाजूवाला में तीन मोर की मूंगफली के दाने के कारण मौत हो गई। ये मोर मृत अवस्था में मिले थे, जिन्हें वन विभाग के हवाले किया गया तो पोस्टमॉर्टम में स्पष्ट हुआ कि मूंगफली के दाने के कारण तीनों मोरों ने दम तोड़ा है। खाजूवाला रेंज के दंतौर में ये हादसा हुआ है, जहां राष्ट्रीय पक्षी मृत अवस्था में मिले। क्षेत्रीय वन अधिकारी भैरवेंद्र सिंह ने बताया कि वन विभाग को बीएसएफ की रचनी पोस्ट से सूचना मिली थी कि दंतौर रेंज अधीन केएलडी नहर की 94 आरडी के पटड़े पर चक 20 केएलडी में कुछ मोर मृत अवस्था में पड़े हैं। कुछ मोर घायल हैं, जिन्हें उपचार की सख्त आवश्यकता है। इस पर रेंजर और साइट इंचार्ज वनरक्षक ओमप्रकाश गोदारा, वनरक्षक रामसिंह तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल मोर को प्राथमिक उपचार के बाद बीकानेर स्थित वन विभाग के रेस्क्यू सेंटर पहुंचाया गया।

# प्रवासी परिंदों के संगीत से प्रकृति प्रेमी हो रहे आकर्षित



माही डेम की अथाह जलराशि में अठखेलियां करते प्रवासी परिंदे।

**बांसवाड़ा,** (निसं। सर्दी बढ़ने के साथ जिले में प्रवासी परिंदों की संख्या बढ़ती जा रही है। पर्यावरण प्रेमियों को इनकी गतिविधियां आकर्षित कर रही है। वहीं माही डेम में प्रवासी पक्षियों का कलरव गूंज रहा है।

वागड पर्यावरण संस्थान के अध्यक्ष डॉ. दीपक द्विवेदी ने बताया कि माही डेम की अथाह जलराशि में प्रवासी परिंदों का संगीत प्रकृति प्रेमियों को आकर्षित कर रहा है। यहां सीगल प्रजातियों का बड़ा समूह देखा जा सकता है। वहीं ब्लेक हेडेड गल व लेसर ब्लेक बेक्डगल को शिकार करते देखना रोमांचक अनुभव है। उन्होंने बताया कि गल प्रजाति मूलतरू समुद्री पक्षी है। बड़े जलाशयों में भी इसकी उपस्थिति को देखा जा सकता है, इसका मुख्य भोजन मछली है। संस्थान के प्रवक्ता वैभव जोशी ने बताया कि माही डेम में सीगल के अलावा अनेक प्रजातियों के पक्षी देखे जा सकते हैं। इसके अलावा स्थानीय प्रजातियों के पक्षी भी बड़ी संख्या में मौजूद हैं।

# 'सीएसडी कैंटीन का सामान आम बाजार में बिक्री होता पाया जाता है तो हमें सूचना दें'

**जैसलमेर,** (नि.सं.)। जैसलमेर में तीन तारा होटल में जीएसटी परिषद की बैठक संपन्न होने के पश्चात शनिवार को परिषद अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन प्रेस से रूबरू हुई। प्रेस कॉन्फ्रेंस में सीतारमन ने प्रेस प्रतिनिधियों को हाथ जोड़कर निवेदन किया कि परिषद बैठक में निर्णय होने से पहले अनुमान से फूड डीलिवेरी जीएसटी के समाचर का प्रसारण नहीं करना चाहिये। उन्होंने बताया कि इससे जनता में गलत संदेश जाता है, प्रेस को ऐसा नहीं करना चाहिये।

दैनिक राष्ट्रदूत संवाददाता अचलदास डांगरा द्वारा पूछे गए सवाल कि सीएसडी कैंटीन में दी जाने वाली लगभग दो हजार करोड़ के जीएसटी की छूट का दुरूपयोग हो रहा है, सीएसडी कैंटीन का सामान मिलीभगती से बाजार में बिक्री होता है उसे बंद करने हेतु कार्यवाही करनी चाहिए ताकि जीएसटी छूट का लाभ सही हाथों में पहुंचे, जवाब

- **केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन प्रेस से रूबरू हुई**

मिला कि सीएसडी कैंटीन में दी जाने वाली जीएसटी की छूट जवानों को दी जाने वाली सरकार की मदद है, अगर सीएसडी कैंटीन का सामान आम बाजार में बिक्री होता पाया जाता है तो हमें भविष्य में सूचना देवें कार्यवाही होगी। डांगरा का दूसरा सवाल होटलों में शादी विवाह में शादी वाले परिवार से भुगतान का कुछ हिस्सा नगद लेकर उसका बिल नहीं बनाकर (अंडर बिलिंग) कर जीएसटी चोरी करना, निजी हॉस्पिटलों द्वारा सरकारी आयुष्मान योजनाओं का मरीज को फायदा देने से पहले कुछ रकम मरीज परिवार से नगद लेकर इलाज किया जाता है, जिसका जीएसटी चोरी होता है। इसी तरह व्यापारियों द्वारा अंडर बिलिंग करके जीएसटी कम देना और फर्क की रकम नगद लेकर जीएसटी कलेक्शन में देश को चोट पहुंचाना क्यों हो रहा है, जीएसटी परिषद क्या कार्यवाही कर रहा है, सही कार्यवाही होने पर जीएसटी कलेक्शन वर्तमान से कई गुना बढ़ सकता है। उत्तर में केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने बताया कि इस सम्बन्ध में परिषद कार्यवाही में सुधार करेगी ताकि देश का जीएसटी संग्रह बढ़ सके। परिषद अध्यक्ष द्वारा सार्थक प्रश्न के लिए संवाददाता को धन्यवाद दिया गया।

# वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने सोनार दुर्ग देखा

**जैसलमेर,** (निसं)। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने रविवार को सुबह राजस्थान के एक मात्र रहवासी जैसलमेर के किले सोनार दुर्ग को निहारा। सोनार दुर्ग भ्रमण के दौरान केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन को गाइड गजेन्द्र शर्मा ने दुर्ग में जैसलमेर रियासत के संग्रहालय की विस्तार से जानकारी दी।

भ्रमण के दौरान जैसलमेर विधायक छोटूसिंह भाटी, जैसलमेर कलेक्टर प्रतापसिंह, भाजपा शहर अध्यक्ष अरुण पुरोहित उनके साथ रहे। दुर्ग भ्रमण के दौरान देश-विदेश से आये पर्यटकों विशेषकर महिलाओं ने सीतारमन के संग सेल्फी एवं फोटो लिए। इससे पूर्व शनिवार रात्रि को सीतारमन जैसलमेर में पिछले 566 वर्ष से निवास कर रहे छतिदास डांगरा परिवार के सदस्य अचलदास डांगरा से मिली एवं बधाई देकर यादगार फोटो दिया।

उन्होंने डांगरा को बताया कि जैसलमेरवासियों की आवभगत सुंदर लगी। उन्होंने बताया कि जीएसटी परिषद की 55वीं बैठक को जैसलमेर में करवाने का श्रेय भारतीय रिज़र्व बैंक



जैसलमेर में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के साथ अचलदास डांगरा।

के गवर्नर संजय मल्होत्रा को जाता है। उसके बाद केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन रात्रि में जिले के खुहड़ी गांव प्रस्थान कर गई, जहां मारवाड़ी लोक कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किये गये कार्यक्रम देख मंत्रमुग्ध हो गई।

# विदेशी नस्ल के 19 खूंखार कुत्तों पर लगाया जा रहा करोड़ों का सट्टा पकड़ा

## कांग्रेस नेता के बेटे के फार्म हाउस में विदेशी डॉग्स की फाइटिंग पर सट्टा लगाया जा रहा था

**हनुमानगढ़,** (निसं)। कांग्रेस नेता के बेटे के फार्म हाउस में विदेशी डॉग्स की फाइटिंग पर करोड़ों का सट्टा लगाया जा रहा था। पुलिस ने विदेशी नस्ल के 19 प्रतिबंधित कुत्तों पर सट्टेबाजी कर रहे 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। कुत्तों को फार्म हाउस में ही निगरानी में रखा है। पुलिस ने मौके से 15 वाहन भी जब्त किए हैं, कुछ लोगों से लाइसेंसी हथियार भी बरामद हुए हैं। मामला हनुमानगढ़ जिले के टाउन थाना इलाका है। डॉग की फाइट पर करोड़ों रुपए की सट्टेबाजी की सूचना पर पुलिस ने देर रात कांग्रेस नेता के बेटे के फार्म हाउस पर छापा मारा।

हनुमानगढ़ एसपी अरशद अली ने बताया कि कांग्रेस के पंचायत समिति सदस्य भानीराम बगडिया के बेटे अमन बगडिया के फार्म हाउस पर रात दो बजे पुलिस ने छापा मारा। चक बूड़सिंहवाला रोही गाहडू स्थित इस फार्म हाउस में विदेशी नस्ल के प्रतिबंधित खूंखार कुत्तों पर सट्टा लगाया जा रहा था। मौके से दांव लगाते 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। कई लोग पुलिस का छापा पड़ते ही मौके से दीवार कूदकर फरार हो गए। एसपी ने बताया कि सूचना मिली कि टाउन क्षेत्र के एक फार्म हाउस में पंजाब और हरियाणा के कुछ लोग आए हुए हैं, जो देश में प्रतिबंधित नस्ल के कुत्तों की फाइट करवाकर करोड़ों रुपयों का दाव लगाएंगे। इस पर संगरिया सीओ करण सिंह, टाउन सीआई मोनिका बिश्नोई, जंक्शन सीआई सतपाल बिश्नोई की टीम गठित की गई और फार्म हाउस पर दबिश दी गई, जहां पर मौजूद लोग कुत्तों की फाइट पर रुपयों का दांव लगा रहे थे। अरशद अली ने बताया कि सट्टा लगाते पकड़े गए आरोपियों में अधिकतर लोग पंजाब-हरियाणा के रहने वाले हैं, जो प्राइवेट गाड़ियों में कुत्तों को लाए थे। कुछ कुत्ते फाइट के कारण घायल अवस्था में

- **पुलिस ने 81 लोगों को गिरफ्तार किया, कुछ लोग फरार हुये, हथियार भी बरामद किये**

मिले। उनका इलाज करवाया जा रहा है। इन कुत्तों को फार्म हाउस में ही पुलिस की निगरानी में रखा गया है। आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता निवारण अधिनियम और गैंबलिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज कर पूछताछ की जा रही है।

एसपी अरशद अली ने बताया कि पकड़े गए आरोपियों ने सोशल मीडिया पर एक बल्ली ग्रुप बना रखा है, जिसमें करीब 250 मेंबर जुड़े हुए हैं। यह सभी लोग ग्रुप के माध्यम से अलग-अलग स्थानों पर थोड़े समय के अंतराल के बाद डॉग फाइट निर्धारित करते हैं। एक फाइट में करोड़ों रुपए के दाव लगाए जाते हैं।

एसपी ने बताया कि प्रवीण खान, रविंद्र कुमार, कार्तिक जाट, आकाश जटसिख, गगनदीप ओलखा, प्रहलाद, संजय गोस्वामी, नियाज मोहम्मद, हेमंत कुमार, बरकत अली, विश्वजीत, महावीर सिंह, संदीप कुमार सहित पंजाब और हरियाणा के विभिन्न शहरों के 81 लोगों को गिरफ्तार किया है। एसपी अरशद अली ने बताया कि इस तरह की यह जिले में पहली बड़ी कार्रवाई है, जिसमें डॉग फाइट पर सट्टा लगाते इतनी बड़ी संख्या में लोगों को पकड़ा गया कि थाने की हवालात ही छोटी पड़ गई और आरोपियों को खुले आसमान के नीचे बैठाया गया। आरोपियों का मेडिकल मुआयना करवाने के लिए पुलिस लाइन से बस बुलानी पड़ी। कई लोगों ने अपने परिचितों को छुड़वाने के लिए सिफारिश की। वहीं कुछ स्थानीय नेता भी अपने संपर्क के लोगों के बीच बचाव के लिए थाने पहुंचे, लेकिन किसी को छोड़ा नहीं गया।

अरशद अली ने बताया कि पालतू कुत्तों के हमलों से लोगों की मौत की बढ़ती घटनाओं के बीच केंद्र सरकार ने पिटबुल टेरियर, टोसा इनु, अमेरिकन स्टैफोर्डशायर टेरियर, फिला ब्रासीलेरियो, डोगो अर्जेंटीनो, अमेरिकन बुलडॉग, बोअरबोएल, कांगल, टार्नजैक, बैंडोग, सरप्लानिनैक, जापानी टोसा, अकिता इनु, मॉस्टिफ, रॉटविलर, रोडेशियन रिड्जबेक, कैनारियो, अकबाश, मास्को गार्ड डॉग, वोल्फ डॉग, जर्मन शेफर्ड सहित खूंखार कुत्तों की 23 नस्लों की बिक्री और उनके प्रजनन पर प्रतिबंध लगाने के आदेश दिए थे। पिटबुल जब एक बार किसी को अपने शिकंजे में ले लेता है, तो उसके जबड़े एक तरह से लॉक हो जाते हैं और फिर उससे छुड़ाना बेहद मुश्किल होता है।

# कांग्रेस ने बाबा साहेब अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कसर नहीं छोड़ी : खर्रा

**जयपुर।** नगरीय विकास एवं स्वायत्त शासन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) झाबर सिंह खर्रा ने संसद में कांग्रेस द्वारा बेवजह हंगामे और बयानबाजी पर करारा जवाब दिया है।

खर्रा ने कहा कि कांग्रेस ने बाबासाहेब अंबेडकर का अपमान करने में कभी कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। कांग्रेस की बाबा साहब को मुंबई से चुनाव हराने, मंत्रिमंडल से इस्तीफा देने तथा कांग्रेस शासन में एनसीईआरटी की किताब में बाबा साहेब पर कार्टून प्रकाशित कराने में अहम भूमिका थी। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर के निधन पर तत्कालीन राष्ट्रपति को उनके अन्तिम संस्कार में जाने से तत्कालीन प्रधानमंत्री ने रोका।

यूडीएच मंत्री ने कहा कि चाहे नेहरू और इंदिरा ने अपने कार्यकाल में जीवित रहते हुए अपने आप को भारत रत्न से सम्मानित कर लिया, लेकिन बाबा साहब को सम्मानित करने का उनके मन में कभी भी विचार नहीं आया। उन्होंने कहा कि नेहरू, इंदिरा और राजीव गांधी के नाम पर बहुत सारे स्मारक बने लेकिन कांग्रेस ने कभी भी बाबासाहेब अंबेडकर के नाम से स्मारक बनाने का विचार भी नहीं किया। तत्कालीन प्रधानमंत्री नेहरू का कहना था कि ऐसे स्मारक सरकार द्वारा नहीं, बल्कि आम लोगों द्वारा अपने संसाधनों से बनाया जाना चाहिए। जबकि नेहरू गांधी परिवार के नाम पर स्मारक सरकार के खर्चे पर बने हैं।

- **'राज्य सरकार ने एक वर्ष में कराए जनहित के व्यापक कार्य, कांग्रेस व्याकुलता में कर रही बयानबाजी'**

खर्रा ने कहा कि भाजपा सरकार ने बाबा साहब अंबेडकर को भारत रत्न देने के साथ ही उनसे संबंधित जगहों लंदन, दिल्ली, मुंबई में उनके भव्य स्मारक बनवाएं। यह बात कांग्रेस सहित विपक्षी दलों को पच नहीं पा रही है मगर धीरे-धीरे आम आदिवासी दलित समाज यह समझने लग गया है कि कांग्रेस ने सदैव बाबा साहब का अपने हित में उपयोग किया है। उन्होंने कहा कि यह विचार जैसे-जैसे आदिवासी और दलित वर्ग में फैल रहा है वैसे-वैसे कांग्रेस सहित बाकी पार्टियों में घबराहट पैदा हुई है। उस घबराहट का नतीजा है कि लोकसभा में जब संविधान दिवस पर संविधान पर चर्चा होनी थी, कांग्रेस सहित किसी भी विपक्ष सदस्य ने संविधान के संबंध में एक शब्द भी चर्चा में उपयोग नहीं किया।

यूडीएच मंत्री ने प्रदेश कांग्रेस के धरने प्रदर्शन पर कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में पिछले 1 साल में जनहित के व्यापक कार्य किए है तथा भ्रष्टाचार पर अंकुश लगाया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने पेपर लीक पर लगाम लगा कर युवाओं के सपनों को साकार करने के लिए भारी संख्या में नौकरियां देने के साथ ही अगले वर्ष के लिए भर्तियों का कैलेंडर भी जारी किया है। खर्रा ने कहा कि हमारे कार्यकाल में अब तक जितनी प्रतियोगी परीक्षाएं हुई है वे पारदर्शी और निष्पक्ष तरीके से हुई है। इससे कांग्रेस में भारी व्याकुलता है और इस व्याकुलता में इस प्रकार के बयान बाजी या धरने प्रदर्शन का काम कर रहे हैं।

# राज्यपाल से एन.यू.बी.सी. प्रतिनिधि मंडल की शिष्टाचार भेंट



**राज्यपाल हरि भाऊ बांगडे से रविवार को राजभवन में नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस (एनयूबीसी) के प्रतिनिधिमंडल ने भेंट की। इनमें संरक्षक डॉ. मदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, प्रदेश महासचिव श्रवण मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कृषि विपणन बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह करोल, प्रेमचंद बेरवा, सुरेश मीणा, एडवोकेट मानसिंह सिंह, मनोज टॉक, पिंकी प्रेमलता मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारी मौजूद थे।**

**जयपुर।** राज्यपाल हरि भाऊ बांगडे से रविवार को राजभवन में नेशनल यूनियन ऑफ बैकवर्ड क्लासेस (एनयूबीसी) के संरक्षक डॉ. मदन यादव, प्रदेश अध्यक्ष हनुमान सहाय सिरसी, प्रदेश महासचिव श्रवण मेहरड़ा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कृषि विपणन बोर्ड के अतिरिक्त मुख्य अभियंता महेंद्र सिंह करोल, प्रेमचंद बेरवा, सुरेश मीणा, एडवोकेट मानसिंह सिंह, मनोज टॉक, पिंकी प्रेमलता मीणा सहित अन्य वरिष्ठ पदाधिकारियों ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने राजस्थान जनजाति विकास परिषद (राजस्थान ट्राइबल डेवलपमेंट काउंसिल) की ओर से आदिवासी क्षेत्रों के विकास के लिए विशेष मांगें प्रस्तुत कीं। उन्होंने प्रतिनिधि मंडल ने राज्यपाल सेआदिवासी क्षेत्रों के लिए अधिक बजट आवंटन-इन क्षेत्रों में समग्र विकास के लिए अधिक वित्तीय सहायता सुनिश्चित करने करने परिषद को सशक्त ब बनाने- परिषद को और प्रभावी बनाने के लिए नई योजनाएं और अधिकार प्रदान करना। रोजगार, आर्थिक और शैक्षिणक उन्नित - आदिवासी समुदाय के युवाओं के लिए रोजगार के अवसर बढ़ाने और उनकी आर्थिक एवं शैक्षिणक प्रगति के लिए योजनाएं संचालित करने का आग्रह किया प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल से संस्कृति उत्थान के लिए सांस्कृतिक उत्थान-आदिवासी समुदाय की संस्कृति और परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्द्धन के लिए विशेष कार्यक्रम लागू करने का आग्रह भी किया।

राज्यपाल बांगडे ने प्रतिनिधिमंडल की बातों को गंभीरता से सुना और उनकी सराहना की। उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों के समग्र विकास और परिषद को अधिक सशक्त बनाने के लिए हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। यह मुलाकात आदिवासी समुदाय के हितों और उनके उत्थान के प्रति प्रतिबद्धता का प्रतीक है। प्रतिनिधिमंडल ने इस सहयोग के लिए राज्यपाल का धन्यवाद किया।

# सरस मेलों का महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान : डॉ. किरोड़ी



**कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोड़ी लाल मीणा ने रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद द्वारा जवाहर कला केंद्र जयपुर में संचालित सरस राजसखी मेले का अवलोकन किया।**

**जयपुर।** कृषि एवं ग्रामीण विकास मंत्री डॉ. किरोडी लाल मीणा ने रविवार को राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) द्वारा जवाहर कला केंद्र जयपुर में संचालित सरस राजसखी मेला 2024 का अवलोकन करते हुए कहा कि सरस मेलों का ग्रामीण महिलाओं को सशक्त बनाने में अहम योगदान है। इन मेलों में देश की ग्रामीण महिलाएं अपने हाथों से निर्मित शोपीस आइटम बेचती है।

मेले में डॉ. किरोडी लाल ने सरस मेले की सभी स्टालों का अवलोकन किया एवं विभिन्न राज्यों से आए स्वयं सहायता समूह की महिलाओं से संवाद किया और उनके उत्पादों की सराहना की। मेले में 250 से अधिक जीआई टैग उत्पादों की करीब 400 स्टॉल लगी हुई है। उन्होंने कहा कि सरस मेले राजीविका दीदियों द्वारा निर्मित शिल्पकला, एंब्रॉयडरी, जैविक उत्पाद, घर का साज-सामान एवं खाने पीने से संबंधित उत्पादों को एक स्थान पर खरीदारी करने का अवसर प्रदान करता है। ये मेले पारंपरिक भारतीय कला एवं संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच प्रदान करते हैं। उन्होंने कहा कि मेले में विभाग द्वारा पैकेजिंग, ब्रांडिंग, सोशल मीडिया मार्केटिंग और वित्तीय प्रबंधन जैसे विषयों पर कार्यशालाओं का आयोजन भी किया जा रहा है जिससे की राजीविका महिलाओं को ज्यादा से ज्यादा उत्पाद बेचने के अवसर उपलब्ध हो सके।

सरस मेले में रविवार को नेशनल क्रेडिट कोर के 70 कैडेटों ने भी अवलोकन किया और खरीददारी कर मेले का लुफ्त उठाया। इसके साथ ही अजमेर एवं अलवर जिले से आई स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा भी मेले का भ्रमण किया गया एवं भविष्य में मेले में अपने उत्पादों के साथ सहभागिता निभाने की मनसा जाहिर की गई।

यह मेला ग्रामीण महिलाओं के आर्थिक एवं सामाजिक सशक्तिकरण को बढ़ावा देने का एक अहम प्रयास है, जिसमें स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के हस्त निर्मित उत्पादों का प्रदर्शन किया जाता है। मेले में देशभर के 250 से अधिक भौगोलिक संकेतक (जीआई) टैग वाले उत्पादों और पारंपरिक शिल्प का शानदार संग्रह देखने को मिल रहा है।

सरस राज्य सखी राष्ट्रीय मेला एक अद्वितीय मंच है, जहां विभिन्न राज्यों की महिला सदस्य अपने पारंपरिक हस्तशिल्प, हैंडलूम, खाद्य उत्पाद और उन्नत तकनीकी उत्पादों का प्रदर्शन कर रही है। इस आयोजन में क्षेत्रवाद मंडप स्थापित किए गए हैं, जिनमें प्रत्येक राज्य की विशिष्ट सांस्कृतिक कलाकृतियां और पारंपरिक उत्पाद प्रदर्शित हो रहे हैं। यहां पर लगभग 300 से अधिक स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं अपने उत्पादों का विक्रय कर रही है।

यह मेला देश की सांस्कृतिक विविधता, पारंपरिक स्वादों और हस्तशिल्प के अनूठे संगम को दर्शाता है।

# कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित किया

**जयपुर।** यशवंत राव चव्हाण प्रतिष्ठान का कर्मवीर अवार्ड आयोजित किया गया जिसमें उत्तर प्रदेश के स्वतंत्र प्रभार मंत्री धर्मवीर प्रजापति मुख्य अतिथि, राज्यसभा सांसद अनिल अग्रवाल, महाराष्ट्र के पूर्व विधायक एवं भाजपा नेता ठाकुर रमेश सिंह, बदायूं जिले के भाजपा विधायक राजीव कुमार सिंह, महाराष्ट्र के पूर्व विधायक राव साहब शेखावत, मध्य प्रदेश के प्रदेश प्रवक्ता डॉ राजपाल सिंह सिसोदिया, उद्योगपति रतन सिंह राठौड़ (तुरा),केदारनाथ के दयानिधि पीठ के महंत परमश्रद्धेय डॉ दयानिधि, पूर्व संयुक्त निदेशक कृषि विभाग डॉ एस के सिंह प्रमुख अतिथि के रूप में शिरकत कर रहे हैं। देश विदेश से प्रतिष्ठित विभूतियों से समाहित यह कार्यक्रम अतिमहत्वपूर्ण रहा। इस कार्यक्रम में जयपुर के सुप्रसिद्ध ज्योतिष आचार्य अध्यक्ष इंटरनेशनल एस्ट्रोलॉजी रिसर्च सेंटर पूर्व सलाहकार सदस्य विप्र कल्याण बोर्ड राजस्थान सरकार ज्योतिष आचार्य पवन शर्मा को ज्योतिष क्षेत्र में आज का कर्मवीर अवार्ड से सम्मानित किया गया। अवॉर्ड, देश के बड़े उद्योगपति एवं भामाशाह जैसलमेर के मेघराज सिंह रायल , वाराणसी के पद्मश्री चंद्रशेखर सिंह, गोरखपुर के पद्मश्री रामचेत चौधरी , मुंबई से ठाकुर जितेन्द्र सिंह, दिल्ली के उद्योगपति किशोर सिंह चौहान, मुंबई से पद्मश्री उदय वीर देशपांडे, नगरसेविका हर्षित नार्वेकर, नगरसेवक कमलेश यादव, मिरा-भाइंदर से नगरसेवक विक्रम प्रताप सिंह,गया से संजय सज्जन सिंह, इत्यादि विभूतियों को आज का कर्मवीर अवार्ड से सुशोभित किया जाएगा।

# रक्त जांच शुल्क एन.बी.टी.सी. के अनुसार लागू हो, ब्लड बैग को जी.एस.टी. से मुक्त करने की मांग

**जयपुर।** ब्लड बैंक सोसायटी राजस्थान की ओर से राजस्थान में ब्लड ट्रांस्फ्यूजन और उससे जुडे विभिन्न पहलुओं विशेषकर शैक्षिणक तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में बड़े सुधार करवाये गये हैं। इसी क्रम में सोसायटी, राज्य में रक्त की जांच शुल्क को एन.बी.टी.सी. के अनुसार लागू करवाने, ब्लड बैग को जीएसटी से मुक्त करवाने, ई-रक्तकोष पोर्टल पर रक्तदाता की डिटेल सार्वजनिक होने से रोकने, डिप्लोमा इन ब्लड बैंके टैक्नीक डीकेएस ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में 1 साल के अनुभव की सीमा को हटवाने या डी.एम.एल.टी. के मुकाबले कम करवाने की कवायद में लगी है।

यह जानकारी जयपुर में ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन से जुडे चिकित्सा के एडवान्स पहलुओं पर सोसायटी की ओर से आयोजित राज्यस्तरीय सेमीनार के उद्‌घाटन सत्र को सम्बोधित करते हुए एम्स जोधपुर के अध्यक्ष एवं स्वास्थ्य कल्याण समूह तथा राजस्थान हॉस्पिटल के चेयरमैन डॉ. एस एस अग्रवाल ने दी।

उन्होंने कहा कि इससे पहले भी सोसायटी की ओर से बल्क ब्लड ट्रांसफर, रक्तदान शिविर परमिशन लाईसेंस की वैद्यता तक कराना, डिप्लोमा इन ब्लड बैंक टैक्नोलॉजी को ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट में इन्क्लूड कराना, रक्तदाताओं को दिये जाने वाले प्रलोभन गिफ्ट पर रोक, स्नाताकोतर विद्यार्थीयों को रक्तदान करने पर 1 प्रतिशत अतिरिक्त अंक, कोविड के समय रक्तदान शिविरों की अनुमति, आदि कार्य इस संस्था द्वारा राज्य सरकार एवं केन्द्र सरकार से करवाए गए हैं जो कि राजस्थान में इस क्षेत्र में मील का पत्थर साबित हुए हैं।



**ब्लड ट्रांस्फयूजन से जुड़ी नामचीन हस्तियों ने सेमीनार में इससे जुडे नवाचारों पर चर्चा की।**

समिति के सचिव डॉक्टर हिमांशु शर्मा ने बताया कि समिति की ओर से जारी एसओपी, प्रोसीजर और सोशल रिस्पांसिबिलिटी के साथ-साथ गलत प्रेक्टिस को रोकने और जांच दरों को तर्कसंगत बनाने के लिए प्रभावी प्रयास किया जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि राजस्थान सरकार ड्रग डिपार्टमेंट केंद्र की तर्ज पर दालों में संशोधन करे तो कुछ ब्लड बैंकों द्वारा की जा रही मॉल प्रैक्टिस पर प्रभावी रोक लगाई जा सकती है।

सेमीनार में पहले तकनीकी सत्र की अध्यक्षता सवाईमानसिंह मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर डॉ जी आर आर्य एवं डॉ वी पी गुप्ता ने की। इस सत्र में मुम्बई के डॉ. चन्द्रा विश्वनाथन ने प्लाज्मा फ्रैक्शनेशन पर ऑनलाइन चर्चा की। उनके साथ राजीव गांधी केंसर इंस्टीटयूट नई दिल्ली के हैड ट्रांस्फ्यून मेडिसिन डॉ. अमरदीप पाठक ने स्टेमसैल हार्वेस्टिंग सैल पर बात की। वही डॉ. हिमांशु शर्मा ने एनएबीएच एक्रीडियशन और डॉ. रिचा गुप्ता ने ग्रैन्यलोसाइटिस कब क्यो और कैसे पर अपनी बात कही।

सोसायटी के कोषाध्यक्ष आनन्द अग्रवाल ने बताया कि दूसरे सत्र में

- **ब्लड बैंक्स में अनियमितताओं और मॉल प्रैक्टिस पर रोक के लिए सख्त कदम उठाएगी सोसाइटी**

पैनल डिस्कशन का संचालन डॉ. हिमांशु शर्मा ने किया। इस सत्र में डॉ. विक्रम गोयल, डॉ. ए डी माथुर, डॉ. अभिषेक पारीक, डॉ. विक्रम अरोडा, डॉ. दिवेश गोयल एवं डॉ. गीतेश मंगल पेनलिस्ट थे। सत्र की अध्यक्षता एसएमएस मेडिकल कॉलेज के सीनियर प्रोफेसर डॉ. अमित शर्मा और कोटा ब्लड बैंक सोसायटी के डायरेक्टर डॉ. पी एस झा ने की। इस अवसर पर पूल्ड प्लेटलेट्स और एसडीपी पर डॉ. उर्मिल धुरिया और मैनेजमेंट ऑफ मेसिव ट्रांस्फ्यूजन पर डॉ. अंशिका यादव ने पत्र वाचन किया।

ब्लड बैंक सोसायटी, राजस्थान एवं प्लाजमाजीन, बैंगलौर द्वारा आयोजित आज के इस एकेडमिक कार्यक्रम में संस्था के अध्यक्ष डा वेदप्रकाश गुप्ता, विष्णु पुरोहित के अलावा राजस्थान की ट्रांसफयूजन मेडिसिन जगत की नामचीन हस्तियां मुख्यतः डा राजाराम बसेरा, राजीव गांधी केंसर इंस्टीट्ययूट, दिल्ली से डॉ.अमरदीप पाठक सहित अन्य मौजूद रहे।

# पार्षद छीपा ने अपनी उपलब्धियां गिनाईं

**जयपुर।** मालवीय नगर स्थित "पाथेय भवन" परिसर के पत्रकार परिषद सभा कक्ष में वॉर्ड 131 के पार्षद गोविन्द सिंह छीपा ने अपने कार्यकाल के चतुर्थ वर्ष में किए विकास कार्यों का लेखा जोखा आम जनता के समक्ष प्रस्तुत किया। छीपा ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम से सामाजिक अंकेक्षण के साथ कार्यकर्ताओं से मिलना जुलना भी हो जाता है। जो स्वस्थ लोकतंत्र के लिए जरूरी है।


**खोया पाया**

मेरा रा.आ.म.का 28एफ/2/10 झेलम अपार्टमेंट प्रतापनगर सांगानेर का मूल अदेय् प्रमाणपत्र कही गुम हो गया है मिलने पर सूचित करें आशीष मौर्य 9919329990

**NAME CHANGE**

I have changed my name from Jitendra Singh to Jitendra Singh Rajawat. for all purposes. R/o D-58 Madhosingh Road, Banipark, Jaipur.


# एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स ने 25 हजार का इनामी बदमाश दबोचा

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स पुलिस मुख्यालय की सूचना पर बांसवाड़ा जिले की गड़ी थाना पुलिस ने सीमेंट की 420 बोरियों से भरे ट्रक को खुद-बुर्द करने के मामले में करीब 9 साल से फरार चल रहे आरोपित ट्रक ड्राइवर आंचल सिंह पुत्र विजय बहादुर निवासी कोटिया नवाड़ा थाना लालगंज जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश को महाराष्ट्र के अमरावती जिले से गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया हुआ है।

अतिरिक्त महानिदेशक पुलिस एंटी गैंगस्टर टास्क फोर्स दिनेश एमएन ने बताया कि अतिरिक्त महानिरीक्षक पुलिस योगेश यादव एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सिद्धांत शर्मा के सुपरविजन में वांटेड क्रिमिनल्स के बारे में आसूचना संकलन के लिए पुलिस मुख्यालय से एजीटीएफ की विभिन्न टीमों को अलग-अलग शहरों में रवाना किया गया है, जो पारंपरिक व नवीनतम पुलिसिंग के आधार पर लगातार ऐसे क्रिमिनल्स के विरुद्ध कार्रवाई कर रही है। एडीजी एमएन ने बताया कि पुलिस निरीक्षक सुभाष सिंह तंवर के नेतृत्व में एएसआई शंकर दयाल, हेड कांस्टेबल सुरेश कुमार, नरेंद्र सिंह कमल सिंह, कांस्टेबल नरेश कुमार, रतिराम व चालक सुरेश कुमार की टीम

- **सूरत के लिए बांसवाड़ा से सीमेंट के 420 कट्टे लेकर निकला था आरोपित ट्रक ड्राइवर, परंतु रास्ते में ही कर दिए खुर्द-बुर्द**
- **करीब 9 साल पहले हुई इस वारदात का अब हुआ खुलासा, महाराष्ट्र में फरारी काट रहा था आरोपी**

वांटेड क्रिमिनल्स के बारे में आ सूचनाएं एकत्रित कर रही थी। इसी दौरान गठित टीम के सदस्य हेड कांस्टेबल नरेंद्र सिंह व कमल सिंह को बांसवाड़ा जिले के गढ़ी थाने में साल 2015 में दर्ज सीमेंट से भरे ट्रक की चोरी के मामले में इनपुट प्राप्त हुए, टीम के डवलप करने पर आरोपी ड्राइवर महाराष्ट्र के अमरावती जिले में ट्रक ड्राइवरी करना सामने आया। एंटी गैंगस्टर्स टास्क फोर्स द्वारा डवलप कर पुख्ता की गई इस सूचना को बांसवाड़ा जिले की थाना गढ़ी पुलिस से साझा किया गया। जहां से एक टीम आरोपी की तलाश में अमरावती जिले में भेजी गई। पुलिस मुख्यालय से इस टीम को लगातार टेक्निकल सहायता उपलब्ध कराई जा रही थी, जिसकी मदद से थाना पुलिस ने आरोपी को डिटेन कर लिया, जिसे पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया है। उत्तर प्रदेश निवासी गिरफ्तार आरोपी आंचल सिंह वर्ष 2015 में बांसवाड़ा जिले में ट्रक पर ड्राइवर किया करता था। 28 जून 2015 को आरोपित अपने ट्रक में 420 बोरी सीमेंट के लेकर सूरत के लिए निकला था। तय समय बाद भी सूरत नहीं पहुंचने पर ट्रांसपोर्टर द्वारा ट्रक सहित माल खुद-बुर्द कर दिए जाने की रिपोर्ट थाना गढ़ी में दर्ज करवाई थी।


नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।


# हरिनाम संकीर्तन

**जयपुर।** आराध्य देव गोविंद देवजी मंदिर में रविवार को हरिनाम संकीर्तन का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। मंदिर के सेवाधिकारी मानस गोस्वामी ने बताया कि विभिन्न संकीर्तन मंडलों के भक्त और मंदिर में आने वाले दर्शनार्थी मृतकों की आत्म शांति की कामना के साथ एक घंटे के लिए ठाकुरजी के समक्ष हरिनाम संकीर्तन किया ।

# जी.आर.-जी.एम. के 32 मिनरल ब्लॉकों की नीलामी भी मार्च तक : टी. रविकान्त

**जयपुर (कासं)।** प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने बताया कि जीएसआई व एमईसीएल द्वारा राज्य सरकार को प्रस्तुत जियोलोजिकल रिपोर्ट्स और जियोलोलिकल मेमोरेण्डम के 63 मिनरल ब्लॉकों की ऑक्शन प्रक्रिया शुरु करते हुए 18 ब्लॉकों की सफल नीलामी की जा चुकी है। 13 ब्लॉकों की एनआईटी जारी कर नीलामी प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। शेष 32 ब्लाकों की भी नीलामी प्रक्रिया इसी वित्तीय वर्ष में शुरु किये जाने की तैयारी है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की 8 वीं बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि सर्वे ऑफ इण्डिया व एमईसीएल द्वारा राज्य सरकार को अब तक 131 जियोलोजिकल रिपोर्ट्स और जियोलोजिकल मेमोरेण्डम प्रस्तुत किए गए हैं। उन्होंने बताया कि नई व्यवस्था के अनुसार राज्य के 25 क्रिटिकल व स्ट्रेटेजिक मिनरल ब्लाकों की नीलामी केन्द्र सरकार के माइंस विभाग द्वारा की जाएगी। उन्होंने बेसमेटल व कॉपर के लो टनेज और लो ग्रेड मिनरल ब्लॉकों में आरएसएमईटी द्वारा फर्दर एक्सप्लोरेशन की संभावना तलाशने के निर्देश दिए।

टी. रविकान्त ने बांसवाड़ा और सीकर के लाडी का बास में जीएसआई को एक्सप्लोरेशन में वन विभाग की आवश्यक स्वीकृति के लिए केन्द्र सरकार के वन एवं पर्यावरण विभाग स्तर पर चर्चा की जाएगी। उन्होंने बताया कि अरावली क्षेत्र के ब्लॉकों व लो टनेज और लो ग्रेड वाले ब्लॉकों की नीलामी के कार्य में तेजी लाने को कहा।




**प्रमुख शासन सचिव माइंस, जियोलोजी एवं पेट्रोलियम टी. रविकान्त ने ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की 8वीं बैठक की अध्यक्षता की।**

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने प्रदेश में राज्य सरकार के माइंस व जियोलोजी विभाग, आरएसएमईटी और केन्द्र सरकार के जीएसआई, एमईसीएल, आईएमडी आदि संस्थाओं के परस्पर समन्वय व सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि परस्पर समन्वय से बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं और मेजर मिनरल्स की खोज, ब्लॉक तैयार करने और नीलामी में देश में अग्रणी प्रदेश बनना संभव हो पाया है।

निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि भूकिया गोल्ड ब्लॉक की एमएल और डेगुचा गोल्ड ब्लॉक सीएल सहित लाइमस्टोन, बेस मेटल आदि के 18 ब्लॉकों की नीलामी की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि 13 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया जारी है।

केन्द्रीय खान मंत्रालय के निदेशक तकनीकी वाईएस भांभू ने कहा कि माइनिंग सेक्टर में राजस्थान में बेहतर कार्य हो रहा है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार द्वारा चाहा गया अपेक्षित सहयोग उपलब्ध कराया जाएगा। जियोलोजिकल सर्वे ऑफ इण्डिया के उपमहाप्रबंधक श्री

- **18 ब्लॉकों की सफल नीलामी, 13 ब्लॉकों की नीलामी प्रक्रिया शुरु हो चुकी**
- **लो टनेज, लो ग्रेड ब्लॉकों के फर्दर एक्सप्लोरेशन की संभावना तलाशी जाएगी**

अनिंध्य भट्टाचार्य ने लाडी का बास सीकर में जी 3 स्तर और बांसवाडा के डुकवारा साउथ में जी 3 स्तर के एक्सप्लोरेशन को आगे बढ़ाने में वन विभाग से अनुमति अपेक्षित है। जीएसआई के निदेशक और जेड्‌ब्लूजी के सदस्य सचिव श्री हरीश मिस्त्री ने विस्तार से राज्य की एक्सप्लोरेशन गतिविधियों व जीआर-जीएम की जानकारी दी। एमईसीएल के आशीष सिंह और आईबीएम के दिलीप जैन ने भी एक्सप्लोरेशन गतिविधियों की जानकारी दी। ज्वाइंट वर्किंग ग्रुप की बैठक में एडीजी एसएन डोडिया, आलोक प्रकाश जैन, एसजी नितिन चौधरी, सुनील कुमार वर्मा, राजकुमार मीणा, सुशील हुडा, विभाग, जीएसआई, एमईसीएल, आईबीएम सहित संबंधित संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने हिस्सा लिया।


कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2024/4064 दिनांक-19/12/2024
"सार्वजनिक आपत्ति सूचना"
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मोहम्मद रफीक पुत्र शमशाद हुसैन भवन संख्या 3546/26 कल्याण जी का रास्ता चौकड़ी तोपखाना देश जयपुर का 69-क के तहत आवेदन पेश कर आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का स्वयं के क्षेत्रफल 53.96 वर्गमीटर का पट्टा चाहा है। उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

कार्यालय उपायुक्त किशनपोल जोन नगर निगम जयपुर
सोफिया स्कूल के सामने घाटगेट जयपुर पिन कोड 302003
क्रमांक-F-52/DC/KPZ/2024/4063 दिनांक-19/12/2024
"सार्वजनिक आपत्ति सूचना"
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती नूर जहाँ पत्नि शहजाद हुसैन भवन संख्या 3546/26 कल्याण जी का रास्ता चौकड़ी तोपखाना देश जयपुर का 69-क के तहत आवेदन पेश कर आवेदन पत्र के साथ स्वामित्व से संबंधित दस्तावेजो की फोटो प्रतियां प्रस्तुत कर उक्त सम्पति का स्वयं के क्षेत्रफल 114.09 वर्गमीटर का पट्टा चाहा है। उक्त मकान के संबंध में किसी व्यक्ति सरकारी / गैर सरकारी संस्था या अन्य किसी को कोई आपत्ति हो तो 07 दिवस में अधोहस्ताक्षरकर्ता को सूचित करे। बाद मियाद गुजरने के आवेदन का नियमानुसार निस्तारण कर दिया जावेगा।
उपायुक्त, किशनपोल जोन, नगर निगम जयपुर (हैरिटेज)

उद्घोषणा (इश्तिहार) न्यायालय (राज.)
व्यवहार मिश्रित (मुत्तफरिक) वाद सं. 3001/24
विषय- उत्तराधिकार प्रमाण-पत्र प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन प्राप्त करने हेतु प्रार्थना-पत्र।
प्रार्थी नाम श्री अभिमन्यु पुत्र स्व. भूपेन्द्र कुमार मीणा जाति मीणा
विवाद स्थान ग्राम देवकिशनपुरा तहसील चाकसू जयपुर
मृतक स्व. श्री भूपेन्द्र कुमार मीणा की सम्पत्ति के विषय में।
पेशी दिनांक- 08.01.2025
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त प्रार्थी/प्रार्थीगण ने इस न्यायालय में इस आशय का प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है कि मृतक, नाम स्व. भूपेन्द्र कुमार मीणा पुत्र अर्जुन लाल मीणा जाति मीणा देवकिशनपुरा तहसील चाकसू जयपुर का उत्तराधिकारी स्वीकार कर उसके पक्ष में उत्तराधिकार प्रमाण पत्र, प्रोबेट, लेटर ऑफ एडमिनिस्ट्रेशन, प्रदान किया जावें।
अतः उक्त प्रार्थना-पत्र की स्वीकृति में यदि किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वह इस न्यायालय में दिनांक 08 माह 01 सन् 2025 को न्यायालय में उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रमाण सहित प्रस्तुत करें। उक्त दिवस के पश्चात् कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।
आज दिनांक 19 माह 12 सन् 2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुद्रांकन से जारी किया गया।
मोहर अदालत
आज्ञा से-रीडर
अपर जिला एवं सैशन न्यायाधीश संख्या-11, जयपुर महानगर मुख्यालय सांगानेर

# उस्मानिया यूनिवर्सिटी के छात्रों ने अल्लू अर्जुन के घर में तोड़फोड़ की

## पुलिस ने जबरन घुसने व तोड़फोड़ के आरोप में 8 लोगों को गिरफ्तार किया

■ **छात्र, भगदड़ में मारी गई महिला को एक करोड़ रूपये मुआवजा की मांग कर रहे थे। अल्लू अर्जुन पहले ही मृतक महिला के परिवार को 25 लाख रूपये देने की घोषणा कर चुके हैं। घायलों का इलाज भी वे अपने खर्चे पर करवा रहे हैं।**

हैदराबाद, 22 दिसम्बर। एक्टर अल्लू अर्जुन के हैदराबाद स्थित घर के बाहर उस्मानिया यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स ने तोड़फोड़ की है। इस मामले में पुलिस ने 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। ये लोग एक्टर के घर में जबरन घुसने की कोशिश कर रहे थे। छात्रों ने पुष्पा-2 के प्रीमियर के दौरान संध्या थिएटर में मची भगदड़ में मारी गई महिला के परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की।

इस घटना के कुछ समय पहले ही अल्लू अर्जुन ने पोस्ट किया था- मैं अपने सभी फैन्स से अपील करता हूं कि वे हमेशा की तरह जिम्मेदारी से अपनी भावनाएं व्यक्त करें। ऑनलाइन और ऑफलाइन किसी भी प्रकार की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल न करें, ना ही किसी से गलत व्यवहार करें।

एक्टर पहले ही मृतक रेवती के परिवार को 25 लाख रुपए देने की बात कह चुके हैं। साथ ही घायलों का इलाज भी अपने खर्च पर करा रहे हैं।

जुबली हिल्स पुलिस ने घटना के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि उस्मानिया विश्वविद्यालय संयुक्त कार्रवाई समिति (ओयू-जेएसी) के छह सदस्यों ने अभिनेता अल्लू अर्जुन के आवास पर पथराव किया। हालांकि, हमें अल्लू अर्जुन के परिवार से कोई शिकायत नहीं मिली है।

ज्ञातव्य है कि, 4 दिसंबर को हैदराबाद के संध्या थिएटर में पुष्पा 2 के प्रीमियर के दौरान भगदड़ मच गई थी। जिसमें एक महिला की मौत हो गई थी और उसके बेटे को आईसीयू में भर्ती कराना पड़ा था। इस मामले पर अल्लू अर्जुन ने एक वीडियो जारी कर दुख जताया और कहा कि कानूनी सलाह के कारण वह पीड़ित परिवार से मिलने नहीं जा सके, लेकिन उन्होंने पीड़ित का ख्याल रखने का वादा किया है।

वहीं इस भगदड़ मामले में 13 दिसंबर को अल्लू अर्जुन की गिरफ्तारी के बाद निचली अदालत ने उन्हें 14 दिनों की न्यायिक हिरासत में भेजने का फैसला सुनाया, जिसके तुरंत बाद तेलंगाना हाई कोर्ट ने अल्लू को 4 हफ्ते की अंतरिम जमानत पर रिहा कर दिया। एक्टर के पिता अल्लू अरविंद और पुष्पा 2 के डायरेक्टर सुकुमार दोनों ने पिछले हफ्ते पीड़ित बच्चे से मुलाकात की है।

## मायावती ने कांग्रेस-भाजपा को एक ही थैली का चट्टा-बट्टा बताया

लखनऊ, 22 दिसम्बर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर पर दिए बयान को लेकर घमासान मचा हुआ है। बाबा साहेब को लेकर कांग्रेस और भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस बीच, अब बहुजन समाज पार्टी अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने इस मुद्दे पर कांग्रेस और भाजपा को एक ही थैली का चट्टा-बट्टा बताया है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब का नाम लेकर वोट बैंक की राजनीति करने वाले दल केवल उनकी उपेक्षा करते हैं, जबकि बसपा सरकार के दौरान ही बहुजन समाज में जन्मे महान संतों और महापुरुषों को सम्मान मिला। मायावती ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा, ''परमपूज्य बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के अमित शाह द्वारा संसद में किए गए अनादर को लेकर देश भर में लोगों में भारी आक्रोश है, लेकिन उनकी उपेक्षा व देशहित में उनके संघर्ष को हमेशा आघात पहुंचाने वाली कांग्रेस पार्टी का इसको लेकर उतावलापन विशुद्ध छलावा व स्वार्थ की राजनीति है।''

# 'वायनाड में साम्प्रदायिक मुस्लिम समर्थन से राहुल-प्रियंका जीते'

## सी.पी.आई. (एम.) पोलित ब्यूरो सदस्य ने वायनाड के बाथरी में पार्टी सम्मेलन में यह आरोप लगाया

■ **कांग्रेस ने कम्यूनिस्ट नेता ए. विजय राघवन के बयान को आधारहीन और पोलिटिकली मोटीवेटिड बताया।**

वायनाड, 22 दिसंबर। सी.पी.आई. (एम.) पोलित ब्यूरो के सदस्य ए विजयराघवन ने कहा, राहुल और प्रियंका गांधी की वायनाड जीत के पीछे सांप्रदायिक मुस्लिम गठबंधन था। उन्होंने सवाल उठाया कि क्या सांप्रदायिक मुस्लिम गठबंधन के मजबूत समर्थन के बिना राहुल गांधी जीत सकते थे? उन्होंने कहा, वायनाड से दो व्यक्ति राहुल और प्रियंका संसद में गए गए हैं, किसके समर्थन से? वे सांप्रदायिक मुस्लिम गठबंधन के मजबूत समर्थन से जीते। उनके समर्थन के बिना क्या राहुल गांधी का दिल्ली पहुंचना संभव था। आज वे विपक्ष के नेता हैं।

विजयराघवन ने कहा, प्रियंका गांधी की रैलियों में आगे और पीछे कौन लोग थे? ये चरमपंथी लोग थे, जो कांग्रेस लीडरशिप के साथ थे। विजयराघवन ने 21 दिसंबर को वायनाड के बाथरी पार्टी के सम्मेलन को संबोधित करते हुए ये उद्गार व्यक्त किए।

विजयराघवन की टिप्पणी पर कांग्रेस नेता के.सी. वेणुगोपाल ने पलटवार में कहा, जब अमित शाह ने अंबेडकर का अपमान किया, तो सबसे पहले पिनाराई विजयन को इस पर प्रतिक्रिया देनी चाहिए थी, लेकिन उनकी पार्टी के पोलित ब्यूरो के सदस्य इस तरह का बयान दे रहे हैं।

वायनाड लोकसभा के उपचुनाव के दौरान केरल के सीएम पिनाराई विजयन ने प्रियंका गांधी पर निशाना साधा था। उन्होंने दावा किया था कि प्रियंका गांधी जमात-ए-इस्लामी जैसे संगठन के समर्थन से वायनाड में चुनाव लड़ रही हैं। वामपंथी गठबंधन (एलडीएफ) ने भी कांग्रेस और जमात-ए-इस्लामी के बीच संबंधों पर सवाल उठाए थे। कांग्रेस ने विजयन के बयान को आधारहीन और पोलिटिकली मोटिवेटेड बताया था।

## मोदी को ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

प्रधानमंत्री ने कुवैत में दस लाख से अधिक भारतीय समुदाय की भलाई सुनिश्चित करने के लिए अमीर को धन्यवाद दिया। अमीर ने कुवैत के विकास में बड़े और जीवंत भारतीय समुदाय के योगदान की सराहना की।

मोदी ने अपने विजन 2035 को पूरा करने के लिए कुवैत द्वारा की जा रही नई पहल की सराहना की और इस महीने की शुरुआत में हुए खाड़ी सहयोग परिषद (जीसीसी) के शिखर सम्मेलन के सफल आयोजन के लिए अमीर को बधाई दी।

प्रधानमंत्री ने कल अरेबियन गल्फ कप फुटबाल टूर्नामेंट के उद्घाटन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में उन्हें आमंत्रित किए जाने के लिए भी आभार व्यक्त किया।

## 'वाम दलों ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

शासनों का रिपोर्ट कार्ड पेश करेंगे। उन्होंने दावा किया कि भाजपा का प्रदर्शन पिछले वाम दलों के शासन की तुलना में बहुत मजबूत होगा। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा, ''त्रिपुरा ने भाजपा को दो बार जनादेश दिया है।

तीसरी बार 2028 के विधानसभा चुनाव में मैं भाजपा के 10 साल के शासन का रिपोर्ट कार्ड लेकर आऊंगा और इसकी तुलना सीपीआई(एम) के 35 वर्षों के शासन से करूंगा।''

# एयरपोर्ट पर सस्ती चाय, पानी व स्नैक्स मिलेंगे

## हवाई यात्रियों को मंहगे सामान से बचाने के लिये ''उड़ान यात्री कैफे'' शुरु होंगे

■ **सबसे पहले कोलकाता एयरपोर्ट पर यह सुविधा शुरु होगी। बाद में इसे सभी एयरपोर्ट्स पर लागू किया जायेगा।**

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर। देश के सभी एयरपोर्ट्स पर महंगे खानपान का मुद्दा लंबे समय से यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना हुआ है। संसद के इसी शीतकालीन सत्र में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद राघव चड्ढा ने इस मुद्दे को पुरजोर तरीके से उठाते हुए एयरपोर्ट्स पर महंगे दामों पर मिलने वाले पानी, चाय और स्नैक्स की समस्या को उजागर किया था। उनके इस प्रयास का नतीजा ये हुआ कि अब सरकार ने इस मुद्दे पर संज्ञान लेते हुए ''उड़ान यात्री कैफे'' शुरू करने की योजना बनाई है। इसकी शुरुआत कोलकाता एयरपोर्ट से की जाएगी, जहां सस्ती दरों पर खानपान उपलब्ध कराया जाएगा।

केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने घोषणा की है कि ''उड़ान यात्री कैफे'' की शुरुआत कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से की जाएगी। हालांकि यह एक पायलट प्रोजेक्ट होगा, जिसे बाद में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के अन्य हवाई अड्डों पर भी लागू किया जाएगा। इस कैफे में पानी की बोतल, चाय, कॉफी और स्नैक्स वाजिब दामों पर उपलब्ध होंगे, जिससे यात्रियों को राहत मिलेगी।

सांसद राघव चड्ढा ने खुशी जाहिर करते हुए इसे एक सकारात्मक कदम बताया। उन्होंने कहा, ''आखिरकार सरकार ने आम जनता की पुकार सुन ली। भले ही शुरुआत कोलकाता एयरपोर्ट से हुई है, लेकिन उम्मीद है कि इसे जल्द ही देश के बाकी एयरपोर्ट्स पर भी लागू किया जाएगा। जिसके बाद हवाई यात्रा करने वाले हमारे देश के नागरिकों को एयरपोर्ट्स पर पानी, चाय या कॉफी के लिए 100-250 रुपये तक खर्च नहीं करने पड़ेंगे।''

एयरपोर्ट्स पर महंगे खानपान का मुद्दा उठाते हुए सांसद राघव चड्ढा ने संसद में कहा था, ''एयरपोर्ट्स पर पानी की बोतल 100 रुपये की मिल रही है। एक कप चाय के लिए भी 200-250 रुपये खर्च करने पड़ते हैं। क्या सरकार एयरपोर्ट्स पर सस्ते और उचित मूल्य की कैंटीन शुरू नहीं कर सकती?'' उन्होंने कहा था, ''हमारे एयरपोर्ट्स की हालत अब बस अड्डों से भी बदतर हो गई है। लंबी कतारें, भीड़भाड़ और अव्यवस्थित प्रबंधन के कारण यात्रियों को अपनी यात्रा की शुरुआत में ही निराशा होती है।''

# दिल्ली में अवैध बांग्लादेशियों को पकड़ने का अभियान शुरु

## एलजी के आदेश पर शुरु हुए अभियान में पुलिस ने 175 संदिग्ध बांग्लादेशियों को चिन्हित किया

■ **बिना वैध दस्तावेजों के दिल्ली में रहने वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या से चिन्तित प्रशासन ने यह कार्यवाही शुरु की है।**

नई दिल्ली, 22 दिसम्बर। देश की राजधानी दिल्ली में अवैध रूप से रहने वाले बांग्लादेशियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अभियान शुरू कर दिया है। अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के खिलाफ अपने सत्यापन अभियान के तहत दिल्ली पुलिस ने ऐसे 175 संदिग्ध लोगों की पहचान की है। अधिकारियों ने रविवार को इस बात की जानकारी दी है। पुलिस ने शनिवार को शाम 6 बजे से बाहरी दिल्ली क्षेत्र में 12 घंटे का सत्यापन अभियान चलाया था।

इस अभियान को लेकर दिल्ली पुलिस के एक अधिकारी ने कहा, पुलिस ने वैध दस्तावेजों के बिना रहने वाले व्यक्तियों की पहचान करने और उन्हें हिरासत में लेने के अपने प्रयास तेज कर दिए हैं। बाहरी दिल्ली में व्यापक सत्यापन अभियान के दौरान 175 व्यक्तियों की पहचान संदिग्ध अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों के रूप में की गई है।

दिल्ली पुलिस ने बीते 11 दिसंबर की तारीख से राजधानी में रह रहे अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पहचानने के लिए अभियान की शुरुआत की थी। इससे एक दिन पहले 10 दिसंबर को एलजी वीके सक्सेना के सचिवालय ने अवैध प्रवासियों पर कार्रवाई का आदेश जारी किया था। इसके बाद से ही पुलिस ने अवैध बांग्लादेशी प्रवासियों को पकड़ने का अभियान शुरू किया है।

दिल्ली पुलिस के मुताबिक, बिना दस्तावेज वाले प्रवासियों की बढ़ती संख्या से चिंता बढ़ती जा रही है। बाहरी जिला पुलिस ने अपने अधिकार में आने वाले विभिन्न क्षेत्रों में कार्रवाई शुरू की है। पुलिस के मुताबिक, स्थानीय थानों, जिला विदेशी प्रकोष्ठों और विशेष इकाइयों के कर्मियों समेत विशेष टीम को घर-घर जाकर जांच करने और संदिग्ध अवैध प्रवासियों के बारे में खुफिया जानकारी इकट्ठा करने का निर्देश दिया गया है।

## राहुल गाँधी आज हिंसा प्रभावित परभणी जायेंगे

नई दिल्ली, 22 दिसंबर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सोमवार को महाराष्ट्र के परभणी शहर का दौरा करेंगे। इस दौरान वे इस महीने की शुरुआत में हुई हिंसा में मारे गए दो लोगों के परिवारों से मुलाकात करेंगे। हालांकि राहुल गांधी के इस दौरे को भाजपा ने ''नाटक'' करार दिया है। ज्ञातव्य है कि, 10 दिसंबर की शाम को मराठवाड़ा क्षेत्र में स्थित इस शहर के रेलवे स्टेशन के बाहर डॉ. बाबासाहेब की प्रतिमा के पास संविधान की कांच से बनी प्रतिकृति को क्षतिग्रस्त कर दिया गया था। जिसके बाद परभणी में हिंसा भड़क उठी थी।

■ **अंबेडकर की प्रतिमा के पास बनी संविधान की काँच की प्रतिकृति के क्षतिग्रस्त होने के बाद मराठवाड़ा के इस शहर में हिंसा भड़क गई थी, जिसमें दो लोगों की मौत हुई थी।**

## ट्रम्प अमेरिकी सरकार...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

की सीमा बढ़ाने पर ज्यादा चिंता नहीं करनी चाहिए और राष्ट्रपति को अपना एजेंडा आगे बढ़ाने तथा धन प्राप्त करने की फिक्र से मुक्त होना चाहिए।

बिल पारित नहीं होगा, ऐसी ही उम्मीद थी, क्योंकि नए राष्ट्रपति के प्रधान सलाहकार एलन मस्क ने एक के बाद एक 92 ट्वीट किये थे इसके खिलाफ। वरना हाउस स्पीकर जॉनसन ने सरकारी खर्च के लिए रुटीन बिल पारित करने हेतु एक डील भी तैयार कर ली थी।

एलन मस्क ने अपनी ट्वीटस में कहा था कि जॉनसन का व्यय विधेयक एक अपराधिक डील है। कर्ज पर सीमा के प्रावधान को पूरी तरह हटा दिया जाना चाहिए। उन्होंने समझौता फॉर्मूला की खिल्ली उड़ाई और कहा कि जॉनसन ने डैमोक्रेटिक पार्टी और रिपब्लिकन पार्टी के बड़े नेताओं की मिलीभगत से डील तैयार की है एलन मस्क के ट्वीटस का ट्रम्प ने समर्थन किया और बिल रोक दिया। रिपब्लिकन पार्टी के अधिकांश नेता ट्रम्प और मस्क की इस जिद के खिलाफ हैं कि कर्ज की सीमा हटाई जानी चाहिए।

तकनीकी पक्ष छोड़ दें तो ये घटनाएं संवैधानिक संकट का इशारा कर रही है और एक निजी व्यक्ति की तर्क रहित संविधान से भी परे शक्तियों को उजागर कर रही है। रिपब्लिकन पार्टी के वरिष्ठ विधायकों ने इसका विरोध किया है। उन्होंने इसके खिलाफ बगावत शुरु कर दी है। विधायकों ने कहा खर्च को पूरा करने के लिए कर्ज की सीमा बढ़ाना विधायी विशेषाधिकार है और दोनों दलों के विधायकों को सलाह मशविरे के बाद इसकी मंजूरी दी जाती है। ये अधिकार किसी गैर निर्वाचित बाहरी व्यक्ति को नहीं दिए जा सकते है। मस्क के ट्वीट्स के बाद यही हो रहा है। इसी बीच, टैसला के कुछ शेयर धारकों ने भी विरोध जताना शुरु कर दिया है कि कम्पनी का सी.ई.ओ. कम्पनी पर ध्यान नहीं दे रहा और दूसरे काम कर रहा है।

दूसरी ओर रिपब्लिकन विधायकों का कहना है कि या तो मस्क बाहर ही रहें, या फिर जॉनसन की जगह स्पीकर बन जाएं।

## छत्तीसगढ़...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

कर दी गयी है। इनोवा कार महासमुंद जिले के आरटीओ की है और अंकित नंद के नाम पर रजिस्टर्ड है। गाड़ी की तलाशी लेने पर उसमें छह बोरी में कुल 151 किग्रा गांजा पाया गया।

## लुधियाना, ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

गुरप्रीत गोगी की पत्नी भी चुनाव हार गईं हैं। जालंधर में आम आदमी पार्टी ने जीत दर्ज की है और यहां आपका मेयर बनना तय हो गया है। जालंधर में कांग्रेस छोड़ आम आदमी पार्टी में शामिल हुए पूर्व मेयर जगदीश राजा और उनकी पत्नी चुनाव हार गई हैं। यहां 48 नंबर वार्ड में निर्दलीय शिवनाथ शिब्बू मात्र एक वोट से हार गए। आम आदमी पार्टी से टिकट नहीं मिलने से आज़ाद निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे। वहीं आम आदमी पार्टी के हरजिंदर सिंह को जीत मिली है।

अमृतसर में पिता और कांग्रेस के उम्मीदवार, वार्ड नंबर 14 से राज कंवल लक्की और वार्ड नंबर 9 से उनकी बेटी डॉक्टर शोभित कौर ने जीत दर्ज की है। कांग्रेस के उम्मीदवार पिता और बेटी की जीत से समर्थकों में उत्साह देखा गया और उन्होंने जश्न मनाया।

**फगवाड़ा:**-12 पर आम आदमी पार्टी, कांग्रेस को 22, भाजपा को 5, अकाली दल को 2, बसपा 1 और निर्दलीयों को 3 वार्डों में जीत मिली है।

**लुधियाना:**-कांग्रेस को 30, आम आदमी पार्टी को 41, भाजपा को 19, अकाली दल को 2 और 3 वार्डों में आजाद उम्मीदवार जीते हैं।

**पटियाला:**-आम आदमी पार्टी को 45 सीटें, भाजपा को 4, कांग्रेस और अकाली दल को 2-2 वार्डों में जीत मिली है।पटियाला के 7 वार्डों में चुनाव नहीं हुए।




# सुप्रीम कोर्ट ने गहलोत के नज़दीकी ...

**(प्रथम पृष्ठ का शेष)**

को शिकायती पत्र लिखकर इन दोनों कंपनियों को भंडारण निगम में ठेका देने की आड़ में करीब 150 करोड़ रु. का घोटाला बताया था। किरोड़ीलाल मीणा के आरोप थे कि, कल्पतरू समूह से जुड़ी यह दोनों कंपनियां श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कोमोडिटीज़ पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की करीबी हैं। इन कंपनियों को ठेका देने के लिए राज्य भंडारण निगम के तत्कालीन अफसरों ने कई तरह के नियम-कायदों का उल्लंघन किया और इन कंपनियों को अवांछित फायदा पहुंचाया। ठेका लेने के बाद इन कंपनियों ने भी करीब 150 करोड़ रु. का घोटाला किया। साथ ही आमजन को वितरित किए जाने वाली खाद्य सामग्री जिसकी कीमत करीब 3000 करोड़ रु. थी, को गोदामों में बिना किसी बीमा के स्टोर करके बीमा की राशि तो जरुर बचायी पर 3000 करोड़ रुपए की खाद्य सामग्री की रख-रखाव की व्यवस्था ना करके खाद्य सामग्री को जोखिम में डाला।

मंत्री किरोड़ीलाल मीणा के इस पत्र के बाद भंडारण निगम ने प्रतिनियुक्ति पर लगे हुए अपने कई अफसरों को हटाया और इस प्रकरण में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (ए.सी.बी.) में भी परिवाद दर्ज कराया। ए.सी.बी. इस मामले में पिछले 3-4 माह से सिर्फ प्राथमिकी दर्ज किए बैठे हैं, एफ.आई.आर. आज तक दर्ज नहीं की गई।

उल्लेखनीय है कि, श्री शुभम लॉजिस्टिक व ऑरिगो कॉमोडीटिज़ तथा राज्य भंडारण निगम के बीच का विवाद ''आर्बिटेशन'' में लंबित है, जहां एक तरफ शुभम लॉजिस्टिक करीब 70 करोड़ रु. का भुगतान मांग रही है, वहीं दूसरी ओर अनुबंध की शर्तों के उल्लंघन और सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने की एवज में भंडारण निगम ने इस कंपनी पर 202 करोड़ रु. क्लेम का दावा ठोक रखा है।

इस प्रकरण में ''आर्बिट्रेटर'' ने बड़े ही विवादित तरीके से पर श्री शुभम लॉजिस्टिक के पक्ष में 50 प्रतिशत आंशिक राशि के भुगतान के आदेश दिए थे, जिसे भंडारण निगम ने कामर्शियल कोर्ट में चुनौती दी। जहां से भंडारण निगम को आंशिक राहत देते हुए 25 प्रतिशत भुगतान इस कंपनी को करने का फैसला सुनाया गया था। इस आदेश को श्री शुभम लॉजिस्टिक ने सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देते हुए भंडारण निगम से 15 करोड़ रु. का आंशिक भुगतान दिलाने और करीब 2 करोड़ रु. प्रतिमाह भुगतान करवाने की गुहार लगाई थी।

हैरानी की बात है कि भंडारण निगम और राज्य सरकार का पक्ष मजबूत होने के बावजूद भी ए.ए.जी. शिव मंगल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र के साथ आश्वासन दिया कि भंडारण निगम 25 प्रतिशत तक भुगतान बिना शर्त इस कंपनी को कर देगा। इसकी एवज में भंडारण निगम को 8 करोड़ रु. इस कंपनी को देने पड़े हैं। ताज्जुब की बात है कि मंत्री किरोड़ीलाल के मई-2024 के पत्र और उसके साथ पेश की गई सी.ए.जी. रिपोर्ट में इन दोनों कंपनियों द्वारा अनुबंध की शर्तों का उल्लंघन करते हुए 150 करोड़ रु. के घोटाले का आरोप लगाया था। इसके बावजूद ए.ए.जी. शिवमंगल शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में आंशिक भुगतान की अंडरटैकिंग दे दी थी।

इससे भी ज्यादा ताज्जुब की बात है कि, श्री शुभम लॉजिस्टिक ने 8 करोड़ रु. का आंशिक भुगतान प्राप्त करने के बाद भी अनुबंध की शर्तों की पालना करने के बजाय उल्टा भंडारण निगम के खिलाफ ही सुप्रीम कोर्ट में अवमानना याचिका दायर की थी। जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने इस कंपनी की याचिका खारिज करते हुए भंडारण निगम को अब, एक पैसा भी श्री शुभम लॉजिस्टिक को बतौर आंशिक भुगतान देने की कोई आवश्यकता नहीं है। इस कंपनी को भंडारण निगम से भुगतान की राशि प्राप्त करने के लिए बकाया बैंक गारंटी भी देनी होगी और अनुबंध की अन्य शर्तों को भी पूरा करना पड़ेगा।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादकः- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालयः-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालयः-कुम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्सः 0151-2527371 उदयपुर कार्यालयः-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोनः 2413092, 2418945, फैक्सः 0294-2410146 अजमेर कार्यालयः-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोनः 2627612, फैक्सः0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोनः 226422, 226423, फैक्सः 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोनः 230200, 230400, फैक्सः 07469-230600 चूरू कार्यालयः एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोनः 256906, 256907, फैक्सः01562-256908